ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन कृष्ण पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 30 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 237 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर 'अनरियल' है ... पेज 12 पर

गागर में सागर

लूट और हत्या के प्रयास के मामले में विधायक प्रदीप यादव समेत 11 बरी

दुमका। अदाणी पावर प्लांट के विरोध में धरना देने, एक रैयत के साथ मारपीट, हत्या का प्रयास और दुकान में लूटपाट के आरोपी कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत 11 को अदालत ने शुक्रवार को बरी कर दिया। तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण प्रसाद की अदालत ने साक्ष्य के अभाव और छह गवाह के दर्ज बयान के आधार पर यह फैसला सुनाया। विधि सलाहकार पारस सिन्हा ने बताया कि 21 अप्रैल 17 को पोड़ैयाहाट थाना में मामला दर्ज कराया था। आरोप लगाया कि विधायक के इशारे पर उनके समर्थकों ने मना करने के बाद पावर प्लांट को जमीन देने पर मारपीट की। हालांकि जिस समय मारपीट की यह घटना हुई, उस समय विधायक धरना पर बैठे थे। उन्हें साजिश रचने का आरोपी बनाया गया था। अदालत ने किसी तरह का साक्ष्य नहीं होने पर सभी को रिहा कर दिया।

अवधेश गोलीकांड के आरोपी चितरंजन को पटना से रांची लाया गया, भेजा जेल

रांची। रांची के कांके थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से शुक्रवार को रांची लाया गया। इसके बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने चितरंजन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया।

झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को बुलाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जानकारी दी गई है कि दोपहर दो बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी कई अहम योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, पांच को होगी सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित अमित सिन्हा को शुक्रवार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा की बिंदू पर सुनवाई के लिए पांच अक्टूबर की तिथि तय की है। आरोपित अमित सिन्हा पंडरा के वृंदावन कॉलोनी रवि स्टील निवासी राजेश सिन्हा का पुत्र है। मामले में सहायक लोक अभियोजक श्याम चौधरी ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज करायी। मामला वर्ष 2018 का है।

पूर्व नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में फैसला आज

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पूर्व नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण से जुड़े आठ वर्ष पुराने मामले में 30 सितम्बर को फैसला आयेगा। इस मामले में रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड हाइ कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ तीन जुलाई 2018 को अदालत ने आरोप का गठन किया था।

अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में गवाही पूरी, सुनवाई 16 को

रांची। अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह की गवाही पूरी हो गयी। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अक्टूबर को निर्धारित की गयी है। इस दिन अमीषा पटेल को हाजिर होना है। इस दौरान अमीषा का बयान दर्ज होगा। इसके बाद मामले में आगे की कार्यवाही होगी।

विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई 3 अक्टूबर को

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील की आंशिक सुनवाई शुक्रवार को हुई। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट कर रही है लेकिन यह रेगुलर बेंच शुक्रवार को अवेलेबल नहीं थी, जिस कारण हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई तीन अक्टूबर निर्धारित की है।

राज्यपाल-सीएम ने कोबरा बटालियन के शहीद हुए जवान को दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को सेक्टर-2 धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में बलिदान हुए सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत हुए शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को नक्सल से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल मुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। नक्सल मुक्त अभियान का मिशन जरूर कामयाब होगा। हम सभी को पुलिस जवानों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवान राजेश कुमार के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिजनों को इस दुःख एवं विकट परिस्थिति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जल्द ही लाया जाएगा बड़ा प्लान : राज्यपाल

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जल्द ही एक बड़ा प्लान लाया जाएगा। हमें यकीन है जल्द ही झारखंड से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। राज्यपाल ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वे लगातार एक-दूसरे से इस बारे में सलाह-मशविरा कर रहे हैं। झारखंड के कई इलाके नक्सलियों के गढ़ माने जाते हैं। आज भी गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, गढ़वा, गुमला, खूंटी, पश्चिमी सिहभूम, पूर्वी सिंहभूम जिलों समेत राज्य के सीमांत क्षेत्रों में नक्सलियों का खौफ बना रहता है। हालांकि, पहले की तुलना में झारखंड में अब नक्सलवाद काफी कम हुआ है लेकिन इसे खत्म नहीं किया जा सका है। राज्य के इन इलाकों को नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए केंद्र और राज्य की सरकारें कई सालों से प्रयासरत रही हैं। वर्तमान की हेमंत सोरेन भी इस दिशा में काफी काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सरकार राज्य के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो झारखंड में नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ पहुंचे। झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त करने और नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हेमंत सरकार आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति लेकर आई। कई दुर्दांत नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया।

सीएम ने अधिकारियों के साथ मानव तस्करी को लेकर की बैठक, बोले

ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर रोक लगाएं

ह्यूमन ट्रैफिकिंग के पुराने व लंबित मामलों की निरंतर समीक्षा करें

श्रमिकों के हित के लिए बेहतर कार्य योजना बनाएं

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) राज्य में एक गंभीर समस्या बन रहा है। इसके रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग, एनजीओ तथा सामाजिक संस्थाओं को बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव तस्करी जैसे कार्यों में अनेक आपराधिक तत्व इस संगठित अपराध में लिप्त रहते हैं, ऐसे तत्वों की धर-पकड़ के साथ-साथ आम जनता को भी इस दिशा में सजग और सावधान बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि झारखंड के चौबीसों जिलों में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनायी जाए, जहां एसटी-एससी थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, साइबर थाना एवं महिला थाना 24X7 कार्यरत हो सके। संबंधित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री 47 सहायक अभियंताओं को 3 अक्टूबर को देंगे नियुक्ति पत्र

सीएम 3 अक्टूबर को नगर विकास विभाग के 47 सहायक अभियंताओं को प्रोजेक्ट भवन सभागार में नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इनमें में सहायक अभि यंता असैनिक के 32 अभ्यर्थी हैं, वहीं सहायक अभि यंता यांत्रिक से नौ और सहायक अभियंता विद्युत के पद के लिए छह अभि यंताओं को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। नगर विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी सहायक अभि यंताओं की नियुक्ति सहायक अभि यंता असैनिक, यांत्रिक, सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा विज्ञापन संख्या 2018 के माध्यम से ही थी।

रांची में व्यापारी से लूट का खुलासा, 6 गिरफ्तार

20.10 लाख, एक कार, 15 बाइक और दो स्कूटी सहित अन्य सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शहर की डेली मार्केट थाना पुलिस ने 35 लाख के लूटकांड का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें श्याम सुंदर जालान, धीरज जलान, हर्ष गुप्ता उर्फ निशु गुप्ता, सचित साहू उर्फ डीके, अरुण कुमार भुईंया और सुनील कुमार महतो शामिल हैं। इनके पास से लूट का 20 लाख 10 हजार रुपये, एक कार, 15 बाइक, दो स्कूटी, छह मोबाइल, चार बैंक बाउचर और दो वॉकी-टॉकी बरामद किया गया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 11 सितम्बर को एक व्यापारी ने डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह डेली मार्केट मेन रोड एसबीआई बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। इस बीच बड़ा तालाब के पारा शौचालय के पास के गली में उनका पैसों से भरे बैग को अज्ञात अपराधी लूटकर फरार हो गये। लूटे गये रुपये 35 लाख बताया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार धीरज जालान पर रांची में 23 और रामगढ़ के मांडू में एक कुल 24 मामले दर्ज हैं। सिटी एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में प्रदीप मिंज, आदित्य ठाकुर, अनिल कुमार पंडित, सुमन टुडू, सरोज प्रसाद मेहता, शाह फैसल, प्रवेश कुमार पासवान, अजमत अंसारी, एसएसपी की क्यूआरटी टीम सहित अन्य शामिल थे।

पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर करें पुनर्विचार : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में रांची यूनिवर्सिटी के तहत अंगीकृत किए गए विभिन्न कॉलेज के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों द्वारा पंचम एवं छठा वेतनमान देने के मामले में तेतरा उरांव एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उन पर कड़ी नाराजगी जताते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

हाईकोर्ट ने रांची-जमशेदपुर में 45 दिनों में रिक्त पदों को भरने का दिया निर्देश

झारखंड हाईकोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है।

टीशर्ट और टॉफी बांटने के मामले में हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर 3.50 करोड़ की टीशर्ट और 33 लाख रुपये के टॉफी के वितरण से जुड़े मामले की जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। यह मामला राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल का है। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार ने हाईकोर्ट में एक पीआईएल दाखिल कर टीशर्ट एवं टॉफी वितरण के नाम पर भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की मांग की है।

सीखने की ललक और कृषि में रुचि से सुनीता को मिली पहचान

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

सीखने की न कोई उम्र होती है और न ही ज्ञान का अंत होता है। हम जितना ज्ञान अर्जित करेंगे, उतना ही आगे बढ़ेंगे। सीखने से ही विकास का द्वार खुलता है। यह कहना है कर्रा प्रखंड के घासीबारी गांव की जागरूक महिला किसान सुनीता बारला का। आज वह महिला किसानों के लिए आईकॉन बन चुकी है।सुनीता का परिवार कृषि पर ही आश्रित है। परिवार द्वारा सिर्फ धान की ही खेती की जाती थी, वह भी परंपरागत तरीके से। इससे परिवार की माली हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। ऐसी

स्थिति में सुनीता ने कुछ करने की ठानी और 2017 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित आदिवासी सखी मंडल से जुड़ गयी। सुनीता बारला बताती है कि गांव की कृषक सखी के माध्यम से उसे जेएचआईएमडीआई परियोजना के तहत ड्रिप खेती की जानकारी प्राप्त हुई। इसके बाद उसने घासीबारी ग्राम संगठन के माध्यम से पंजीकरण कराया। निबंधन कराने के बाद उसे एमडीआई सिस्टम मिल गयी। इसकी सहायता से सुनीता ने पहली बार टमाटर और दूसरी बार मिर्च की खेती की। बाद में सुनीता ने लोधमा सीएलएफ में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे बारला को उन्नत कृषि की जानकारी मिली।

जानकारी मिलने के बाद सुनीता ने अप्रैल में फसल योजना तैयार करते हुए पत्तागोभी की खेती की शुरूआत की। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

स्वास्थ्य प्रणालियों को साइबर खतरों से बचाने के लिए आईआईएम का मॉडल

साइबर हमलों को रोकने में होगा कारगर

एजेंसी। नई दिल्ली

आईआईएम लखनऊ ने विश्व स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों को साइबर खतरों से बचाने के लिए एक मॉडल विकसित किया है। यह 'हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल' साइबर हमलों के जोखिमों का मूल्यांकन करता है। उन्हें कम करता है, जिससे रोगी के डेटा की सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के लिए डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित होती है।

डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड में सरकारी आईडी (आधार, मेडिकल हिस्ट्री, वित्त और बीमा, बैंक विवरण) जैसी संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी होती है। इसका उपयोग साइबर अपराधी पहचान की चोरी और धोखाधड़ी के लिए कर सकते हैं। दुर्भाग्य से, दुनिया भर में कई स्वास्थ्य सेवा संगठनों में साइबर सुरक्षा उपायों की कमी है, जिससे वे साइबर अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बन जाते हैं।

आईआईएम लखनऊ स्थित प्रोफेसर अरुणाभा मुखोपाध्याय के नेतृत्व में अनुसंधान दल ने यह प्रणाली विकसित की है। संस्थान का मानना है कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों में डेटा की बढ़ती जटिलता और संवेदनशीलता ने साइबर हमलों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। खासकर जबसे कोविड-19 महामारी के दौरान डिजिटल डेटा पर स्वास्थ्य क्षेत्र की निर्भरता बढ़ी है।

आईआईएम टीम का लक्ष्य उन कमजोर बिंदुओं से निपटना है, जिनका फायदा हैकर्स उठाते हैं। हेल्थकेयर साइबर जोखिम मूल्यांकन मॉडल का विवरण समझाते हुए, प्रोफेसर मुखोपाध्याय ने कहा, हमारे जोखिम मूल्यांकन और परिमाणीकरण मॉडल ने हमें 1788 अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा फर्मों को 'हीट मैट्रिक्स' पर समूहित करने में मदद की है जो साइबर हमले की संभावना और इसकी संभावित गंभीरता को दर्शाता है।

इससे हमें स्पष्ट तस्वीर मिलती है कि कंपनियां साइबर खतरों से निपटने के लिए कितनी तैयार हैं। हम जोखिमों से निपटने के लिए एक योजना भी प्रस्तावित करते हैं, जिसे मैट्रिक्स में फर्म की स्थिति के अनुसार अनुकूलित किया जाता है। मॉडल, जिसे भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तक बढ़ाया जा सकता है, की तीन मुख्य विशेषताएं हैं। सबसे पहला, यह साइबर हमलों के प्रति स्वास्थ्य सेवा संस्थान की भेद्यता का निर्धारण करने में स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के मुख्य सूचना अधिकारियों (सीआईओ) की सहायता करता है। दूसरा, यह साइबर हमलों की संभावित गंभीरता का आकलन करने के लिए सामूहिक जोखिम मॉडलिंग को नियोजित करता है। जो अस्पतालों को प्रभाव की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है। अंत में, यह इन साइबर हमलों को कम करने और रोकने के बारे में सिफारिशें प्रदान करता है।

आईआईएम का कहना है कि सिफारिशें तर्कसंगत विकल्प सिद्धांत और राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएसटी) द्वारा उल्लिखित मानकों से ली गई हैं। इनमें फायरवॉल और एंटीवायरस समाधान जैसे साइबर सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देना शामिल है। यह मॉडल हीट मैट्रिक्स के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

राष्ट्रपति मुर्मू ने दी महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी

नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना कानून

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को मंजूरी दे दी है। केन्द्र सरकार ने इस संबंध शुक्रवार को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया, जिसके बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में कानून बन गया है। अब इसके अधिनियम बन जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। हालांकि आरक्षण नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस विधेयक को संसद के विशेष सत्र में पेश किया गया था, जिसे 20 सितंबर को लंबी बहस के बाद लोकसभा ने 2 के मुकाबले 454 सांसदों की सहमति वाले बहुमत से पारित किया था। इसके बाद 21 सितंबर को यह विधेयक राज्यसभा में भी पास हो गया था। संसद में पास होने के बाद विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति के लिए भेजा जाता है। राष्ट्रपति की सहमति मिलने यानी उनके हस्ताक्षर करने के बाद ही विधेयक कानून में तब्दील होता है। महिला आरक्षण विधेयक को शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी सहमति दे दी। हालांकि यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

गागर में सागर

दस दिवसीय गणेशोत्सव के आयोजन को लेकर अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त

रांची। शहर के सुखदेव नगर क्षेत्र अंतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति की संस्थापक अध्यक्ष रानी कुमारी ने दस दिवसीय गणेश उत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति के सदस्यों एवं सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रदेश राजद के पूर्व अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव, भास्कर वर्मा, अनीता यादव, कमलेश यादव सहित काफी संख्या में गणमान्य शामिल हुए। रानी कुमारी द्वारा समारोह में आए हुए तमाम अतिथियों का स्वागत चुनरी ओढ़ा कर किया गया। समारोह के सफल आयोजन में धर्मेंद्र सिंह, सच्चिदानंद वर्मा, शिवनंदन पाठक, पूर्व पार्षद सुनीता देवी, भिखू साहू, सीमा राय, गुड़िया कुमार, मनोज कुमार, विजय कुमार सहित श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति के अन्य सदस्यगण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

20 दिनों से लापता मां बेटे का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

सिल्ली। सिल्ली थाना अंतर्गत गोराडीह गांव निवासी ताराचंद बेदिया की पत्नी आरती देवी 30 तथा उसके पुत्र हर्ष कुमार बेदिया 3 वर्ष पिछले 10 सितंबर से लापता है। वह अपने घर से सिल्ली बाजार जाने के नाम से घर से निकली थी। परंतु देर शाम वह घर वापस नहीं लौटी। ताराचंद बेदिया ने बताया कि अपने सगे संबंधी एवं रिश्तेदारों के घरों में भी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने इस संबंध में 13 सितंबर को सिल्ली थाने में एक सनहा दर्ज कराया है।

मेदनी गांव में हिंडाल्को ने किया वस्त्र वितरण

मुरी। हिंण्डालको सी एस आर विभाग द्वारा सिल्ली प्रखंड के मेदनी बरटोला में जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया । सीएसआर हेड अनिल सिंह ने लोगों को बताया कि आगे भी इसी तरह के स्वयं सहायता समूह एवं बच्चों के कई कार्यक्रम समय-समय पर किए जाएंगे। इस मौके पर भारत सिंह, सौरभ कुमार,हरे कृष्णा प्रमाणिक, सुनील वर्मा, ग्रामीणों एवं महिला समूह का सक्रिय योगदान रहा।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने विभिन्न पंचायतों का किया दौरा

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने पंचायत बंता उतरी एवं बंता दक्षिणी का दौरा कर तेजू सिंह मुंडा, रामू मोदक,राघव मुंडा, भारत कुम्हार, नारायण महतो, निताई माझी, लखी चित्रकार, अशरफ खां, चरण कोइरी, कृष्णा चित्रकार, सुदामा मुंडा, शिबू प्रजापति इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी का विस्तार हेतु चर्चा किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, कोषाध्यक्ष मो मंजूर मोमिन, उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव निताई महतो,बलराम महतो,तापस पोद्दार, कांग्रेस सिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, श्रीप्रसाद बड़ाइक,इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

झाप्रसे के 12 अधिकारियों की हुई पोस्टिंग

रांची। राज्य सरकार ने पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 12 पदाधिकारियों को तैनाती दी है। इस संबंध में शुक्रवार रात कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन अधिकारियों की इन पदों पर हुई पोस्टिंग : प्रेमलता मुर्मू उपसचिव श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग झारखंड, अनंत कुमार उपसचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, फिलबियुस बारला उपसचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, संतोष कुमार गर्ग उप सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, विजय कुमार उपसचिव वित्त विभाग, रोहित सिंह उपसचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, संतोष सिंह उप सचिव परिवहन विभाग, भागीरथ प्रसाद उप सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, दिनेश कुमार अपर निदेशक भू अर्जन एवं पुनर्वास स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना जमशेदपुर, संजीव कुमार उपसचिव ग्रामीण विकास विभाग, धीरेंद्र कुमार उपनिदेशक कल्याण, मनीष कुमार उपनिदेशक खेलकूद पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग।

आजसू का महाधिवेशन शुरू

आजसू शहीदों के सपनों को साकार करेगी : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी का शुक्रवार से मोरहाबादी में तीन दिवसीय महाधिवेशन उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल में शुरू हुआ। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन के कोख से जन्मा और झारखंड के सपूतों के शहादत एवं बलिदान से सिंचित आजसू पार्टी शहीदों के सपनों को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं, किसानों, मजदूरों, वंचितो और अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के आकांक्षाओं के लिए संघर्ष करने वाला एक राजनीतिक संगठन है। वर्ष 2000 से आजसू पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों के बुनियादी जरूरतो, सामाजिक सरोकारों आर्थिक उन्नति, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। महतो

मोराबादी मैदान स्थित बिरसा मुंडा परिसर में आजसू की तीन दिवसीय महाधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा है कि लंबे संघर्ष एवं रक्त रंजित आंदोलनो से गुजर कर हम सब ने अपने एक अलग झारखंड राज्य पाया। सन 2000 में झारखंड के जन्मोत्सव पर खूब जश्न मना ढोल और नगाड़ों की आवाज से जंगल-पहाड़ तक झूम उठे। सभी ने शहीदों को नमन किया। सभी के सहयोग से झारखंड को समृद्धि के फूलों से संवारने की हम सभी ने कसम खाई। झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम इस बात का आकलन करने का अवसर है कि अधिकार, स्वाभिमान एवं पहचान के लिए संघर्ष करते-करते हम खुद को कहां खड़े पाते हैं। यहां से आगे का रास्ता क्या है। झारखंड का जल, जमीन, जंगल एवं खनिज की लूट ने झारखंड निर्माण आंदोलन को जन्म दिया था। राज्य निर्माण के बाद बने सरकार की झारखंड आंदोलन के उद्देश्यों को पूरा करने में विफलता ने राज्य को फिर से एक क्रांति की चौखट पर लाकर खड़ा किया है। आगे का रास्ता बनाने के लिए अपने शहीदों को याद कर सर पर कफन बांध फिर से सड़क पर उतरने की नौबत बनती दिखती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक आर्थिक सामाजिक एवं अन्य ज्वलंत विषयों पर परिचर्चा कर झारखंड नवनिर्माण के लिए आगे का रास्ता तय करने के लिए गंभीर मंथन इस झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम में किया गया है। विषय विशेषज्ञ, बुद्धिजीवों, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता हैं एवं स्वयंसेवी संगठनों का प्रतिनिधित्व के ग्रहण मंथन से निकले वैचारिक एवं राजनीतिक रूढ़ों पर चलकर आजसू अगले पांच वर्षों में झारखंड आंदोलन के मूल उद्देश्यों को हासिल करने तथा झारखंड के सपनों को साकार करने का आजसू पार्टी का आज संकल्प लेती है। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया गया। महाधिवेशन के पहले दिन पार्टी के प्रधान महासचिव पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने पार्टी का प्रतिवेदन और केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने संविधान संशोधन पेश किया।

अभ्यास ही किसी व्यक्ति को निपुण बनाता है : नवीन जैन

रांची। हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक नवीन जैन ने कहा कि नियमित अभ्यास के बिना हिंदी भाषा का उपयोग करना आसान नहीं है। क्योंकि, अभ्यास ही किसी व्यक्ति को निपुण बनाता है। इसलिए किसी भी भाषा में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के श्रीनिवास मूर्ति ने विशेष रूप से हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा के महत्व और कार्यान्वयन के बारे में बताया। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए राजभाषा अनुभाग को बधाई दी। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में 14 सितंबर से शुक्रवार तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी राजभाषा और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रस्तुति, हिंदी टिप्पण, गृहिणियों और बच्चों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता जैसी का आयोजन किया गया।

बाबूलाल मरांडी ने बोकारो की संकल्प यात्रा में हेमंत सरकार को जमकर कोसा

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ बोकारो

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को बोकारो की संकल्प सभा में हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि राज्य में अपराध, भ्रष्टाचार का बोलबाला है। विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन चोरी, डकैती, अपहरण, फिरौती की घटनाएं हो रही। प्रतिदिन पांच हत्या और बलात्कार का रिकॉर्ड हेमंत सरकार के नाम दर्ज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व्यवसायी की हत्या के जिम्मेवार पुलिस पदाधिकारियों पर एसआईटी गठित कर जांच करें या सीबीआई जांच की अनुशंसा करें। हेमंत सरकार ऐसा नही करती तो 2024 में भाजपा सरकार जांच कराकर दोषियों को सजा दिलाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम है अपराधियों को पकड़ना, जेल में डालना लेकिन

आज पुलिस नदी किनारे बालू के ट्रैक्टर को पकड़ कर वसूली में लगी है। उन्होंने कहा कि राज्य में ब्लॉक, थाना, जिला प्रशासन में भ्रष्टाचार व्याप्त है। राशनकार्ड, आवासीय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पैसे लिए जा रहे। पदाधिकारी बोलते हैं देकर आए हैं तो लेंगे ही। राज्य में गरीबों की भूख से मौत हो रही और हेमंत सोरेन गरीबों का अनाज लूटकर अपनी तिजोरी भरने में लगे हैं। मुख्यमंत्री और उनका परिवार गरीबों और आदिवासियों की जमीन लूट रहे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होने वाले हैं लेकिन अभी तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। विधानसभा में भी हेमंत सोरेन ने झूठ बोला। आज विद्यालय में शिक्षक नहीं, अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं। राज्य में हजारों पद खाली हैं लेकिन हेमंत सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर बरगला रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को राज्य के विकास की चिंता नहीं। ये परिवार और पैसे की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य भाजपा नीत सरकार की देन है। अटल बिहारी बाजपेयी ने अलग राज्य दिया और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब, किसान मजदूर महिला युवा सभी वर्गों की चिंता कर रहे। संकल्प सभा में सांसद पीएन सिंह, विधायक बिरंची नारायण, भारत यादव, गणेश मिश्र, रोहित लाल सिंह, कुमार अमित सिंह आदि उपस्थित थे।

बाइक सवार दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

चटकपुर नवासोसो में ज्वेलरी की छिनतई कर हुए फरार

नवीन मेल संवाददाता। रातू

थाना क्षेत्र के चटकपुर नवासोसो में अपराधियों ने एक स्वर्णकार से ज्वेलर्स की छिनतई कर फरार हो गये। घटना गुरुवार की रात साढ़े सात बजे की है। जानकारी के मुताबिक न्यू मधुकमरोड के रहने वाले धनंजय कुमार सोनी का चटकपुर विश्वकर्मा चौक स्थित सीमा अलंकार ज्वेलर्स की दुकान है। रोजाना की तरह धनंजय शाम 7 बजे दुकान बंद कर एक बैग में ज्वेलर्स को डाल कर बाइक से घर के लिये निकले थे। इसके कुछ देर बाद ही एजेंट चोंक नवासोसो खटाल के पास एक बाइक में सवार दो अपराधियो ने पीछा कर धनंजय से बैग छिन्न चटकपुर की ओर फरार हो गये। छीना झपटी में धनंजय बाइक से नीचे गिर गया। वह उठ कर अपराधियो का पीछा भी किया परन्तु अपराधी गोली मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। बाइक से गिरने के कारण धनजंय के पैर व अन्य जगहों पर चोट आई है। बैग में छह ग्राम का सोने की चैन , नाक का किल व चांदी का पायल था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातु थाने में अपराधियों के खिलाफ भादवी की धारा 356,382 के तहत कांड संख्या 381 दर्ज कराया है।

ग्रामीणों ने डीलर पर लगाया राशन वितरण में अनियमितता का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी

अड़की प्रखंड अंतर्गत कुजियांबा गांव के सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को समाहरणालय पहुंचे और गांव में राशन दुकान का संचालन कर रहे गायत्री महिला समूह पर राशन वितरण में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त लोकेश मिश्र सहित जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने उक्त राशन डीलर पर व्यापक मात्रा में अनाज की कटौती कर कार्ड धारी ग्रामीणों के बीच कम मात्रा में राशन का वितरण करने, कई कार्डधारियों को राशन नहीं देने, डीलर के इन मनमानियों का विरोध करने वाले लाभुक कार्डधारियों के साथ गाली-गलौज करने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाते हुए राशन दुकान को हटाने और उसकी जगह में नये डीलर को नियुक्त करने की मांग की गई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम ने बताया कि ग्रामीणों के इस आरोप को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आरोपित राशन डीलर को शोकॉज जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं इस मामले की जांच करेंगे।

कॉमन सर्विस सेंटर व पंचायती राज विभाग में एमओयू

रांची। ग्राम पंचायतों को डिजिटल करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर एवं पंचायती राज विभाग के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की उपस्थिति में अधिकारियों ने मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किया। विभागीय मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि एमओयू के बाद ग्रामीणों को पंचायत भवन में ही डिजिटल केंद्र के माध्यम से सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण- पत्र, आम प्रमाण पत्र इत्यादि बनाया जा सकेगा। साथ ही बैंक कॉरेस्पॉन्डेंट के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं भी उपलब्ध कराईं जाएंगी। इन ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित होगा।इसके माध्यम से सारे डिजिटल कार्य ऑनलाइन हो सकेंगे। ग्रामीणों को इन कार्यों के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी होगी। उनका सारा कार्य ग्राम पंचायत से ही संभव हो पायेगा।

झामुमो और कांग्रेस ने भाजपा पर किया कटाक्ष, कहा

बाबूलाल, अर्जुन मुंडा व रघुवर दास को नगर निगम चुनाव लड़ने के लिए रहना चाहिए तैयार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की राजनीतिक गर्माहट झारखंड में भी दिख रहा है। केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा सांसदों को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने के फैसले पर तंज कसते हुए कोई इसे भाजपा की मध्य प्रदेश में निश्चित हार का डर बता रहा है तो कोई यह कहकर कटाक्ष कर रहा है कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास जैसे बड़े नेताओं को नगर निगम चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मध्य प्रदेश की विधानसभा सीटों के लिए 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में 07 सांसदों को उम्मीदवार बनाया है, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को भी विधानसभा के रण में उतार दिया गया है।झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और

प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पार्टी को मध्य प्रदेश में उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। यही वजह है कि केंद्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय महासचिवों को विधान सभा चुनाव में उम्मीदवार उतारने पड़ रहे हैं। ऐसे में झारखंड के बड़े बीजेपी नेताओं जैसे बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, अन्नपूर्णा देवी को नगर निकाय चुनाव और पूर्व मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को मेयर-डिप्टी मेयर के चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी का जहाज डूबने वाला है। इसलिए घबराई हुई बीजेपी केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव लड़वा रही है। भाजपा नेता बताएं कि क्या विधायक भी मुख्यमंत्री का चुनाव लड़ने को तैयार हैं या हर मोर्चे पर विफल भाजपा ने मध्य प्रदेश की जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों और पार्टी महासचिव को मैदान में उतारा है।

श्राद्ध पूर्णिमा के पितृ पक्ष के प्रथम दिवस पर अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण

गुरू जी महाराज की जय-जयकारों से गुंजायमान रहा मंदिर परिसर

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को श्राद्ध पूर्णिमा के पितृ पक्ष के प्रथम दिवस के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1100 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। आज संस्था के सदस्यों की एक बैठक संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) में हुई जिसमे सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया की इस वर्ष पितृ पक्ष मे श्राद्ध अमावस्या तक संस्था के द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा के कार्य होते रहेगे। गुरू महाराज के जनसेवा को

समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण मे संस्था के सक्रिय सदस्य ने गुप्त दान के सौजन्य से अपने पूर्वजो की स्मृति में बिष्णु सोनी, संतोष देवी,सविता देवी ने श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के ओमप्रकाश सरावगी, पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के बीच 109 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया गया।

आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान अन्नपूर्णा माता एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं ने भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 109 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु परवल की सब्जी पापड एव केसरीया खीर का वितरण किया। आज जैसे ही संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत वितरण कार्यक्रम शुरू होते ही वहां उपस्थित श्रद्धालुओं ने और संस्था के सदस्यों ने श्री प्राणनाथ प्यारे की जय। श्री राज श्यामा जी की जय। गुरू जी महाराज की जय-जयकारों से पूरा का पूरा मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा था। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारे मे समाज के लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागेदारी निभा रहे हैं। निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में समाज एवं संस्था के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम में अनुदान कर भंडारे का निःशुल्क वितरण किया जाता है।

कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 04/2023-24

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1	विभाग का नाम	:–	जिला परिषद सिमडेगा
2	विज्ञापन दाता का नाम	:–	उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा।
3	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	:–	16.10.2023 (कार्यालय अवधि में अपराहन् 2:00 बजे तक)
4	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	:–	19.10.2023 (पूर्वाहन 11.00 बजे से 1:00 बजे अपराहन तक)
5	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:–	19.10.2023 (अपराहन 2:00 बजे)
6	परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान	:–	कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7	निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान	:–	कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8	कार्य विवरणी	:–	

ग्रुप / क्र.सं.	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	कुल प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	सिमडेगा	जिला परिषद, सिमडेगा का कार्यालय भवन नवनिर्माण ।	6,85,30,200.00	13,70,600.00	10,000.00	24 माह

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिशद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद्, सिमडेगा

PR 307912 (Rural Development)23-24*D

गागर में सागर

बीएयू में मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की मशरूम इकाई के तत्वावधान में चल रहे 28 दिवसीय सफेद बटन मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर शुक्रवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही और विनिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में रांची और पूर्वी सिंहभूम जिले के 24 किसानों और उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त लिया। पौधा रोग विभाग के वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल एवं डॉ सविता एक्का तथा कीट विज्ञान विभाग के डॉ मनोज कुमार बर्णवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, स्पॉनिंग, बैगिंग, प्रोडक्शन प्रक्रिया और हार्वेस्टिंग के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान मौसम में कंपोस्ट तैयार करने के बाद लगभग डेढ़ महीना में क्रॉप आ जाता है और दो माह में कटाई की जा सकती है। तीसरे माह में प्रत्येक सप्ताह एक हार्वेस्टिंग की जा सकती है।

कांके क्षेत्र में जुलूस ईद मिलादुन्नबी प्रशासन की निगरानी में संपन्न

रांची। खान मोहल्ला कांके रोड स्थित खलीफा टॉवर के प्रांगण में खान स्ट्रीट यूथ कमिटी के द्वारा जुलूस ईद मिलादुन्नबी में चल रहे कांके और उसके आसपास के क्षेत्र से निकलने वाले सभी जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। कमिटी के पधाधिकारी गण के साथ प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी प्राप्त रहा। और इसी कारण कमिटी के पदाधिकारी गण ने कांके थाना से आए पदाधिकारी जनाब एम मोनाजिर इमाम और उनके सहयोगी को शाल भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जनाब सैयद खुर्शीद अख़्तर, जावेद खान अध्यक्ष, एम हफीजुद्दीन अंसारी, एम मासूम खान, जनाब एम सरफराज अहमद, प्रोफेसर अन्य लोग उपस्थित रहे।

रांची के बुढ़मू में अवैध बालू खनन का बुरा अंजाम, हाइवे फूंका

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के बुढ़मू में अवैध बालू खनन का धंधा खतरनाक अंजाम तक पहुंच गया। अपराधियों ने शुक्रवार सुबह बालू से लदे एक हाइवा को फूंक दिया। यह वाकया बुढ़मू केरेडारी सीमांत क्षेत्र अंतर्गत हेंदेगीर मुख्य मार्ग का है। बुढ़मू पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी (ग्रामीण) मनीष टोप्पो ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक हाइवा चालक ने इंजन में शॉर्ट सर्किट होने से डीजल टंकी में आग लगने की बात कही है। आशंका यह है कि अवैध बालू ढुलाई में प्रतिबंधित संगठनों का हाथ हो सकता है, क्योंकि कुछ दिनों से वसूली के विरोध में बालू उठाव का काम बंद था। प्रतिबंधित संगठन वाहन चालकों को धमकी दे रहे थे। यह इलाका उग्रवादी प्रभावित है।

हावड़ा-दुमका मयूराक्षी एक्सप्रेस एक अक्टूबर से देवघर तक चलेगी

रांची। हावड़ा-दुमका के बीच चलने वाली मयूराक्षी एक्सप्रेस अब एक अक्टूबर से देवघर तक होगा। एक अक्टूबर को ट्रेन हावड़ा से देवघर और दो अक्टूबर से देवघर से हावड़ा के लिए यह ट्रेन चलेगी। देवघर तक इस ट्रेन के विस्तार से अब बंगाल के तारापीठ और झारखंड के बासुकीनाथ के साथ विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ के दरबार तक पहुंचने के लिए यात्रियों को ट्रेन मिल जायेगी। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को तारापीठ जाने में आसानी होगी। यहां के यात्रियों के लिए वापसी में मयूराक्षी एक्सप्रेस कनेक्टिंग ट्रेन है। देवघर तक विस्तार के साथ ही ट्रेन के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया है। वर्तमान में शाम 4:25 बजे हावड़ा से खुलकर रात 12:10 बजे दुमका पहुंचने वाली ट्रेन एक अक्टूबर से रात 11:21 बजे दुमका पहुंचेगी जबकि वापसी में दुमका से सुबह 3:45 बजे चलने वाली ट्रेन दो अक्टूबर से सुबह 4:14 बजे खुलेगी। ट्रेन संख्या 13045 हावड़ा देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस हावड़ा से शाम 4:25 बजे चलेगी। रामपुरहाट रात 10:05 बजे, दुमका रात 11:21, बासुकीनाथ रात 11:46, देवघर रात 12:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 13046 देवघर हावड़ा मयूरक्षी एक्सप्रेस देवघर से सुबह 03:15,बासुकीनाथ 03:49, दुमका 04:14, हावड़ा दिन के 11:35 बजे पहुंचेगी।

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के मौके पर भगवान वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शुक्रवार को भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि में भगवान ब्रह्मांडनायक श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का हुआ महाभिषेक। इसके पहले विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, वेंकटेश स्तोत्र, मंगलाशासनम और षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधानम हुआ। भांति-भांति के उपचार के बाद श्रीभगवान दंपति को दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, गंगाजल और नारियल युक्त जल से महास्नान कराया गया। श्रीभगवान को सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधरा से पंचसूक्तों, वेद की ऋचाएं और तैत्तिरियोपनिषद महामंत्र का उच्चारण करते हुए क्रमानुसार महाभिषेक हुआ। इसके बाद वस्त्राभूषणों से सुसज्जित करके सुगंधित फूलराशियों से भव्यातिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। फिर घंटानाद के बीच श्रीभगवान दंपति को पोंगल, खीर, फल और मेवा का भोग लगाया और फिर वेद-वेदांत तथा देशिक स्तोत्राणि के स्तोत्रों से स्तवन किया गया। आज के महाभिषेक के यजमान : रमेश- शशि धरनीधरका रांची निवासी हुए। अर्चक : श्री सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराया। मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया के अलावा सर्वश्री प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल गौरीशंकर साबू रंजन सिंह सुशील लोहिया शम्भू नाथ पोद्दार प्रभाष मित्तल एवं भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ हुई।

आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है : प्रदीप बलमुचू

रांची। किसी भी हाल में आगामी चुनाव में कांग्रेस का परचम खूंटी में लहराना है। इसके लिए कार्यकर्ता गांव-गांव का दौरा करें और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस पहल करें। कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचे और उनकी समस्याएं आला अधिकारियों को मिले। ये बातें शुक्रवार को भारत माता कल्याण मंडप तोरपा में आयोजित कांग्रेस के एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व सांसद और आदिवासी मामले के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कही। बलमुचू ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासी, मुसलमान, गरीब और दलितों पर अत्याचार बढ़ा है। केंद्र सरकार देश में जाति और धर्म के नाम पर विद्वेष फैला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है, उनकी गलत नीतियों के कारण आदिवासी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे डॉ. सुशील अंकन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर 2023 तक पुणे महाराष्ट्र में होने वाले अखिल भारतीय सांस्कृतिक संगठन संस्कार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में झारखंड प्रांत संस्कार भारती के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार 'अंकन ' हिस्सा लेंगे। ध्यातव्य है कि भारतवर्ष के नामचीन कलाकार संस्कार भारती की इस राष्ट्रीय बैठक में शामिल होते हैं। अंतरराष्ट्रीय चित्रकार वासुदेव कामथ जिन्होंने अक्षरधाम मंदिर के आंतरिक चित्रों को उकेरा, प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक चेतन जोशी, कोकिल कंठा लोक गायिका मालिनी अवस्थी, बी.आर. चोपड़ा द्वारा निर्मित लोकप्रिय धारावाहिक महाभारत के कृष्ण नितीश भारद्वाज, चक्रवर्ती सम्राट अशोक और चाणक्य की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता मनोज जोशी, प्रसिद्ध वायलिन वादक मंजू मैसूर नाथ जैसे कलाकारों के इस बैठक में उपस्थित रहने की पूरी संभावना है।
भारतीय कला संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर एक राष्ट्रीय विमर्श के लिये यह बैठक आयोजित होती है। डॉक्टर सुशील अंकन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार की इकाई 'पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता' (EZCC) में भी छः वर्षों तक झारखंड राज्य के सांस्कृतिक प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर चुके हैं।

हटिया रेलवे स्टेशन में दिखेगा माता के नौ और भगवान विष्णु के दशावतार का रूप

रांची। रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सभी जगह पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भव्य पहाड़ के थीम पर पंडाल का निर्माण कर रही है। बाहर माता नव दुर्गा का रूप और अंदर स्थित गुफा में विष्णु भगवान के दशावतार को दशार्या जायेगा। समिति के मुख्य संरक्षक मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि पंडाल की ऊंचाई लगभग 70 फीट और चौड़ाई 80 फीट होगी। जबकि मां की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल परिसर में मेला भी आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल के निर्माण में कुल बजट लगभग 12 लाख रुपये का है। समिति के अध्यक्ष नंदन यादव ने बताया कि पंडाल का उदघाटन पष्ठी के दिन होगा। अष्टमी को सुबह 11 बजे पुष्पांजलि होगी। दोपहर 12 बजे भोग-भंडारा होगा। महाअष्टमी का भोग लगेगा। नवमी को संस्कृति कार्यक्रम और दशमी को माता का जागरण खास होगा। पंडाल के निर्माण को लेकर कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

मनरेगा में गड़बड़ी करने वालों पर विभाग ने दिया कार्रवाई का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
साहेबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फजीर्वाड़ा की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर गबन व फजीर्वाड़ा इत्यादि की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे उपलब्ध कराने को कहा है। पहले भी इस संबंध में विभाग ने कार्रवाई को कहा था। विभागीय जांच और दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने के बाद सरकार ने सभी पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था लेकिन कार्रवाई कर रिपोर्ट नहीं भेजा गया था। पूरे मामले को उप प्रमुख बोरियो कैलाश प्रसाद ने सरकार के समक्ष संज्ञान में लाया था। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में सरकारी राशि के गबन, दुर्विनियोग या अपव्यय पाये जाने पर सबसे पहले जिम्मेदारी तय करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से गबन की राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया गया है। साथ ही दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों को निलंबित कर उनके ऊपर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा देने को कहा गया है। साथ ही संलिप्त संविदाकर्मियों की संविदा रद करने की भी कार्रवाई की जाये। आपराधिक षडयंत्र व लापरवाही से संबंधित मामलों में विस्तृत सूचना के साथ एफआईआर दर्ज करने को भी कहा गया है।

राज्यपाल मेडिका अस्पताल में घायल इंस्पेक्टर से मिले

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को रांची के भगवान महावीर मेडिका सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल पहुंचे। राज्यपाल वहां पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोंटा क्षेत्र में हुए आईईडी ब्लास्ट में 209 कोबरा बटालियन के घायल इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार से मिले और उनका कुशलक्षेम जाना एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में एक जवान राजेश कुमार बलिदान और एक जवान भूपेंद्र घायल हो गये थे।

रांची जिला लघु उद्योग भारती की कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची जिला लघु उद्योग भारती की कार्यकारिणी समिति की बैठक श्री महावीर विकलांग सहायता समिति बरियातू स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने बढ़ती हुई विद्युत शुल्क पर चिंता जताई। बैठक में स्थानीय और प्रांतीय स्तर पर सभी सरकारी विभागों में लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व हो, इसका प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रेलवे द्वारा एमएसएमई के लिए आरक्षित सामानों की सूची मंगवा कर उससे संबंधित रेलवे विभाग से अनुरोध कर एक प्रदर्शनी लगाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय महिला सचिव नीतू सिंह को एमएसएमई निदेशक से मिलकर जेम प्रशिक्षण एवं महिला उद्यमियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे मुद्रा लोन योजना का लाभ सरलता से कैसे मिले, इसके प्रशिक्षण की जानकारी देने का दायित्व सौंपा गया।
बैठक में रांची जिला के सचिव सत्य प्रकाश पांडेय, प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया, कोकर औद्योगिक क्षेत्र लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष रतन अग्रवाल, सचिव विकास विजयवर्गीय, तुपुदाना औद्योगिक क्षेत्र लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राम चंद्र प्रसाद, सचिव निषांत प्रकाश समेत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के सदस्य मौजूद थे।

झारखंड के इंटर कॉलेजों से प्लस टू स्कूल में शिफ्ट होंगे 1160 छात्र

रांची। झारखंड में इंटर कॉलेजों के प्लस टू स्कूलों में विलय के बाद हर स्कूल में 1160 छात्र-छात्राएंओं की शिफ्टिंग होगी। राज्य के 317 इंटर कॉलेजों में 3.68 लाख छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। हर संस्थान में औसतन 1160 विद्यार्थी नामांकित हैं। उसी आधार पर शिफ्टिंग होगी। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 1433 व दुमका में 1407 छात्र-छात्राएं एक इंटर कॉलेज में पढ़ रहे हैं। वहीं लोहरदगा में सबसे कम 702 और लातेहार में 755 विद्यार्थी एक इंटर कॉलेज में नामांकित हैं। वहीं संस्थानों की बात करें तो सबसे ज्यादा रांची में 42, धनबाद में 35 और बोकारो में 30 इंटर कॉलेज हैं। वहीं सबसे कम लातेहार में दो, खूंटी-पाकुड़ में चार-चार और लोहरदगा-जामताड़ा में पांच-पांच इंटर कॉलेज हैं। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने स्पष्ट किया है कि हर पंचायत में एक प्लस टू स्कूल होना है। इस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है।

महाराजा श्री अग्रसेन जयंती पर एक से 15 अक्टूबर तक चलेगा कार्यक्रम

एकल नृत्य, युगल नृत्य व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव 15 अक्टूबर 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव 1 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा। 1 अक्टूबर को प्रश्न मंच, एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नित्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया है। 2 अक्टूबर को अग्रवाल सभा के 47 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा का स्थापना दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व मंत्रियों के सम्मान के साथ ही साथ ऐसे वरिष्ठ अग्रजन जिन्होंने 75 बसंत देखने की अनुपम उपलब्धि प्राप्त कर ली है। वैसे अग्रवरिष्ठजनों के सम्मान समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार मे प्रातः 11 बजे से किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल कुमार खेतान होंगे। तथा अग्रवाल सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर मेडिकल कैंप एवं सहभोज का भी आयोजन किया गया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, महोत्सव संयोजक सज्जन पाड़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सभी से अनुरोध किया है कि कुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों एवं अग्रवाल सभा की स्थापना दिवस मे सपरिवार सम्मिलित हो तथा व्यक्तित्व एवं प्रतिभा विकास हेतु बच्चों एवं महिलाओं को प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

शहीद अमृत कलश यात्रा रथ गांवों से मिट्टी एकत्रित करने के लिए हुई रवाना

'देश के वीर-वीरांगनाओं को नमन करने का शुभ अवसर'

नवीन मेल संवाददाता। रांची
पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा रथ को ऑड्रे हाउस रांची से धर्मेंद्र कुमार दीक्षित, निदेशक संस्कृति, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड, चंद्र देव सिंह, कार्यक्रम समिति सदस्य, पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं विवेक कुमार सिंह प्रशाखा पदाधिकारी सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक संस्कृति ने बताया गया कि पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वापवधान में झारखंड के 10 प्रखंडों के 100 गांवों में अमृत कलश यात्रा अभियान चलाया जाएगा, जिसमें गांव स्तर से प्रखंड स्तर से और जिला स्तर से राज्य स्तर से मिट्टी एकत्र की जाएगी, जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा । इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी को नहीं पता है । इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव को समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंडो जिसमें रांची जिला के बुंडू, सोनाहातू, राहे, तमाड़, इटकी, सरायकेला जिले के कुकडू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जाएगा । जिसमें कला जत्था की टीम भी साथ-साथ होगी जो गांव में प्रभात फेरी कर और देशभक्ति गीतों के साथ लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए आग्रह करेगी, और गांव स्तर पर अमृत कलश यात्रा में मिट्टी लेने का कार्य में सहयोग करेगी। इस अमृत कलश यात्रा में लोक कलाकार होंगे जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति गीतों के माध्यम से पूरे राज्य में अमृत कलश यात्रा अभियान और मेरा देश मेरा माटी के बारे में लोगों को बतलाएंगे। अमृत कलश यात्रा की शुरूआत आज से रांची के इटकी प्रखंड के कुली गांव से की जाएगी।

झारखंड में कहर ढा रहा डेंगू 39 नए केस मिले, अबतक 1447 मरीजों की पुष्टि

रांची। झारखंड में डेंगू के मरीजों की संख्या में रोज इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े के मुताबिक गुरुवार को राज्य में डेंगू के 39 नए मरीज मिले हैं। इनमें 26 पूर्वी सिंहभूम, 9 साहिबगंज व 4 धनबाद के हैं। इस बीच, गुरुवार को टीएमएच जमशेदपुर में डेंगू पीड़ित एक आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। राज्य में अबतक 1447 डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है, जिनमें 901 पूर्वी सिंहभूम के हैं। रांची में 69 मरीज मिल चुके हैं। आरडीपी से नहीं हो रहा अत्यधिक लाभ चिकित्सकों के अनुसार डेंगू से मिलने वाले सिर्फ दस फीसदी मरीजों को ही प्लेटलेट्स की कमी हो रही है। जिनका प्लेटलेट्स कम हो रहा है उन्हें सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ रही है। आरडीपी से मरीजों को बहुत अधिक लाभ नहीं हो रहा है। पर, ब्लड बैंक में सिंगल डोनर प्लेटलेट्स के लिए किट न्यूनतम साढ़े नौ हजार रुपए में मिल रहा है। ऐसे में निम्न आय वर्ग के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बीजेपी में सभी नेता एक समान कोई बड़ा-छोटा नहीं : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता। रांची
मध्य प्रदेश में बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री से लेकर पार्टी के सांसद और कई बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दूसरी सूची जारी होने के बाद इस पर झारखंड सहित देशभर में सियासत तेज हो गयी है। गैर भाजपा दल बीजेपी के इस फैसले की जमकर आलोचना करने में जुटे हैं, वहीं बीजेपी इस पर सफाई दे रही है। भाजपा विरोधी दलों का कहना है कि इन नेताओं को प्रमोशन के बजाय बीजेपी ने डिमोशन कर दिया है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने तीन केंद्रीय मंत्री, चार सांसदों और एक राष्ट्रीय महासचिव को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया है। जिन केंद्रीय मंत्री को चुनाव मैदान में उतारा गया है, उसमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, सांसद राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक, उदय प्रताप सिंह और पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के नाम शामिल हैं। बीजेपी विरोधी दलों का हमला झेल रही बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा है कि वही इस तरह का बात करते हैं जो वंशवाद और राजशाही में विश्वास करते हैं। भाजपा में कोई बड़ा छोटा नहीं होता सभी कार्यकर्ता के रुप में काम करते हैं। बीजेपी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जो कांग्रेस झामुमो इस फैसले की आलोचना कर रही है, वह खुद वंशवाद में विश्वास करती है, उसे बोलने का कोई अधिकार नहीं है। हमारे यहां सभी एक समान हैं जिसको पार्टी जो जिम्मेदारी देती है वह उसे समर्पित भाव से करने के लिए तत्पर हो जाता है। हमारे यहां राष्ट्रवादी पार्टी का कार्यकर्ता होना ही गर्व की बात है चाहे वो केंद्रीय नेता हों या एक मंडल के कार्यकर्ता। प्रमोशन-डिमोशन कांग्रेस झामुमो में शायद होता होगा जो वंशवाद और राजशाही व्यवस्था को मानती है हमारे यहां सभी एक समान होते हैं।

गागर में सागर

गिरिडीह : विधायक ने किया विद्यालय का दौरा सुनी समस्याएं

गिरिडीह। सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने 29 सितंबर को प्लस टू हाई स्कूल कुम्हरलालों का दौरा किया. इस क्रम में विधायक ने विद्यालय में पठन-पाठन व रखरखाव से बहुत प्रभावित हुए. संबोधन के दौरान श्री सोनू ने इसकी सराहना भी की. कहा कि बेहतर माहौल शिक्षा पर बहुत असर डालता है. बच्चे स्कूल से सीख कर जीवन का सफर तय करते हैं. मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने विद्यालय की कुछ समस्याओं से विधायक को अवगत कराया. समिति ने विधायक के समक्ष लाइब्रेरी रूम, लेबोरेट्री, असेंबली शेड और भवन निर्माण आदि की समस्याएं रखी. समस्या सुन विधायक श्री सोनू ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान का निर्देश दिया.

गिरिडीह : दासडीह में मनाया मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

गिरिडीह। गांडेय प्रखंड के दासडीह पंचायत में 29 सितंबर को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया. इस दौरान मुखिया निर्मला कुमारी के नेतृत्व में पंचायत के भोगतिया लोहारी में स्थित अमृत सरोवर तालाब से महिला सखी मंडल ने कलश में मिटी भरकर निकलीं और हाथ में तिरंगा लिए वंदे मातरम, भारत माता की जय नारे लगाते हुए पंचायत सचिवालय पहुंचीं. जहां पर सभी कलश को स्थापित किया गया. मौके पर समाजसेवी जितेंद्र मंडल, उप मुखिया केन्हया साव, सुलोचना देवी, शांति देवी, बबिता देवी, नाजमा बीबी सहित कई लोग मौजूद थे.

गिरिडीह : गांडेय सीओ बने मनोज कुमार, संभाला कार्यभार

गिरिडीह। गांडेय प्रखंड मुख्यालय में 29 सितंबर को नए पदस्थापित अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने अपना कार्यभार ग्रहण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कार्य को तेजी से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई दिनों से अंचल का काम रुका हुआ था, जिसे अब गति मिलेगी. इस दौरान समाजसेवी कारू रजक उर्फ सुरेंद्र ने अंचल अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया. मौके पर बीडीओ विजय कुमार, प्रधान लिपिक बाबन कुमार, मनोज कुमार सहित कई अंचल कर्मी मौजूद थे.

तोपचांची : अज्ञात बाइक की चपेट में आने से युवक की मौत

धनबाद। गुरुवार देर शाम हरिहरपुर थाना क्षेत्र के पावापुर चौक के समीप अज्ञात बाइक की चपेट में आने से 38 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. मृतक युवक की शिनाख्त माथुर रजवार पावापुर निवासी के रूप में हुई है. माथुर रजवार का एक पुत्र व एक पुत्री है. घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि माथुर रजवार सड़क पार कर घर जा रहा था, तभी अचानक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे टक्कर मार दी और फरार हो गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही माथुर की मौत हो गई. घटना के बाद आस पास के ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल पर जुट गई. हरिहरपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है.

धनबाद : डीएवी बनियाहीर में बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

धनबाद। डीएवी बनियाहीर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार 29 सितंबर को स्कूल व आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की शपथ ली गयी. प्राचार्य एस मोदक व खेल शिक्षक असीम प्रियादर्शी ने बच्चों को शपथ दिलाई. इस मौके पर स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया. जहां बच्चों ने स्कूल परिसर में साफ-सफाई की. इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य एस मोदक ने स्वच्छता और स्वास्थ्य की महत्ता समझाई. कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है. अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने पर्यावरण और परिवेश को स्वच्छ रखना बेहद जरूरी है. कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक नीलमणि झा, सर्वेश्वर मिश्रा, रमन राय व वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी व अन्य उपस्थित थे.

गिरिडीह कॉलेज में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह में पहुंचे विधायक सुदिव्य सोनू

प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय धनबाद इकाई द्वारा गिरिडीह जिला प्रशासन के सहयोग से अमृत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा, मेरी माटी मेरा देश अभियान पर दिनांक 27 अगस्त, 2023 से गिरिडीह कॉलेज परिसर में चल रही तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आज समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सानू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही जिला जन संपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, गिरिडीह कॉलेज की प्राचार्या मधुश्री सन्याल, नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह के जिला युवा पदाधिकारी रवि कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी का भ्रमण करते हुए इसमें दी गई योजना संबंधी जानकारियों की सराहना की। तदोपरांत अतिथियों को अंगवस्त्र, मेमेंटो और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह प्रदर्शनी एक फूलों के गुलदस्ते की तरह लगाई गई है, अभियानों का इसमें समायोजन किया गया है, मुझे यहां आकर काफी खुशी हुई, मैं इसकी सराहना करता हूं। तदोपरांत कला निकेतन दल द्वारा वीरों की शहादत नाट्य का शानदार मंचन किया गया, एक घंटे तक चले इस भव्य नाटक की सभी ने बहुत ही प्रशंसा की। नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने मेरी माटी मेरा देश अभियान पर सभी को जानकारी दी, तथा उनके विभाग क्षेत्र में किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी भी दी। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पांडेय ने सीबीसी धनबाद द्वारा लगाई गई इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के मुख्य उद्देश्य को जानकारी दी। प्रदर्शनी स्थल पर गिरिडीह जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जन संपर्क विभाग द्वारा पोषण अभियान पर आकर्षक स्टॉल भी लगाया गया था। पोषण पर चलाए गए ऑडियो विजुअल प्रचार को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया। आज के आयोजन एवं समन्वय में सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी राजकिशोर पासवान, गिरिडीह कॉलेज, तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बेंगाबाद और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, गिरिडीह शाखा के छात्रों ने हिस्सा लिया। साथ ही शिक्षक/ शिक्षिकाओं जैसे मोनिशा मित्र और नेहा कुमारी ने अहम योगदान किया। उद्घाटन एवं समापन सत्र की मंच संचालिका शयोनि सरकार ने भी अपनी भूमिका अच्छे से निभाई। जागरूकता रथ को भी प्रदर्शनी पर जानकारी फैलाने हेतु गिरिडीह सदर में चलाया गया। साथ ही आज गिरिडीह उच्च विद्यालय में स्वच्छता शपथ और सफाई अभियान चलाया गया। मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के तहत प्रदर्शनी स्थल पर छात्राओं द्वारा मिट्टी एकत्रित करके समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह को कलश अर्पित किया गया।

दुमका में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम आयोजित

दुमका। केंद्रीय संचार ब्यूरो, दुमका सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दुमका जिला के सदर प्रखंड में 'स्वच्छता ही सेवा' पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसी क्रम में आज के पहले दिन राजकीय उच्च विद्यालय करहरबिल , दुमका विद्यालय, में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' के बैनर एवं स्टैंडी लगाए गए। सर्वप्रथम इकाई के के तकनीकी सहायक विद्यालय के प्राचार्य को सम्मानित किया। सर्वप्रथम इकाई द्वारा छात्र-छात्राओं को तथा सभी शिक्षक गण के बीच स्वच्छता पर शपथ कराया गया। उसके बाद छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान किया। तकनीकी सहायक से एम के आलम ने कहा कि नौ साल पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता के लिए स्पष्ट संदेश देकर आह्वान किया था। 'मन की बात' के 105वें एपिसोड में माननीय प्रधानमंत्री ने 01अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 1 घंटे के श्रमदान की अपील की है, जो गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर ही बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि होगी। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा सिटिजन पोर्टल भी बनाया गया है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सिद्धू स्नेही भारती ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना एक स्वच्छ एवं विकसित देश का था। आज माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा देश इस स्वच्छता अभियान को अपना रहा है और आमजन भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

पितृपक्ष शुरू, अब 15 दिन बंद रहेंगे सभी शुभ कार्य व अनुष्ठान

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। पितरों को याद करने व उन्हें पिंडदान करने के लिए शुक्रवार 29 सितंबर को पितृपक्ष शुरू हो गया. अब अगले 16 दिन यानी 14 अक्तूबर तक किसी भी तरह के शुभ व मांगलिक कार्य बंद रहेंगे. सनातन को मानने वाले लोग पन्द्रह दिनों तक अपने पितरों (पूर्वजों) को तर्पण व पिंड दान करेंगे. यह जानकारी शुक्रवार 29 सितंबर को पंडित जितेंद्र शास्त्री ने दी. उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े में लोग अपने पितरों को संतुष्ट करने के लिए प्रतिदिन तिल मिश्रित जल के साथ तर्पण कर सकते हैं व उन्हें वर्ष भर के लिए संतुष्ट करते हैं. ऐसी परंपरा का निर्वाह करने का उद्देश्य पितरों से आशीर्वाद ग्रहण करना भी है. कई लोग इस अवसर पर अपने पूर्वजों का पिंडदान करने गया भी जाते हैं. उन्होंने बताया कि पितृपक्ष शुक्रवार 29 सितंबर संध्या 4 बज कर 2 मिनट से शुरू होगा व 14 अक्टूबर शनिवार रात्रि 10 बजकर 45 मिनट तक रहेगा. जिनके पूर्वजों के निधन की तिथि पूर्णिमा हो वे उसी दिन अर्थात 29 सिंतबर शुक्रवार को भी तर्पण कर सकते है या फिर अमावस्या पर 14 अक्टूबर को भी कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि इस मौके पर कई तरह की सावधानी भी बरतनी चाहिए. हर दिन भोजन स्वयं ग्रहण करने के पूर्व कुछ अंश दोना में निकालकर बाहर पितरों को अर्पण करना चाहिए. प्रतिदिन गाय, कौवा,कुत्ता व चींटी को भोजन कराएं. संभव न हो तो सिर्फ कौवे के आगे रोटी जरूर डाल देना चाहिए. पूरे पितृ पक्ष में मांसाहार से परहेज करें व सात्विक भोजन करें.

एचडीएफसी बैंक के एटीएम में तोड़फोड़

जमशेदपुर। कॉलेज रोड स्थित प्रखंड मुख्यालय के सामने एचडीएफसी बैंक के एटीएम में शुक्रवार की देर रात तोड़फोड़ हुई. शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने बताया कि एटीएम का बोर्ड नीचे टूट कर गिरा हुआ है. जबकि बाहर लगाया गया इलेक्ट्रिक का मीटर उखाड़ कर रोड पर फेंक दिया था. मीटर में विद्युत प्रवाह होने के कारण विभाग के लोगों को सूचना देकर सड़क से मीटर हटाया गया. समाचार लिखे जाने तक मीटर में विद्युत प्रवाह जारी है. इस दौरान बैंक के कोई अधिकारी नहीं पहुंचे. दोपहर को एजेंसी द्वारा पैसा डालने आई वाहन के चालक ने इसकी जानकारी बैंक तथा एजेंसी को दी है. समाचार लिखे जाने तक पुलिस को भी इसकी सूचना नहीं है. वाहन के चालक से पूछे जाने पर बताया कि अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता की एटीएम से चोरी हुई है या नहीं. क्योंकि विद्युत नहीं रहने के कारण कुछ भी पता नहीं लगाया जा सकता है. संबंधित पदाधिकारी तथा बैंक को जानकारी भेज दी गई है.

बरही में बिजली चोरी के खिलाफ 16 लोगों पर केस

नवीन मेल संवाददाता

बरही । राजस्व संग्रहण और विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ बिजली विभाग का लगातार छापेमारी जारी है. इसी क्रम में सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार की निगरानी में बरही प्रखंड के केदारुत और गौरियाकरमा पंचायत में छापेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान 16 उपभोक्ताओं को विद्युत बकाया के कारण कनेक्शन काटे जाने के बाबजूद भी टोका लगाकर विद्युत ऊर्जा चोरी करते पाया गया. जिनके खिलाफ बरही थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई गई. विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक दर्ज होने वालो में खेरौंन निवासी मुकेश कुमार पिता कामेश्वर यादव, जोधी यादव पिता स्व चिपत गोप, विदेशी भैया पिता दानो भुइयां, गौरिया करमा निवासी आनंद कुमार चौधरी पिता स्व श्यामलाल चौधरी, अनिल कुमार यादव पिता बनवारी यादव, रामदेव राम पिता राम चरण राम, छत्रु महतो पिता थानू महतो, बंगनवा निवासी महावीर यादव पिता स्व माधो यादव, दिनकर यादव पिता झमन यादव, सुरेंद्र यादव पिता बनवारी यादव, विक्रम यादव पिता सोहन यादव, कैलाश यादव पिता मोहन यादव, संजय कुमार मेहता पिता स्व जयनाथ मेहता, वितकिला निवासी बैजू यादव पिता स्व सोनी यादव और हरी यादव पिता स्व बेनी यादव का नाम शामिल है. इन सभी के पास हजारों रुपए के बिजली बिल बकाया है. सहायक विद्युत अभियंता सत्यदेव कुमार ने बताया कि विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा. उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बिजली बिल नियमित जमा करने का अनुरोध किया है. उन्होंने यह भी बताया कि नियमित बिल जमा करना ही एक जागरूक उपभोक्ता की पहचान है.

प्रदूषण-पेड़ों की कटाई के खिलाफ पदयात्रा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धनबाद में बढ़ते प्रदूषण व पेड़ कटाई के विरोध में ग्रामीण एकता मंच ने शुक्रवार 29 सितंबर को दो दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत की. गोपालीचक दो नंबर स्तिथ ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय कार्यालय से पदयात्रा शुरू हुई. जो करकेंद, केंदुआ, गोधर, बैंक मोड़ होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचेगी. शुक्रवार को रणधीर वर्मा चौक पर ही रात्रि विश्राम होगा. दूसरे दिन शनिवार को पदयात्रा रणधीर वर्मा चौक से रवाना होगी, जो बैंक मोड़, धनसार, बस्ताकोला, कतरास मोड़, ऊपर कुल्ही, बनियाहीर होते हुए जोड़ापोखर थाना के समीप स्थित अमर शहीद शशिकांत पांडेय चौक पहुंचेगी. जहां नुक्कड़ सभा के साथ दो दिनों की लगभग 25 किलोमीटर की पदयात्रा संपन्न होगी. मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि इससे पहले भी पर्यावरण को लेकर आंदोलन, पौधरोपण व अन्य जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं. कहां कि ग्रामीण एकता मंच 2007 से ही प्रदूषण और पर्यावरण के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ रहा है. अभी दो-दो जनहित याचिकाओं की सुनवाई उच्च न्यायालय में चल रही है. पदयात्रा में करकेंन्द डैफोडिल स्कूल के प्राचार्य तापस बनर्जी व स्कूल के बच्चे, शिक्षक, धनबाद उप प्रमुख मनीषा सिंह, मंच के अनिल शर्मा, गोपाल गुप्ता, सुभाष पासवान, उदय तिवारी आदि शामिल हुए.

चाकुलिया : प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली अमृत कलश यात्रा

जमशेदपुर। चाकुलिया के मनोहर लाल प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश और तिरंगा झंडा के साथ शिक्षकों के नेतृत्व में रैली निकाली. विद्यालय से निकली रैली मुख्य पथ होते हुए बिरसा चौक पहुंची और वहां से वापस विद्यालय पहुंच कर समाप्त हुई. विद्यार्थियों ने अमृत कलश और हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पोषक क्षेत्र का भ्रमण किया. रैली में शामिल विद्यार्थी भारत माता की जय, बंदे मातरम, आजादी का जश्न मनाएं आदि नारे लगा रहे थे.

तैयारी पूरी | पासवा ने किया शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

आज हजारीबाग में 2000 शिक्षक होंगे सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की ओर से शनिवार को हजारीबाग टाउन हॉल में राज्य के 2000 से अधिक प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा. यह सम्मान झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद श्मायल अहमद एवं अन्य शिक्षाविदों के द्वारा किया जाएगा. शिक्षक सम्मान समारोह में कई शिक्षाविद, प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर उपस्थित रहेंगे. यह जानकारी शुक्रवार को पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने संवाददाता सम्मेलन कर दी.

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा स्वागत- आलोक दूबे

दूबे ने कहा कि शिक्षक पूरा जीवन बच्चों का भविष्य संवारने में लगा देते हैं. बावजूद इसके आज तक किसी भी राज्य की सरकारों द्वारा शिक्षकों को सम्मानित नहीं किया जाता है. इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि अब तक दो हजार शिक्षकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है. और जो बच गए हैं, वे 30 सितंबर को पूर्वाह्न 8.00 बजे से 10.00 बजे तक हजारीबाग टाउन हॉल में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. इस अवसर पर शिक्षकों का भव्य स्वागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा. पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिपिन कुमार ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह की तैयारियां पूरी हो गई है. कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने को लेकर पदाधिकारी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं. दो हजार शिक्षकों को पासवा सम्मानित कर हजारीबाग जिला में कीर्तिमान स्थापित करेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग पासवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल, उपाध्यक्ष मेघाली सेन गुप्ता, महासचिव मींकु प्रसाद, उमेश मेहता का सहयोग दे रहे हैं. इसके बाद आलोक दूबे एवं महासचिव नीरज कुमार शिक्षक सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए शुक्रवार को हजारीबाग पहुंचे, जहां पासवा के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया.

विश्व हृदय दिवस पर निकाली पैदल यात्रा, डीसी ने दिखाई

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। इमेजिका हेल्थ स्कैन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सभी रोटरी क्लब व सहयोग ट्रस्ट के सौजन्य से विश्व हृदय दिवस पर शुक्रवार 29 सितंबर को रन फॉर हार्ट का आयोजन किया गया. रणधीर वर्मा चौक पर रन फॉर हार्ट में शामिल लोगों को उपायुक्त वरुण रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. पैदल यात्रा में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आईएमए के कोषाध्यक्ष डॉ राकेश इंदर सिंह ने कहा कि यूज हार्ट नो हार्ट की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था. अपने हृदय का ख्याल रखें, यही संदेश लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया. अधिक से अधिक लोग अपनी जीवन शैली परिवर्तित करें और कोई न कोई व्यायाम या योगा करें, पैदल चलने व दौड़ लगाने की भी सलाह दी गई.

टाटा मोटर्स हॉस्पिटल ने किया वॉकथॉन आयोजित

जमशेदपुर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को टाटा मोटर्स हॉस्पिटल द्वारा वॉकथॉन का आयोजन किया गया. प्रत्येक वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है. टाटा मोटर्स हॉस्पिटल ने स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया. इस अवसर पर टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट के प्रमुख रवींद्र कुलकर्णी ने टाटा मोटर्स अस्पताल के प्रमुख डॉ. संजय कुमार, अस्पताल के अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और पारा मेडिकल्स, एआईडब्ल्यूसी, मानसी क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में इस वॉकथॉन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने विभिन्न नारे लिखी तख्तियां लेकर उत्साहपूर्वक वॉकथॉन में हिस्सा लिया.

गागर में सागर

सोनू बादल उर्फ.टाइगर ने अग्नि वीर इंडियन आर्मी में पाई सफलता

बरकट्ठा। प्रखंड के ग्राम गैड़ा निवासी सोनू बादल उर्फ.टाइगर पिता मुकेश राय का चयन अग्नि वीर इंडियन आर्मी में होने से परिजनों एवं उनके गांव में खुशी का माहौल व्याप्त है। चयन के बाद घर लौटने पर सोनू के दादा सेवानिवृत शिक्षक दुर्गा राय के आंखों में खुशी के आंसू भर आये।विदित हो कि कम उम्र में कठिन मेहनत और लगन के बल पर सोनू ने सफलता का परचम लहराया तथा क्षेत्र को अपनी उपलब्धि से गौरवान्वित किया ।वहीं सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरु अर्जुन प्रसाद चौधरी चुगलामों निवासी को दिया है ।सोनू ने बताया कि अर्जुन सर का हमारी शिक्षा एवं इस परीक्षा की तैयारी में अहम भूमिका रही है ।मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं ।वहीं पिता मुकेश राय ने बताया कि सोनू बचपन से ही देश की सेवा की भावना के साथ अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा। मैं उसके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

गोरहरः दुर्गापूजा शोभासमिति के अध्यक्ष बने कुंजलाल व सचिव रामटहल

बरकट्ठा। गोरहर ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मां शारदीय दुर्गा पूजा शोभा समिति गठन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रामटहल महतो तथा संचालन कुंजलाल महतो ने किया।इस निमित दुर्गा पूजा मनाने को लेकर पूजा समिति एवं शोभा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से पूजा समिति के अध्यक्ष कुंजलाल महतो, सचिव रामटहल महतो, उपसचिव बासुदेव महतो, कोषाध्यक्ष पुनीत महतो, उपकोषाध्यक्ष अशोक महतो, उपाध्यक्ष अरुण कुमार को चयनित किया गया। चयन पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष कुंजलाल महतो ने सभी लोगों से शांतिपूर्वक पूजा मनाने में सहयोग करने हेतु अपील की। कहा कि सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए पूजा शांतिपूर्वक मनाया जाएगा। बैठक में प्रदीप महतो, जागेश्वर पासवान, दीपक पासवान, किशोर पासवान, सुखदेव महतो, बालेश्वर महतो, चिंतामणि महतो, रवि कुमार, मंगल महतो, तुलसी पासवान, लक्ष्मण मिर्धा, महावीर मिर्धा, थानु महतो, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

मध्य विद्यालय बरही में प्रखंड स्तरीय योग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बरही । भारत सरकार के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य विभाग (आयुष) रांची के निर्देश व बीईईओ के आदेशानुसार मध्य विद्यालय बरही में प्रखंडस्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे योग प्रशिक्षक अनिल कुमार मिश्रा और अनुमंडलीय अस्पताल के योग रिसोर्स कर्मी किसुन दास शामिल रहे. प्रतियोगिता में विद्यालय के योग अंबेसडर शिक्षक और योग मित्रों ने भाग लिया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योग के प्रति विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों में रुचि जगाना था. जानकारी के अनुसार प्रत्येक शनिवार को विद्यालय में योग प्रशिक्षण हेतु दो घंटे का विशेष कक्षा का आयोजन किया जाना है. इसके लिए विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं को बतौर योग अंबेसडर स्वास्थ्य और वेलनेस का प्रशिक्षण दिया जा चुका है. इसके साथ है प्रत्येक विद्यालय से पांच विद्यार्थियो को योग मित्रा भी बनाया गया है. शुक्रवार को संपन्न हुए योग प्रतियोगिता में कुल सात विद्यार्थियो को पुरस्कृत किया गया. इनमे से तीन विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित योग प्रतियोगिता हेतु चयनित किए जायेगे. प्रतियोगिता संपन्न करवाने में विद्यालय प्रधान इंदु सिन्हा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने सार्थक योगदान दिया.

बीआरसी में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण शुरू

बरही। शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड संसाधन केंद्र बरही में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण को लेकर शिक्षको का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम का पहला बैच शुक्रवार से प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का पहला बैच शुकवार से प्रारंभ हुआ. जिसमें प्रखंड के 32 हिंदी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है. जानकारी देते हुए बीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से केंद्र सरकार के निपुण भारत अभियान को गति मिलेगी और विद्यालय स्तर पर शिक्षको को लक्ष्य प्राप्ति में मदद मिलेगा. इस प्रशिक्षण के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में शिक्षा विभाग की ओर से किशोरी प्रसाद, तुलसी दास, मुनिलाल प्रसाद एवं रामचंद्र प्रसाद थे. वही रूम टू रीड की ओर से अशोक सकलानी और बीपीएम मौजूद थे.

राज्य सरकार के गलत नीतियों के विरोध में इंटर मवि. में नारेबाजी

शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियो ने प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज का प्लस टू में विलय का किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

बरही । इंटर महाविद्यालय बरही के प्राध्यापको और शिक्षकेत्तर कर्मियो ने शुक्रवार को राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया. साथ ही महाविद्यालय में पठन पाठन कार्य पूरी तरह बंद रखा. जानकारी देते हुए प्राचार्य अरुण दुबे ने बताया कि यह आक्रोश राज्य सरकार की गलत नीतियों और प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालय के प्रति उदासीन रवैया के खिलाफ था. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने एक आदेश पारित कर राज्य के सभी प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालयों को प्लस टू उच्च विद्यालय में विलय के निर्देश दिया है. जो कही से भी नियमसंगात नही है. उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों से सभी प्रस्वीकृत इंटर महाविद्यालयों ने राज्य में शिक्षा की गुणवता सुधारने और उच्च करने में महत्वपूर्ण भुजिका निभाई है. महाविद्यालय के विद्यार्थियो ने प्रत्येक सत्र में बेहतर परिणाम दिया है. बाबजूद राज्य सरकार अनुदान बढ़ाने के स्थान पर विलय का आदेश दी है. जिसका हम सभी कड़ा विरोध करते है. राज्य सरकार इस निर्देश को तत्काल निरस्त करते हुए डिग्री कॉलेज की भांति प्रश्न स्वीकृत इंटर महाविद्यालय का अनुदान भी चौगुना करते हुए अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ करे. उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पूरे राज्य में झारखंड वित्त रहित संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है. यदि सरकार की नींद नही खुलती है तो सड़क से सदन तक आंदोलन किया जाएगा. प्रदर्शन करने वालो में प्राचार्य सहित विनोद कुमार सिंह, परमेश्वर प्रसाद चौधरी, संतोष चौरसिया, दिनेश चौरसिया, सीताराम गोप, ओ पी सिंह, डॉ विजय कुमार, सुरेश पांडेय, खरगू गोप, कामता प्रसाद, महावीर प्रसाद आदि मौजूद थे.

श्री दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण वर्ती व तेला वर्ती का किया सामाजिक

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मन्दिर के प्रगाण में 29 सितम्बर को दशलक्षण वर्ती एवम तेला वर्ती का कार्यक्रम का आयोजन कर सामाजिक अभिनंदन किया गया. इस मौके पर दशलक्षण महापर्व के दौरान 10 दिनों तक उपवास रखने के लिए पुष्पा अजमेरा,गौरव अजमेरा,श्याम सुन्दर जैन, हीरा जैन तेला वर्ती नितिन पाटनी, मनीषा पाटनी, श्रीकांता गंगवाल सभी वार्तियों का सामाजिक अभिनंदन एवम स्वगत तिलक लगाकर, मुकुट माला पहनाकर, दुपट्टा ओढाकर एवम समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन द्वारा अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया गया. मौके पर समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कहा आपने उपवास करके आत्मा शुद्ध त्याग एवं ताप धर्म का आदर्श प्रस्तुत किया है. आपका पुण्य एवं त्याग का यह कार्य अत्यंत प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है. हम इस कार्य के लिए आपका सामाजिक अभिनंदन करते हुए आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन का कामना करते हैं. मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन,जंबू पाटनी,अरविंद सेठी,राजू सेठी, देवेंद्र गंगवाल, सुभाष पाटनी,ललित चूड़ीवाल,निशांत सेठी,विकास सेठी,राजू पाटनी,सौरव अजमेरा आदि उपस्थित थे.

हजारीबाग से नेशनल स्कूल गेम में भाग लेंगे बैडमिंटन के 4 खिलाड़ी

हजारीबाग। हजारीबाग से 67वें नेशनल स्कूल गेम में बैडमिंटन के चार प्रतिभागी भाग लेंगे. चारों खिलाड़ियों ने रांची के खेलगांव में शुक्रवार को आयोजित हुए स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) टूनार्मेंट में जीत हासिल की. इनमें होली साक्षी रोब्बा, अंडर-17 खेलने नवंबर में आंध्रप्रदेश जाएंगी. वहीं अनन्या गिरि अंडर-14 खेलने नवंबर में दिल्ली जाएंगी. स्वप्निल नायक अंडर-19 खेलने गुजरात जाएंगे. साथ ही खेलगांव में अबु रेहान को अंडर-19 में मेडल देकर सम्मानित किया गया. वहीं झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व आईजी दीपक वर्मा ने बताया कि नवंबर के तीसरे सप्ताह में 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में खेलने के लिए सभी चार खिलाड़ी अपने-अपने वर्ग में 67वें नेशनल स्कूल गेम्स में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे.

हजारीबाग : 15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आज से

हजारीबाग। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल मुख्यालय हजारीबाग की धरती पर पहली बार खेल की विधा तीरंदाजी में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है. 30 सितंबर से दो अक्तूबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 15 वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 की मेजबानी के लिए हजारीबाग तैयार है. झारखंड तीरंदाजी संघ के सहयोग से इस प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) में होगा. प्रतियोगिता का आयोजन हजारीबाग तीरंदाजी संघ और जिला प्रशासन कर रहा है. प्रतियोगिता में राज्यभर के 400 तीरंदाज और तीरंदाजी से जुड़े 100 तकनीकी पदाधिकारियों का महाकुंभ लगेगा. इस आयोजन को लेकर शुक्रवार को आयोजन समिति के निदेशक करण जायसवाल और आयोजन समिति के सचिव सह जिला तीरंदाजी संघ, हजारीबाग के अध्यक्ष आलोक कुमार, संघ के सचिव सह तीरंदाजी के प्रशिक्षक मनोज कुमार और आयोजन समिति से जुड़े विशाल वाल्मिकी सहित अन्य लोगों ने कर्जन ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया.

सीएचसी बरकट्ठा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 597 मरीजों का किया इलाज

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा को लेकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य जॉच किया गया। इस निमित शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी,सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अभिषेक प्रताप,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ साजिया फरमान,डॉ जसीम,डॉ फातिमा और डॉ परिणिता प्रिया ने मरीजों के स्वास्थ्य जांच की तथा उचित परामर्श दिए ।वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. रत्ना रानी ने बताया कि शिविर में 597 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। शिविर को सफल बनाने में बीपीएम रंजीत कुमार, विवेक कुमार, प्रकाश पंडित, नरोत्तम कुमार, मोनिका कुमारी, दीपेश कुमार समेत अन्य कर्मी की भूमिका सराहनीय रही।

जलसहियाओं को दी गई स्वच्छता ही सेवा अभियान की जानकारी

हजारीबाग। नगर भवन हजारीबाग में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग की ओर से शुक्रवार को सभी जलसाहियाओं के साथ एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया जा रहा है. दो अक्तूबर तक चलनेवाली कार्यशाला में जलसहियाओं को स्वच्छता ही सेवा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. एक अक्तूबर की सुबह 10 बजे से एक घंटे के लिए हर गांव में श्रमदान कराने के बारे में बताया गया. साथ ही दो अक्तूबर को सभी गांवों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन करने के बारे में जानकारी दी गई. विभागीय निदेश के आलोक में शुद्ध पेयजल के महत्व, उसके संधारण और एफटीके फिल्ड टेस्ट किट से जल जांच के बारे में जानकारी दी गई.

सहायक अध्यापक सह झारखंड आंदोलनकारी सरयू राम का निधन, गांव में पसरा मातम

इचाक। प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम बांका निवासी सहायक अध्यापक सह झारखंड आंदोलनकारी सरयू राम 55 वर्ष,पिता स्व0 मानकी राम का कुछ दिन पूर्व तबियत बिगड़ जाने के कारण इलाज के दौरान निधन हो गया। सूचना मिलते ही विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,इचाक के झारखंड आंदोलनकारी आर के मेहता,आंदोलनकारी महेश मांझी, राजा राम मांझी, महादेव मांझी,छोटन मांझी, जॉन पीटर, सन्नू मांझी समेत दर्जनों की संख्या में लोग मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट की।वहीं लोगों ने उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किया तथा शव यात्रा में शामिल हुए। विदित हो कि मृतक अपने पीछे दो पुत्र ,दो पुत्री व पत्नी छोड़ चल बसे।

होमगार्ड जवानों के समर्थन में धनंजय कु. पुटूस ने मंत्री आलमगीर आलम को दिया आवेदन

रामगढ़। रामगढ़ जिला के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में प्रतिनियुक्त होमगार्डो को दिसंबर 2022 से अगस्त 2023 कुल आठ महीनों से कर्तव्य भत्ता (सैलरी) नही मिला है। जिस कारण इन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिनों होमगार्ड जवानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी व आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस से मुलाकात कर भुगतान करवाने का आग्रह किया था। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने झारखंड सरकार में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को आवेदन देकर जल्द से जल्द रामगढ़ के इन होमगार्डो के बकाया भत्ता का भुगतान करवाने का आग्रह किया है।

रमेश कुमार महतो बने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी

रामगढ़। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति केंद्रीय कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारियों की उपस्थिति में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ जिला इकाई की बैठक 28 सितंबर को संपन्न हुई । बैठक में रमेश कुमार महतो को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। अपने मनोनयन पर रमेश कुमार महतो ने कहा कि मुझे संगठन के केंद्रीय कमेटी द्वारा जो दायित्व सौंपा गया है उसपर खरा उतरते हुए जिले में संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करूंगा। साथ ही संगठन के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने का कार्य करूंगा।

रामगढ़ से सैकड़ों पदाधिकारी आजसू पार्टी के महाधिवेशन में शामिल होने के लिए हुए रवाना

रामगढ़। आजसू पार्टी केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में 29 सितम्बर को रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि रामगढ़ जिला से महाधिवेशन के प्रथम दिन आजसू पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल होकर पार्टी की नीति एवं सिद्धान्त के बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे एवं राज्य के विभिन्न विषयों पर विचार का आदान प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि महाधिवेशन के अंतिम दिन रामगढ़ जिला से हजारों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होकर अधिवेशन को सफल बनाने में गवाह बनेंगे। रवाना होने वालों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो, वार्ड पार्षद देवधारी महतो, रोशन कुमार, संजय करमाली, डिया महतो, कैलाश महतो, राजकुमार महतो आदि शामिल थे।

दुगार्पूजा के पहले बदले जायेंगे जर्जर 11 हजार वोल्ट तार, मिला आश्वासनः सी के पांडेय

बरकट्ठा। जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी सी के पाण्डेय द्वारा जिले के बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मिल कर प्रखण्ड क्षेत्र के सभी जर्जर तार को बदलने की मांग आवेदन देकर की गई है।इस निमित उप जेनेरल मैनेजर सुधीर कुमार एवं एस्क्यूटिव मैनेजर मोहन हेसा ने बरकट्ठा प्रखण्ड के जर्जर 11 हजार तार को दुगार्पूजा के पहले हर हाल में बदलने का आश्वासन दिया।सी के पांडेय ने बातचीत के क्रम में बताया कि क्षेत्र के सभी खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर आगामी सोमवार से मिलना शुरू हो जाएगा।

जानकारी

बड़कागांव में किसान गोष्ठी का आयोजन

कम लागत पर बेहतर पैदावार के मिले टिप्स

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। वायर क्राफ्ट साइंस कंपनी की ओर से बड़कागांव प्रखंड के चंदौल पंचायत स्थित डुंडीटांड़ गैस प्लांट प्रांगण में किसानों की गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर किसानों को डीएसआर विधि से धान की रोपाई एवं बाग धान की बुआई पर चर्चा की गई. साथ ही रोपाई एवं बुआई, धान की पैदावारी, लागत एवं अन्य जानकारियां दी गईं. कंपनी के झारखंड राज्य के रिसर्च एंड डेवलपमेंट मैनेजर कुलवंत किशोर ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड के क्लाइमेट के अनुसार प्रति एकड़ आठ से नौ किलो धान की बुनाई उनकी कंपनी के बीज का ही किया जाना है. झारखंड में डीटी 8433, 6444 गोल्ड, तेज गोल्ड और 6585 एसटी अनुकूल है और अच्छी पैदावार होती है. इसमें घास मारने के लिए वर्षा होने के 15 दिन बाद काउंसिल एक्टिव दवा का छिड़काव करना अनिवार्य है. डीएलएफ झारखंड इंचार्ज सुमित ढाका ने कहा कि सर्वप्रथम जमीन की जुताई जनवरी-फरवरी में की जानी है. उसके बाद मई-जून में भी कड़ी धूप में जोताई करनी जरूरी है और इस समय ही बाग धान की बुनाई कर देनी है. मौके पर वायर क्राफ्ट साइंस लिमिटेड झारखंड के मुख्य प्रवक्ता कुमार कुलवंत किशोर, सुमित ढाका, सौरभ कुमार मौर्य, सुजीत कुमार, शिवनंदन, प्रेम, पवन, कुंदन कुमार लोकनाथ, हरेन्द्र, अंकुर के अलावा बड़कागांव जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी, सोहन लाल मेहता, प्रवीण कुमार, योगेंद्र महतो, रघुनंदन महतो, सनित महतो, खिरोधर महतो, गणेश महतो, मोहम्मद हफीज, माघा महतो, चंद्रिका महतो, तुलसी महतो, प्रमोद कुमार, सुरेश महतो, महावीर प्रसाद, कामेश्वर महतो, ईश्वर दयाल महतो, अरुण महतो, मोहन कुमार, देवनारायण महतो के अलावा कई महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे.

झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने जीएम को मांग पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सीसीएल महाप्रबंधक एनटीएस बरकाकाना को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व संगठन के सक्रिय सदस्य गिरिशंकर महतो ने किया। महाप्रबंधक को दिए गए मांग पत्र में आधा किलोमीटर के दायरे में रहने वाले विस्थापितों को बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा की सुविधा देने, सार्वजनिक पुस्तकालय का निर्माण करने, दुर्गा पूजा के लिए गठित कमेटी में विस्थापितों को स्थान देने, खेल के लिए युवाओं को सुविधा देने, स्थानीय रैयत विस्थापितों को रोजगार देने, ठेका के कार्य में स्थानीय विस्थापितों को प्राथमिकता देने, सीसीएल द्वारा अधिग्रहण किये गए खाली भूमि पर मार्केटिंग कॉम्पलेक्स बनाकर स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, सभी विस्थापित गांवों में वृक्षारोपण करने, विस्थापित क्षेत्र के बच्चों को स्कूल जाने के लिए बस की सुविधा देने , सीसीएल कॉलोनी में अवैध रूप से कब्जा किए गए क्वार्टरों को खाली करवाने आदि की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से गिरिशंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, रमेश कुमार महतो, दीपक महतो, कैलाश साव, जयपाल महतो, विक्की बेदिया, अंजन महतो, लूमनाथ महतो, सुधीर कुमार, नसरूद्दीन अंसारी, दिनेश महतो, अरूण बेदिया, बीगन महतो, कुंदन कुमार, श्याम सुंदर महतो, नीरज बेदिया आदि शामिल थे।

गागर में सागर

डोर टू डोर जाकर केन्द्र सरकार के कार्यों को पहुंचाएंः तुलसी साहू

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक सलडेगा में शुक्रवार को नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी तुलसी साहू ने कहा कि हम सभी कार्यकताओं को एक जुट होकर बूथ में डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचानी है ,एवं राज्य सरकार की विफलताओं को बतानी है,साथ ही बूथों का सत्यापन भी करना है।वहीं मंडल प्रवासी रवि गुप्ता ने कहा कि मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र में जाकर बैठक करें एवं शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी को बूथ मजबूत करने का मार्गदर्शन करें।

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने किया ज़िले भर में टॉप

बानो। झारखंड नर्सिंग काउंसिल द्वारा आयोजित ए एन एम की परीक्षा में मदर टेरेसा कॉलेज की छात्रा मोयलेन केरकेट्टा एवं अर्चना कंडुलना ने जिले में टापर किया है साथ ही सभी तीस छात्राओं ने सर्वोत्कृष्ट अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। निदेशक डॉ प्रहलाद मिश्रा एवं प्राचार्या संगीता कुमारी ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए मंगलमयी शुभकामनाएं दी है।

राजकुमार महतो को केन्द्रीय मंत्री ने सिल्वर मेडल देकर किया सम्मानित

सिमडेगा। शहर के सलडेगा मोदी टोली निवासी पूना बेसरा के पुत्र राजकुमार महतो ने पीजीडीआरडीएम परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। उनकी सफलता के लिए भारत सरकार के केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साधवी निरंजन ज्योति एवं यूजीसी के चैयरमैन ने सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। राजकुमार ने बताया कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रुरल उेवलपमेंट एवं पंचायती राज हैदराबाद में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रुरल डेवलपमेंट एवं मैनेजमेंट परीक्षा में 78.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। राजकुमार ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक केशव कुमार सहित अपने परिजनों को दिया है। फिलहाल राजकुमार कोल्हान प्रमंडल में मनरेगा में नौकरी करता है।

कोडरमा : दादा लापता, पोते ने थाना में दिया आवेदन, लगाई गुहार

कोडरमा। नवलशाही थाना क्षेत्र के मसमोहना निवासी गुल्ली राणा, उम्र 76 वर्ष लापता हो गये. उनका पोता पप्पू राणा, पिता अशोक राणा, ग्राम मसमोहना ने नवलशाही थाना मे सनहा दर्ज कराया है. सनहा मे कहा गया है कि मेरे दादा गुल्ली राणा, उम्र 76 वर्ष रंग सांवला कद 5 फीट 3 इंच, पोशाक घीया रंग, कमीज और सफेद धोती, हवाई चप्पल पहने हुए हैं. उनका मानसिक हालत खराब है. इलाज के लिए हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या-18624 दिन गुरुवार को पटना जा रहे थे. अचानक गाड़ी से उनके दादा कहीं लापता हो गए. काफी खोज बिन किया गया पर कहीं पता नहीं चल पाया. आवेदन देकर परिजन ने पुलिस से खोजने की गुहार लगाई है.

बोलबा प्रखंड में हाथी भागने की सामग्री वन विभाग ने किया वितरण

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में हाथी भगाने का सामग्री वन विभाग ने किया वितरण । इस मौके पर बताया गया कि वन विभाग के द्वारा बोलबा प्रखण्ड के घरसा, सेंदरिया, पहान टोली, जैम टोली , सराइजोर, तलमंगा, कुंदुरमुण्डा आदि गांवों में मोबिल, जुट, रड्डु आदि हाथी भगाने की सामग्री का वितरण किया गया । गौरतलब हो इस क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है ।जंगली हाथियों के द्वारा खेत में लगाए गए फसलों को नुकसान करने के साथ-साथ किसानों के घर को भी तोड़फोड़ कर घर में रखे अनाजों को नष्ट किया ।जिसके बाद किसानों को रहने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने की समाहरणालय में 20सूत्री समिति की बैठक

लंबित मामलों का ससमय करें निष्पादन : मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उराँव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा एवं अपर समाहर्ता श अमरेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। बैठक के दौरान माननीय मंत्री के द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास, मत्स्य, सहकारिता, नगर विकास एवं आवास विभाग, भवन निर्माण, वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ऊर्जा, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, राजस्व, पथ निर्माण, कल्याण विभाग, महिला, बाल विकास एवं समाजिक सुरक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, पेयजल एवं स्वच्छता, जल संसाधन, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण, खान एवं भूतत्व, परिवहन, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, एवं भू-अर्जन से संबंधित कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देश की कार्यवाही का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित योजनाओं एवं लंबित भुगतान से संबंधित मामलों को ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन जिला योजना पदाधिकारी द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन बैठक में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला परिषद्

अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि उपेन्द्र श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि जॉनसन मिंज, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा श्री संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो० शामी आलम, 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य सहित जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण व अन्य उपस्थित थे।

भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने बिजली समस्या को लेकर ग्रामीणों से की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

पाकरटांड। प्रखंड के गोठाइनटांगर में शुक्रवार को विद्युत समस्या को लेकर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर समस्याओं से रूबरू हुए। गोठाइनटांगर ग्राम के विद्युत उपभोक्ताओं ने श्री बेसरा को बताया कि गांव में जब विद्युतीकरण नहीं हुआ था उस समय ही हमें मीटर दे दिया गया था, उक्त मीटर का उपयोग वर्तमान समय में भी नहीं किया जा रहा है। जब गांव में पुर्ण रूप से विद्युतीकरण किया गया उसके पश्चात पुनः दुबारा मीटर दिया गया जिसका उपयोग वर्तमान समय में मीटर रीडिंग के हिसाब से बिल भुगतान किया जा रहा है ।परन्तु जिस मीटर का उपयोग कभी हुआ ही नहीं है उक्त मीटर का भी विद्युत बिल भेजने का कार्य किया गया है। जिसके कारण गांव के सभी लोग बिल आने से असंमजस की स्थिति में है क्योंकि उस वक्त गांव में विद्युतीकरण नहीं किया हुआ था ।इस संबंध में बेसरा ने लोगों को आश्वस्त किया कि आप सभी ग्रामीणों की समस्या को विद्युत विभाग पदाधिकारीयों के पास सुनाया जाएगा एवं जिनके पास डबल मीटर है उसमें से एक मीटर को बंद करने के लिए आवेदन दिया जाएगा। वही कुछ ग्रामीण विद्युत बिल नहीं आने से काफी परेशानी हो रहे थे। उन्हें भी श्री बेसरा ने कहा कि आपकी समस्याओं के निराकरण हेतु भी विभाग को जानकारी दी जाएगी। एवं समाधान के लिए आवेदन दिया जाएगा ।मौके पर सागर सिंह,कलावती देवी, रामजीत सिंह, बालमोहन सिंह, गोविंद कुमार साहू, वीरसमणी देवी, सरोज देवी, अमरूश कुल्लू, जगमोहन सिंह , सुमित्रा देवी, सीता देवी, बहुरा यादव, अजीत गोप, बिरसा गोप, फूल सिंह, दुर्गा गोप, मदन सिंह, सुखाचंद बड़ाईक इत्यादि अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

कोडरमाः झामुमो जिला समिति की बैठक, सदस्यता बढ़ाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। डोमचांच मेहता भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला समिति की बैठक हुई. झारखंड मुक्ति मोर्चा सदस्यता अभियान और पंचायत कमेटी गठन की समीक्षा की गई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने किया जबकि संचालन जिला सचिव श्यामदेव यादव ने किया. बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव और बैजनाथ मेहता मौजूद रहे. बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्यता बनाने पर जोर दिया गया. पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा की गई. मौके पर जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, कोडरमा प्रखंड सचिव उमेश कुमार यादव, मुखिया बसंती देवी, दिवाकर तिवारी, किशोर प्रसाद, मुन्ना कुमार सिंह, मोती सिंह, उदित मेहता, धीरेंद्र मेहता, कैलाश यादव, संदीप यादव, मोहम्मद नाजीर अंसारी, निर्मल दास, महावीर राणा, सुखदेव सिंह, मसमोहना देवनारायण प्रसाद समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे.

केरसई : 25 मॉडल किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण-मुफ्त बीज वितरण

नवीन मेल संवाददाता

केरसई। लीड्स संस्था के सहयोग से अंधेरी हिल्फी बॉन परियोजना के तहत केरसई प्रखण्ड के कोनजोबा पंचायत भवन में 25 मॉडल किसानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया ।इस प्रशिक्षण में कोनजोब पंचायत के ग्राम कोरकोटजोर, गोरारजोर एवम पाकरटोली , बाघडेगा पंचायत के कोनसकेली एवम पाहरसारा ग्राम से सभी 25 मॉडल किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खेती एवम जीरो बजट खेती पर प्रशिक्षण दी गई, साथ ही सभी किसानो को 8 प्रकार के सब्जियों का बीज निशुल्क वितरण किया गया ।जिसमे टमाटर, हरी मिर्च, बैगन, मूली, बोदी, पूई साग, पालक साग एवं फरसबीन है ।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ कोनजोबा पंचायत के मुखिया मुन्स खेस के हाथो किया गया ।इस प्रशिक्षण में कोनजोबा पंचायत के मुखिया मूंस खेस, लीड्स संस्था से संदीप कुमार, मोहम्मद इब्राहिम,प्रदीप टोप्पो, विवेक लकड़ा, सुमिरा बड़ाईक, बिनीता लकड़ा, एवम ग्रामीण उपस्थित हुए।

सैनिक स्कूल के बच्चों ने महात्मा गांधी के विचार पर चर्चा की

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। सैनिक स्कूल तिलैया के सैन्य-छात्र, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर, भारत सरकार द्वारा निर्देशित ह्वराष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ भागीदारी कर रहे हैं. इस क्रम में गुरुवार विशिष्ट दिन रहा. मॉर्निंग असेंबली के दौरान सैन्य- छात्रों ने ह्वस्वच्छता ही सेवा हैह्व विषय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को सहेजा और गांधी- दर्शन की चर्चा की. बताते चलें कि यह स्वच्छता अभियान आगामी 02 अक्टूबर तक ह्वमहात्मा गांधी जयंती की अवसर पर चलाया जा रहा है. इस चर्चा के दौरान प्रातः असेंबली के विशेष अतिथि रहे- डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, जो कि डॉ विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सदस्य रहे हैं. इस चर्चा के दौरान डॉ. सिंह ने बताया कि स्वच्छता के कई स्तर हैं जिनमें व्यक्तिगत तथा मन की स्वच्छता, परिवार पड़ोस की स्वच्छता, समाज-देश और व्यवस्था की स्वच्छता निहित है. जब हम इन सभी तरह की स्वच्छता का संयोजन

कर लेंगे, हमारा देश स्वयमेव ह्वसारे जहां से अच्छा दिखने लगेगा. साथ ही साथ हम पानी, हवा, मिट्टी, आकाश इन सबकी स्वच्छता का ध्यान रखें और इन्हें प्रदूषण मुक्त रखें, तभी हमें स्वच्छ कहलाने का अधिकार है. इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित करते भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं सैनिक स्कूल के प्राचार्य ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी ने डॉ सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सम्मानित किया. अनुभवी प्राचार्य ने कहा कि यदि हम स्वच्छता के प्रति दृढ़-प्रतिज्ञ हों तो हमें उन्नति, अनुशासन की अनंत संभावनाओं से कोई विलग नहीं कर सकता. यह स्वच्छता अभियान किसी दिन विशेष का अभियान नहीं है बल्कि यदि हम आजीवन व्यक्तिगत स्तर पर स्वच्छता का अनुपालन करें, समाज को जागृत करें तो हमारा राष्ट्र और भी मजबूत होकर आगे बढ़ेगा. इस दौरान उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाइन लीडर अनंत कुमार श्रीवास्तव और वरिष्ठ अध्यापक श्री मनोरंजन पाठक एवम् अन्य कई शैक्षिक व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे.

14 वर्षीय किशोर ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बानो। थाना क्षेत्र के पाबूड़ा बरटोली में 14 वर्षीय अरीनुश लुगुन लड़के ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना के संबंध में जानकारी मिली की अरीनुश लुगुन मूल रूप से बानो थाना क्षेत्र के पाबूड़ा बर टोली की निवासी है ।किसी बात को लेकर घर में झगड़ा हुआ था इसके बाद प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार की रात में भी वो अपना रूम में चला गया। जब सुबह हुई तो वो रूम से बाहर नहीं निकला।दरवाजा अंदर से बन्द था ।परिजनो ने काफी उसे गेट खोलने को कहा लेकिन गेट नही खोल रहा था ,तब परिजनों ने दरवाजा तोड़ कर अंदर गया तो देखा कि लड़का साड़ी के सहारे झूल रहा था। इस बात की जानकारी परिजनों ने मुखिया आलोक बारला को दिया जैसे घटना की जनकारी मुखिया आलोक बारला को हुई । तुरंत इसकी सूचना बानो थाना को दिया गया ।इसके उपरांत बानो थाना के एसआई अक्षयर राम एवम एसआई शंकर बाखला घटनास्थल के लिए रवाना हुए इसके उपरांत शव को अपने कब्जे में लेते हुए कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए शव को सिमडेगा भेज दिया।

कोलिबिराः इंटर मवि. में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल

कोलेबिरा। वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर एस के बागे इंटर महाविद्यालय कोलेबिरा में एकदिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर तथा सरकार के मनमानी रवैया के खिलाफ नारेबाजी की गई। वही साथ ही साथ सिमडेगा जिले के सभी वित्त रहित इंटर महाविद्यालय में भी शैक्षणिक हड़ताल की गई जिसमें संस्थान के व्याख्यातागण तथा संस्थान के कर्मीगण मौजूद रहे। वहीं एस के बागे इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं इंटर कॉलेज संघ , जिला इकाई सिमडेगा के अध्यक्ष विद्याबंधु शास्त्री ने हड़ताल के मौके पर कहा कि वित्त रहित कॉलेज को एक प्रारूप पत्र भरने का निर्देश दिया जा रहा है जो हमारे अस्तित्व के विपरीत है और कानून के विपरीत भी। कोई भी संस्थान इस प्रारूप को नहीं भरें ऐसा उन्होंने अपील भी कि । सरकार की ऐसी मनमानी रवैया लोकतंत्र के खिलाफ है। वही संस्थान के विभिन्न संकाय में अध्यनरत छात्र छात्राएं सरकार के ऐसी नीति पर क्षुब्ध तथा मायूस होकर अपने-अपने घर के लिए प्रस्थान कर गए।

लचरागढ़ में महिला कांग्रेस की बैठक कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

कोलेबिरा। प्रखंड के लचरागढ़ में शुक्रवार को महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजन किया गया बैठक में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव फुलकेरिया डांग एवं कांग्रेस महिला प्रखंड अध्यक्ष महिमा केरकेट्टा की अध्यक्षता की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी की बैठक हुई ।बैठक में बताया गया कि आज महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा का आगमन रांची हरमू में हो रहा है। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि कोलेबिरा महिला कमेटी भाग लेगी ।मौके पर प्रखंड महिला उपाध्यक्ष एरेन केरकेट्टा, पंचायत अध्यक्ष ग्रेस जोजो,महिला प्रदेश सचिव फुलकेरिया डांग,बीस सूत्री अध्यक्ष लूथरसुरीन आदि ने भाग लिए।

महिला संघ | खूंटीटोली चर्च मैदान में बालक फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

ग्रीन गार्डेन ने फसराबेड़ा को 1-0 से हराया

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। महिला संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को खूंटीटोली चर्च मैदान में बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिप सदस्य जोसिमा खाखा व विशप मुरेल बिलुंग ने संयुक्त रुप से किया। प्रतियोगिता के फाईनल मैच में ग्रीन गार्डेन ने फसराबेड़ा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को जोसिमा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधित में जोसिमा खाखा ने कहा कि महिलाओं ने बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर बता दिया हम महिलाएं अब किसी से कम नहीं है। हमारे अंदर भी हर कार्य करने का जज्बा है। उन्होंने कहा कि

आप सभी महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। आपसे सीख लेकर अन्य महिलाएं भी प्रतियोगिता का आयोजन कराने के लिए आगे आएंगी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का मंच है। ऐसे आयोजन से ही जिले के होनहार युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा की पहचान देश-विदेश में बना रहे हैं। जोसिमा ने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी खेल का विकास एवं खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आया है। जगह जगह मैदान का विस्तार हुआ है। खिलाड़ियों को सीधी नौकरी मिल रही है। विधायक भूषण बाड़ा भी खेल के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। मौके पर बिपिन तिग्गा, जोनसन मिंज, पादरी सिमोन हेरेंज, पादरी एसुनाजरी, पादरी जेम्स जोजो, सूचित हेरेंज, उर्मिला केरकेट्टा, लीला नाग, पूनम लकड़ा, प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति की प्रेमधानी हेमरोम, बहालेन लकड़ा, सुमन हेमरोम, गोडलीन समद सहित सभी सदस्याओं का अहम योगदान रहा।

कोडरमा उपायुक्त ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज ने नगर पंचायत कोडरमा और नगर परिषद झुमरी तिलैया का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों का युक्तिकरण को लेकर विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में उन्होंने फरेंदा, माइकनेट, भादोडीह व अन्य स्थानों पर स्थित मतदान केंद्रों का जायजा लिया और उप निर्वाचन पदाधिकारी को उक्त मतदान केंद्रों में युक्तिकरण को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने सुपरवाइजर और बीएलओ को मतदान केंद्रों से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने और रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा.

उन्होंने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, नाम बदलने इत्यादि कार्य करने के निर्देश दिये. इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार व अन्य मौजूद रहे.

गागर में सागर

मेराल व चिनिया में विश्व हिंदू परिषद के शौर्य जागरण यात्रा रथ का हुआ स्वागत

मेराल/ चिनिया। राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा रथ शुक्रवार को मेराल पहुंची, जहां बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा भाजपा के लोगों ने उसका स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद मेराल के अध्यक्ष सत्यम मल्होत्रा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने सीताराम तथा लक्ष्मण के साथ रामेश्वरम सेतु का शीला का पूजन किया तथा सामूहिक रूप से आरती की। इस मौके पर विहिप के शुभम मल्होत्रा, शुभम जायसवाल, हिमांशु जायसवाल, आकाश जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, अर्पित मल्होत्रा, प्रकाश चंद्र, अमन कुमार, ज्योतिष जायसवाल, रंजन जायसवाल, राजन सोनी, अमन सोनी, अमित सोनी, सागर मद्धेशिया, विवेक कुमार, अंशु जायसवाल, शिवम जायसवाल, अंकित जायसवाल, अनुराग मल्होत्रा, विकास शर्मा, चीकू जैसवाल, दीपक चौबे, भाजपा के चंद्रमणि पाठक, महेंद्र सिंह, मनोज जायसवाल, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद थे। वहीं चिनिया प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व भाजपा के लोगों ने श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली शौर्य जागरण यात्रा रथ का स्वागत किया। हनुमान मंदिर परिसर में रामेश्वर राम सेतु का शीला का पूजन एवं सामूहिक आरती की गई।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने इकबाल

डंडई। प्रखंड क्षेत्र स्थित तसरार गांव के समाजसेवी जफर इकबाल को कांग्रेस पार्टी के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मौके पर इकबाल ने कहा कि पार्टी की ओर से जिस उद्देश्य के साथ मुझे जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर मैं से खरा उतरने का काम करूंगा। अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने से खासकर, अल्पसंख्यक समाज तक ही मेरा क्रियाकलाप सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य समुदाय के लोगों के सामाजिक कार्यों के अलावा कई तरह के कार्यों में भी हिस्सा लेने का काम करता रहूंगा। कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष कयामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, 20 सूत्री सदस्य शरीफ अंसारी, समाजसेवी महफूज अंसारी, अकबर अंसारी इत्यादि ने इकबाल के मनोनयन का स्वागत किया है।

एसपी से मिले चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोग

श्री बंशीधर नगर। गढ़वा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों ने पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात कर अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ एवं बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की। इसके उपरांत एसपी नगर उटारी एवं मझीआव की समस्याओं से रूबरू हुए। व्यवसाई अशोक सेठ द्वारा हाल में नगर उटारी में हुए किडनैपिंग की घटना को रखा गया। टाइगर मोबाइल द्वारा शहर में गस्त करने का प्रस्ताव रखा। इस पर दो टाइगर मोबाइल वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई। जाम की समस्या को भी रखा गया। मौके पर चैंबर के जिला अध्यक्ष बबलू पटवा, महामंत्री राजकुमार सोनी, अशोक सेठ, आनंद कमलापुरी, अजय केसरी, सत्येंद्र केसरी उर्फ सोनू बाबू, पूनमचंद कांस्यकार, राकेश पाल, विनय जायसवाल उर्फ.नेताजी, मनीष कमलापुरी, अरुण सोनी, प्रवीण सोनी उपस्थित थे।

जेएसपीएलएस ने की वार्षिक आमसभा

रमना। जेएसपीएलएस की ओर से वार्षिक आमसभा का आयोजन मध्य विद्यालय सिलीदाग के मैदान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीपीएम गिरजेश शर्मा एवं मड़वानियां मुखिया स्वीटी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाली सखी बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन पूनम देवी व धन्यवाद ज्ञापन मीना देवी ने किया। मौके पर मड़वानियां मुखिया स्वीटी वर्मा, सीसी अनय कुमार, रोहित कुमार, श्यामलाल पासवान, समाज सेवी अर्जुन चौधरी, अमित प्रकाश, ब्रजेश कुमार, बैंक सखी बबिता देवी, जीआरपी जितेंद्र कुमार सिंह, अतुल तिवारी, सविता देवी, रौशन आरा, सुनीता देवी, सुमन देवी, अंजू देवी, किरण सिंह, संयुक्ता देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, प्रियंका देवी, देवंती देवी, फूलकुमारी देवी एवं कविता देवी आदि उपस्थित थे।

बीडीओ बोले, राशन वितरण से बचने के लिए बहाने बना रहे डीलर

समस्या का हल नहीं होने पर डीलरों ने की सामूहिक इस्तीफे की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
प्रखंड के फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के डीलर एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्या का समाधान नहीं होने पर 3 अक्टूबर को सामूहिक इस्तीफा देंगे। उक्त बाते प्रखंड के डीलरों ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में कही। संघ के अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने कहा कि सभी डीलर हर महीने अनाज को वितरण करते हैं फिर भी एनआईसी के द्वारा पूर्व क्लोजिंग बैलेंस दिखाकर स्टॉक से अधिक राशन काटा जा रहा है। 2020 से दिसंबर 2022 तक कोरोना काल की अवधि में कमीशन बकाया है। हम सभी डीलरों को ई पॉश मशीन जब से मिली है आज तक कभी भी मशीन का मेंटेनेंस कंपनी के द्वारा नहीं किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मापतौल मशीन में राशन वितरण करते समय कुछ ना कुछ समस्या आ जाती है।

इसके अलावा चार्ज करने पर तुरंत फूल चार्ज, उपयोग करते समय तुरंत खत्म हो जाता है। ई पॉश मशीन से मापतौल कांटा केवल कनेक्टिंग में समस्या, वजन में ऑटोमेटिक अंतर हो जाना इत्यादि समस्या से प्रखंड के डीलर्स त्रस्त हैं। हम सभी डीलर को आज तक गोदाम में शुद्ध तौलकर राशन

नहीं मिलता है। साथ ही साथ बोरा बाद नहीं किया जाता है। जेएसएफएसएस का अनाज जो जनवरी 2023 से सितंबर 2023 तक का वितरण किया है उसका कमीशन बकाया है। खरौंधी के डीलरों को विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा हर माह जनता को गलत तरीके से आरोप लगाने के लिए उकसाया जाता है। इन लोगों के द्वारा हम से अवैध पैसे की मांग की जाती है, जिससे हम मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुके हैं। अगर एक सप्ताह के अंदर जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी तथा बीडीओ सह एमओ हमारी समस्या का समाधान नहीं करते हैं तो हम सभी डीलर 3 अक्टूबर को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ सह एमओ को सामूहिक इस्तीफा देंगे। मौके पर फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसियेशन के नरेश बैठा, भगवान दत्त मेहता, जवाहिर उरांव, हरकनिया देवी, खुर्शीद अंसारी, शंभू लाल श्रीवास्तव, अजय पासवान, इंदल पासवान, मुकेश कुमार तिवारी, कुलदीप सिंह, रेयासत अंसारी, नजारे आलम सहित सभी डीलर उपस्थित थे। बीडीओ सह एमओ गणेश महतो ने इस संबंध में कहा कि डीलर राशन वितरण करने से बचने के लिए कई तरह के बहाने बना रहे हैं। डीलर को इस्तीफा देने के लिए प्रखंड कार्यालय आने दीजिये। सभी का इस्तीफा मंजूर कर कारवाई करेंगे।

मुकुंदपुर की पीडीएस की दुकान को किया निलंबित

केतार। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन ने मुकुंदपुर गांव के मां अंबे जन वितरण प्रणाली की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। डीलर पर आरोप था कि उसके द्वारा प्रति माह राशन वितरण में कटौती कि जाती है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्राचार कर मां अंबे जन वितरण प्रणाली की दुकान से संबंधित राशन कार्डधारियों को आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह की दुकान से टैग करने की अनुशंसा की है। उल्लेखनीय है कि मुकुंदपुर गांव के राशन कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन देकर मुकुंदपुर गांव के डीलर द्वारा राशन वितरण में कटौती करने, अभद्र व्यवहार करने और समय पर राशन वितरण नहीं करने की शिकायत की थी। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ द्वारा लाभुकों की शिकायत पर जांच की गई। जांच में लाभुकों के आरोपों की पुष्टि हुई थी।

प्रमुख ने की शेड के नाम पर ठगी व फर्जी निकासी

भाजपा नेता ने प्रेस वार्ता कर लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा ग्रामीणों से शेड देने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने तथा अपने यहां संचालित सीएसपी व सुनील कुमार दुबे के नाम से चल रहे सीएसपी से लाखों रुपये की फर्जी निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि सैकडों लाभुकों एवं दर्जनों मृत व्यक्तियों के नाम से भी राशि निकाल लेने की शिकायत मिली है।

उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। बीडीओ सत्यम कुमार व प्रखंड प्रमुख अजय साव दोनों मिलकर प्रखंड की जनता को चौतरफा लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता से राशि ठगने में दोनों लगे हैं, जिसके कई प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड प्रमुख द्वारा उन्हें दिये गये एक पत्र में कहा गया है कि 38 लोगों के पशु शेडों की कोडिंग कराकर प्रत्येक व्यक्ति से तेरह हजार रुपये लेकर उन्हें एक वर्ष से दौड़ाया जा रहा है। बीडीओ द्वारा न तो योजना को पूरा किया जा रहा है और न पैसा लौटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख द्वारा 11 खाताधारकों की अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी की गई है, जिसका स्टेटमेंट प्रमाण के रूप में है। उन्होंने कहा कि वे जिले के उपायुक्त से मिलकर इस मामले से उन्हें अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक गढवा व अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी को इस मामले से संबंधित आवेदन देकर स्थल जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने तथा गरीबों की ठगी गई व फर्जी तरीके से निकाली गई राशि सूद सहित वापस कराने की मांग करेंगे। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, अश्विनी कुमार, धीरज जायसवाल, रमेश प्रसाद, सोबराती खां, अरुण कुमार, सलीम अंसारी, सुनील प्रसाद, नंदकिशोर प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता, नंदलाल उरांव, हाफिज अंसारी, मो. हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

रंका थाना क्षेत्र में अवैध बालू बेचने के आरोप में दो कारोबारी गिरफ्तार

गढ़वा। रंका थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू परिवहन एवं बिक्री करने के मामले में दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने राजकमल पांडे व ओम प्रकाश यादव के बालू के अवैध कारोबार में शामिल चार ट्रैक्टर और सात हजार घन फुट बालू जब्त किया है। एसपी दीपक कुमार पांडे ने प्रेस वार्ता कर बताया कि रंका प्रखंड में अवैध रूप से बालू परिवहन एवं बिक्री करने के मामले में जिला खनन पदाधिकारी नंदिदेव बैठा द्वारा रंका थाने में 29 सितंबर को खरडीहा निवासी बच्चन पांडे, कंचनपुर गांव निवासी रामप्रवेश यादव, अजीत पांडेय, होन्हेकला निवासी ओमप्रकाश यादव, राजकमल तिवारी पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। एसपी ने बताया कि अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि 26 सितंबर को जिला खनन पदाधिकारी ने रंका निवासी रोशन पाठक पर अवैध बालू भंडारण करने के मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई थी। उक्त मामले में भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। मौके पर डीएसपी संतोष कुमार, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार आदि मौजूद थे।

शहर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटें की जाएंगी दुरुस्त

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
दुर्गा पूजा व श्रीरामचरित मानस नवाह्नय परायण पाठ महायज्ञ को लेकर नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन की अध्यक्षता में पूजा संघों के अध्यक्ष व सचिवों की बैठक हुई। प्रशासक ने पूजा पंडालों को हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने पूजा पंडालों में कम से कम दो सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रोस्टर बनाकर करने की बात कही।

इसके अलावा शहर की सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की भी बात उन्होंने कही। समिति के महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रमों का शुभारंभ 14 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। समिति के सचिव आशीष टैगोर ने मानस पथ में गिरे गृह निर्माण सामग्रियों को हटवाने का आग्रह किया। विसर्जन स्थल बड़ा तालाब में पर्याप्त लाइटिंग एवं गोताखोर की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। राजा दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह ने पूजा पंडालों के ऊपर लगे बिजली के तारों को अस्थायी रूप से हटाने एवं पेड़ों की छटाई कराने का आग्रह किया। बैठक में कुमार सागर, मुकेश सोनी, शैलेश कुमार, बलवंत सिंह, मनमोहन राम, राजकुमार वर्मा, नगर प्रबंधक जय लक्ष्मी भगत, कनीय अभियंता संदीप बेदिया, नगर पर्यवेक्षक रंधीर कपूर, राजस्व संग्रहकर्ता राजू प्रसाद उपस्थित थे।

जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित

चतरा। सहकारी आंदोलन को मजबूती प्रदान करने एवं उसकी जमीनी स्तर पर पहुंच बनाने हेतु गठित जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य रूप से नेशनल कॉपरेटिव डेटाबेस को नियमित और समय पर अद्धतन करना, नेशनल कॉपरेटिव डेटाबेस के अंतर विश्लेषण के आधार पर नई बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों का गठन करना, पैक्सो को झारखंड राज्य सहकारी बैंकों से संबद्धता, जिला सहकारी संघ यदि अस्तित्व में नहीं है तो जिला सहकारी संघ की स्थापना, नई सहकारी समितियों के पंजीकरण को आसान बनाना, पैक्सो में गोदाम निर्माण हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराना, आदि बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया गया।

दो बाइकों के बीच टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर चंदवा शहर के गैरेज लेन के समीप शुक्रवार दोपहर दो मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

दुर्घटना में चार युवक घायल हो गए, जिनमें एक युवक को गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चकला नवाटोली निवासी संतोष यादव अपने सहयोगी झमन यादव के साथ गैरेज लेन के समीप बाइक को धीमी कर सड़क पर मुड़ने की कोशिश कर रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बाइक सवार दो युवकों ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद वहां मौजूद भाजपा नेता सह समाजसेवी विजय दुबे ने सभी घायलों को टेंपो से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने संतोष यादव रिम्स रेफर कर दिया। उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया है व उसके सिर के पिछले हिस्से में भी चोट के निशान हैं। वहीं दुर्घटना में घायल दो अन्य युवकों की पहचान बालूमाथ के चितरपुर निवासी सुजीत कुमार उंराव पिता महेश उरांव व प्रदीप उंराव पिता राजेंद्र उरांव के रूप में हुई है।

एसपी ने पदाधिकारियों के साथ की थानावार अपराध की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
पुलिस लाइन स्थित सभागार में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही अपराध नियंत्रण को ले कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों के प्रति किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ थानावार अपराध की समीक्षा की।

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस सभा का आयोजन करने को कहा ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके। उन्होंने सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों

को आम लोगों को सहयोग करने तथा पुलिस एवं पब्लिक के बीच बेहतर संबंध बनाने का निर्देश दिया। एसपी ने आने वाले विभिन्न तरह के त्योहारों को लिकर का दिशा निर्देश दिया एसपी ने नियमित रूप से गस्ती करने का निर्देश दियाबैठक में, मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी केके साहू, सर्जेन्ट मेजर ओमप्रकाश दास सहित सभी थाना प्रभारी उपस्थित है।

जल नल योजना का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
प्रखंड के अमरोरा तथा करिवाडीह पंचायत के करिवाडीह तथा भागीडीह में क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को नल जल योजना का शिलान्यास तथा भूमि पूजन किया।

इस मौके पर अमरोरा में आयोजित सभा में शाही ने कहा कि प्रखंड में पिछले दो साल में बारिश नहीं होने से पानी की गंभीर समस्या बन गई थी। इसका समाधान लेकर हम आपके प्रखंड में जल नल योजना लेकर आए हैं। पानी की समस्या किसी जाति, किसी व्यक्ति या एक टोला की नहीं है बल्कि प्रखंड के हर लोगों की है। इससे सभी लोगों को लाभ होगा। इसके पूर्व राजी पंचायत, सुंडी के परसवान, सिसरी तथा

कुपा पंचायत में नल जल योजना का कार्य जोरों से चल रहा है। अब अमरोरा, करिवाडीह तथा भागीडीह में नल जल योजना चालू हो जायेगी। उन्होंने अमरोरा बस स्टैंड से चिनियाही तक सड़क एवं मध्य विद्यालय अमरोरा के चहारदीवारी निर्माण की अगली बार आधारशिला रखने की घोषणा की। मौके पर इग्नासुस बाड़ा, मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, बिनोद चौधरी, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह, विकास कुमार सिंह, आनंद चौधरी, कृष्णा यादव, सुनील द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, कलामुद्दीन अंसारी, सुनील रोशन, विवेकानंद यादव मझिगावां मुखिया बिंदा देवी, समाजसेवी सतीस राम, रवि हुसैन, चंदन उपस्थित थे।

संकल्प यात्रा को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

गढ़वा। आरकेबीएस कॉलेज सोनपुरवा गढ़वा में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 5 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। केशरी ने कहा कि सभी कार्यक्रम संगठन की ओर से बनाई गई रूपरेखा के अनुसार संपन्न होगा। बैठक में जिला संगठन प्रभारी अमित सिंह, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, प्रमोद चौबे, जिला महामंत्री संतोष दुबे उपस्थित थे।

पहल विश्व हृदय दिवस पर रन फॉर हार्ट कार्यक्रम का आयोजन, डीसी बोले

भागदौड़ भरी जिंदगी में एक घंटे जरूर करें व्यायाम

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
विश्व हृदय दिवस पर प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से रन फॉर हार्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत नवनिर्मित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडे, सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह, सीडीपीओ अवध यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, डॉ जेपी सिंह ने की। लोग बाईपास होते हुए नारायणपुर होटल शगुन पहुंचे जहां सेमिनार कार्यक्रम में सभी लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आज हार्ट के

मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और उसकी मुख्य वजह लोगों का अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देना है। उन्होंने कहा कि भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों को स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 1 घंटे व्यायाम करना चाहिए। लगन से काम करें लेकिन टेंशन नहीं लें। एसपी दीपक कुमार पांडे ने कहा कि हार्ट चुनौतीपूर्ण बनते जा रहा है। ऐसे में लोगों को खुद को स्वस्थ रखना काफी आवश्यक है। खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन पैदल चलें, व्यायाम करें। डॉ पंकज प्रभात ने कहा कि आज हार्ट के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पूरे देश भर में लोग इससे मर रहे हैं। मौके पर आईएमए के सचिव डॉ कुमार निशांत, डॉ टी पियूष, डॉ अरशद, डॉ असजद, डॉ शमशेर सिंह, डॉ अमित, डॉक्टर पतंजलि केसरी, संतोष केसरी, विनोद जायसवाल, दौलत सोनी, नंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, अधिवक्ता राकेश शुक्ला, शाहिद आदि उपस्थित रहे।

दो दिनों के अंदर स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का काम पूरा करें प्रधानाध्यापक : बीआरपी

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी- सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में हुई। इसमें बीआरपी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीआरपी ने कहा कि दो दिनों के अंदर सभी प्रधानाध्यापक स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का काम पूरा कर लें। साथ ही अपना टीचर प्रोफाइल भी अपडेट कर लें। जो विद्यालय अभी तक एसपीडी कम्पलीट नहीं किये हैं वे एमआईएस कोआर्डिनेटर से संपर्क स्थापित कर अपना कार्य पूरा करें। ई विद्या वाहिनी में शत प्रतिशत टीचर व स्टूडेंट्स की उपस्तिथि दर्ज नहीं

हो रही जो चितांजनक है। सभी प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करें कि स्टूडेंट्स व शिक्षकों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक को बार बार निर्देश देने के बाबजूद बच्चों का खाता खुलवाने की प्रक्रिया में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस से संपर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। चौबे ने कहा कि ई-विद्या वाहिनी एप में किताब की डिस्ट्रीब्यूशन संबंधित रिपोर्ट भरें। बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत देव, अजय, शोभा पांडेय, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश सिंह, कंप्यूटर कोआर्डिनेटर मुकेश उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

गुस्से में कभी गलत मत बोलें, क्योंकि गुस्सा तो कुछ समय बाद शांत हो जायेगा लेकिन आपके जुबान से निकले गलत शब्द कभी वापस नहीं आयेंगे।

- अज्ञात

खूबसूरत वादियों में सन्नाटा

झारखंड केवल जल, जंगल, पहाड़, नदी और नाला के लिए ही पर्यटकों की पसंद नहीं है। यह धार्मिक टूरिज्म के लिहाज से भी बहुत महत्वपूर्ण है। जो भी व्यक्ति एक बार झारखंड आ जाता है, उसे यहां की आबोहवा इतनी पसंद आ जाती है कि वह या तो यहीं बस जाता है या बार-बार आता है। यहां प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुसकीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुसकीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। यह खुशी की बात है। लेकिन यहां दर्द भी कई हैं। नक्सलवाद की भेंट चढ़ा यह इलाका आज खाली हो चुका है। ऐसे में जहां एक ओर पर्यटन दिवस के मौके पर इसे याद किया जाना यह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में इसके दिन बहुरेगें। देश की राजधानी शायद पर्यटन दिवस के दिनों में यह भूल गयी कि यहां निवास करने वाले एंग्लो इंडियन को काफी दर्द सहने पड़े हैं। उनके सुनहरे ख्वाबों पर कलंक के कई टिके लगे हैं। यही कारण है कि प्रकृति यहां आज भी उदास है। कारण यहां निवास करने वाले ऐंग्लो इंडियन को भगा दिया गया। ऐसे में यहां की वादियों में उनके सुनहले दिनों को लौटाना सरकार का दायित्व है। कोलकाताके एंग्लो इंडियन समुदाय के एर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह को मैक्लुसकीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातू के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को कोऑपरेटिन का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन गैरमजरूआ की श्रेणी में आ गई जिसे वन विभाग ने अधिगृहित कर लिया। उस दौर में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों ने स्लोप वाले आकर्षक घर और सुंदर गार्डेन बनाए थे। जो आज उजाड़ पड़े हैं। बहरहाल इस जगह को प्रकृति ने सचमुच बड़े जतन से सजाया संवारा है। इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन यहां की हरी भरी वादियों में कई प्रकार की सिसकारियां भी सुनाई पड़ती हैं। काश,इस दर्द को कोई सुन पाता। लेकिन समय के साथ संसाधनों की कमी और नक्सलवाद की वजह से एंग्लो इंडियन परिवार यहां से शिफ्ट होते चले गये। ज्यादातर लोगों ने अपने नौकरों को अपने बंगले दे दिए। वहीं कुछ की जमीन हड़प ली गई। अब यहां के जर्जर हो चुके बंगले एंग्लों इंडियन की याद दिलाते हैं। हालांकि अभी भी यूरोप समेत विश्व के कई जगहों से लोग यहां घूमने आते हैं। यहां कई गेस्ट हाउस बने हुए हैं। मैक्लुस्कीगंज में अक्सर फिल्म की शूटिंग भी होती रहती है।

देश की राजधानी शायद पर्यटन दिवस के दिनों में यह भूल गयी कि यहां निवास करने वाले एंग्लो इंडियन को काफी दर्द सहने पड़े हैं। उनके सुनहरे ख्वाबों पर कलंक के कई टिके लगे हैं। यही कारण है कि प्रकृति यहां आज भी उदास है। कारण यहां निवास करने वाले ऐंग्लो इंडियन को भगा दिया गया।

'गुजरात से सेमीकंडक्टर उद्योग का आगाज'

राजीव चंद्रशेखर

गुजरात स्थित साणंद में सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास कर भारत ने इस महीने एक और इतिहास रचा है। अरसे से सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने का सपना अब साकार होने जा रहा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबल एवं निर्णायक नेतृत्व को जाता है। उनकी अगुवाई में केंद्र सरकार ने विगत करीब साढ़े नौ साल के दौरान अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए हैं, जिनमें भारत को सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनाने का निर्णय एक युगांतकारी कदम है। इससे देश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवसर के नये द्वार खुलेंगे और डिजिटल अर्थव्यवस्था रफ्तार पकड़ेगी। विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है। जबकि अत्याधुनिक व उन्नत प्रौद्योगिकी लैस विकसित देश भारत के साथ साझेदारी के अवसर तलाश रहे हैं। महज एक दशक पहले भारत से विदेशी निवेशक पलायन कर रहे थे आज यह देश उनके लिए निवेश का पसंदीदा ठिकाना बन गया है। कोविड की विषम परिस्थितियों से सक्षमतापूर्वक निपटने और आर्थिक गतिविधियों दोबारा पटरी पर लाने में भारत ने जो तत्परता दिखाई वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई है। महामारी के बाद बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के आर्थिक विकास की तीव्र रफ्तार सबसे बड़ी वजह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थाई सरकार, जो साहसिक फैसले लेती है। गुजरात में सेमीकंडक्टर उद्योग के संयंत्र की स्थापना मोदी सरकार की इस महीने की एक और बड़ी उपलब्धि है। सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी अमेरिकी कंपनी माइक्रोन द्वारा गुजरात के साणंद में अपना पहला संयंत्र के लिए 23 सितंबर को भूमि-पूजन किये जाने साथ भारत ने सेमीकंडक्टर के अपने सफर का आगाज किया। इसके दो दिन पहले 21 सितंबर को संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक पर मुहर लगाकर देश की आधी आबादी की दशकों से लंबित मांग पूरी की। नये भारत की नवीन परिकल्पना और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित संसद भवन में प्रवेश हमारे लिए एक सुनहरा पल था। इस नये संसद भवन में विशेष सत्र के दौरान पहले विधेयक के रूप में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करवाकर मोदी सरकार ने वाकई इतिहास रचा है। इससे पहले 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिल्पकारों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर देश के कारीगरों व शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया, जिससे 18 पारंपरिक व्यवसायों को नया जीवन मिलेगा। यह संयोग है कि नये भारत के शिल्पकार आदरणीय मोदी का भी जन्म-दिन 17 सितंबर ही है। इस महीने के आरंभ में देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से स्वीकृत नई दिल्ली घोषणा-पत्र में अभूतपूर्व फैसले लिए गये। शिखर-सम्मेलन में हिस्सा लेने आये राष्ट्राध्यक्षों ने भारत के डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके शासन-व्यवस्था को सरल व पारदर्शी बनाने और नागरिकों को सशक्त करने की पहलों की खूब सराहना की। भारत ने 2025-26 तक देश की जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था की हिस्सेदारी 20 फीसदी से अधिक करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम में सेमीकंडक्टर का अहम स्थान है। आज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले चिप का भारत आयात करता है, लेकिन जब देश में चिप बनने लगेंगे तो आयात पर निर्भरता घटेगी। इस तरह सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास से देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को गति मिलेगी। हालांकि माइक्रोन के सेमीकंडक्टर संयंत्र का निर्माण अभी भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग की विकास यात्रा का महज आरंभ है। लेकिन यह शुरूआत भी जिस अंदाज के साथ हुई है उससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत बहुत कम समय में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीब 22 महीने पहले दिसंबर 2021 में 10 अरब डॉलर की राशि के साथ भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) को मंजूरी दी थी, जो भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक व्यापक दशकीय रोडमैप है। इस 10 साल में महज 10 अरब डॉलर की राशि से हमने जितना हासिल करने का लक्ष्य रखा है उतना चीन 200 अरब डॉलर खर्च करके 30 साल में भी नहीं कर पाया है। हमारा मकसद भारत को वैश्विक मानचित्र पर ऐसे सेमीकंडक्टर राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है जो न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरतों की पूर्ति करेगा बल्कि दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला में अहम योगदान करेगा। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन ने भारत में अपनी विनिर्माण इकाई स्थापित करने की घोषणा के महज तीन महीने बाद यहां संयंत्र निर्माण का काम शुरू कर दिया है। साणंद में जीआईडीसी-2 औद्योगिक क्षेत्र स्थित करीब 93 एकड़ के क्षेत्र कंपनी अपनी असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) केंद्र का निर्माण करेगी जिसे तैयार होने में करीब 18 महीने लग सकता है। बहरहाल, माइक्रोन पास में 10 एकड़ के परिसर स्थित एक फैक्टरी का अधिग्रहण करके पाइलट के तौर पर उसे अपनी एटीएमपी सुविधा के रूप में तैयार कर रही है। माइक्रोन ने अपने पूरे प्रोजेक्ट की लागत करीब 2.75 अरब रहने की घोषणा की थी जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 50 फीसदी प्रोत्साहन के साथ-साथ राज्य सरकारी की सब्सिडी भी शामिल है। निवेश की इस राशि से करीब 5000 नई प्रत्यक्ष और 15,000 सामुदायिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात में माइक्रोन का यह संयंत्र भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे अन्य प्रांतों को भी ऐसी क्रिटिकल प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अनुकूल इकोसिस्टम तैयार करने की नसीहत मिलेगी। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी करीब 13 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। उस दौरान उन्होंने राज्य के औद्योगिकी विकास के लिए अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र और जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया। नतीजतन, विदेशी निवेशकों के लिए गुजरात निवेश का एक आकर्षक ठिकाना बन गया है। दुनिया के देश भारत को ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रहे हैं। विश्व की दिग्गज कंपनियां भारतीय युवाओं की मेधा शक्ति और कौशल के कायल हैं। सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास से आने वाले दिनों में देश के युवाओं के लिए अवसर के अनेक दरवाजे खुलने वाले हैं जिससे देश की अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार होगा और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को जल्द ही हासिल करेगा।

(लेखक केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री हैं।)

विश्व को 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से काम करने की नसीहत देने वाला भारत आज दुनिया की आर्थिक महाशक्तियों के लिए एक भरोसेमंद रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार बनकर उभरा है। भारत की प्रौद्योगिकी समर्थित-प्रगति विकासशील देशों के लिए प्रेरक बन गई है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

आपका हिसाब-किताब कराने के बाद आप सीधे विष्णु लोक में चले जायेंगे फिर वह द्वार बंद हो जायेगा और आप वापस नहीं आ सकते। आप अपने कर्मों के अनुसार विष्णु जी की दुनिया में रहेंगे। जब तक आपके गुणों की अवधि रहेगी तब तक आप वहीं रहेंगे फिर 84 लाख योनियों में वापस मृतलोक में आएंगे। भगवान कबीर ने रामनन्द जी से कहा, आप अपने मन्त्र से ब्रह्मरन्द्र का रास्ता खोलने का प्रयत्न करें। यह द्वार आपके द्वारा नहीं खोला जा सकेगा। स्वामी जी भ्रमित हो गये। तब रामानंद जी ने 'हरे कृष्ण, हरे राम, सीता सीता, राधे राधेश्याम और ॐ भगवते वासुदेवाय नमः' सभी मंत्रों का उच्चारण किया। परंतु ब्रह्मरंद्र के सामने वह रास्ता नहीं खुला। कबीर परमेश्वर ने दो मन्त्र के सतनाम का जाप किया और रामानन्द जी की आत्मा को ऊपर लोक में ले गये। परमात्मा ने रामानंद जी को का गुप्त स्थान दिखाया जहाँ काल ब्रह्म आत्माओं को भूनता और खाता है। तब भगवान रामानंद जी की आत्मा को लेकर अक्षर पुरुष के लोक से होते हुए सतलोक पहुंचे। स्वामी रामनन्द जी विद्वान संत थे उन्हें सत्य जानने में समय नहीं लगा और उन्होंने कबीर जी को ईश्वर मानकर उनकी शरण ले ली। दुनिया को दिखाने के लिए, वह परमात्मा कबीर के आदेश पर उनके गुरु कहलाते रहे। इस प्रकार स्वामी रामानन्द जी को सतज्ञान प्राप्त हुआ और उनका मनुष्य जीवन यथार्थ हुआ। एक और महान पुरुष संत गरीबदास जी थे जिन्हें सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाया गया था। **आइए अब उनके अनुभव के बारे में पढ़ें पूर्ण परमात्मा कबीर जी द्वारा संत गरीबदास जी को धर्मराज (यम) के दरबार में ले जाना संदर्भ: वाणी संख्या 16-36 संत गरीबदास अमरग्रंथ 'अचला का अंग से** भगवान कबीर जी अपने भक्तों को सतलोक में वैसे ही ले जाते हैं जैसे अलल' पक्षी आकाश में उड़कर हाथी को अपने साथ ले जाता है।

(क्रमशः)

बाघ परियोजना...पांच दशक, बड़ी कसक

डॉ. रमेश ठाकुर

भारत में बाघ परियोजना मुहिम ने अपने 50 साल पूरे कर लिए। पूरे देश में कुल 53 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हैं, लेकिन अफसोस इनमें कुछ बाघ रिजर्व क्षेत्र ऐसे हैं जहां एक भी बाघ नहीं हैं? ये हम नहीं, बल्कि पिछले सप्ताह जारी सरकारी आंकड़ों ने बताया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की माने तो गुजरे चार वर्षों में देश भर में 715 बाघों की संख्या बढ़ी। इस समय कुल 3682 बाघ देश में हैं। इसके साथ ही ये भी बताया गया है कि तेलंगाना का कवल टाइगर रिजर्व, मिजोरम का डम्पा टाइगर रिजर्व क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश का कमलेंग, ओडिशा का सतकोसिया और सहायद्री स्थित बाघ रिजर्व क्षेत्र एकदम बाघ हीन हैं, वहां बाघ विलुप्त हो गये हैं। कुछ असमय मर गये, तो कुछ शिकारियों के शिकार हो गये। हालांकि शिकारियों के हाथों मरे बाघों के संबंध में रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। पर, ये तल्ख सच्चाई है जिसे सरकार भी मानती है कि इस वक्त पूरे देश में बाघों का शिकार करने के लिए संगठित गिरोह सक्रिय है। इनका डेरा टाइगर रिजर्व क्षेत्रों के आसपास ज्यादा है। क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बाघ, शेर, चीते व अन्य जंगली जानवरों के अवशेषों की भारी डिमांड रहती है। ऐसी खबरें भी कई मर्तबा आती हैं कि इनके इन कुकर्मों में फॉरेस्ट कर्मी भी शामिल पाये गये। गौरतलब है कि वनजीव संरक्षण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा सरकारी बजट बीते पचास सालों में बाघों के संरक्षण पर खर्च किया गया। उस हिसाब से देखें तो बाघों के बढ़ोतरी के आंकड़े उतने तसल्ली नहीं देते, जितने देने चाहिए। सालाना करीब 10 से 12 करोड़ रुपये देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण के लिए खर्च किया जाता है। एक और दुखद खबर है जो बाघ प्रेमियों को खासी चिंतित कर सकती है। दरअसल, कुछ बाघ रिजर्व ऐसे हैं जिनमें मात्र एक-एक ही बाघ शेष बचे हैं। उनमें बंगाल का बक्सा टाइगर रिजर्व, नामदफा रिजर्व, राजस्थान का रामगढ़ विषधारी क्षेत्र, छत्तीसगढ़ का सीतानदी और झारखंड का पलामू टाइगर रिजर्व शामिल हैं। इसके अलावा दर्जन भर टाइगर रिजर्व ऐसे हैं जिनमें भी बाघों की संख्या बस 3 या 4 के आसपास ही बची है। मध्य प्रदेश अब भी प्रथम स्थान पर काबिज है जिसे टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश बाघ संरक्षण के लिए सबसे अनुकूल प्रदेश है। लेकिन वहीं जब चीतों के संरक्षण की नजर दौड़ती है तो ये तथ्य अपने आप में झूठे लगते हैं, वो इसलिए, कि नामीबिया और आस्ट्रेलिया से लाये गये चीते भी कूनो नेशनल पाके में ही छोड़े गये थे जिनमें अधिकांश अब दम तोड़ चुके हैं। हिंदुस्तान में बाघ अभ्यारण्य मुहिम सन 1973 में लागू हुई थी जिसे 'प्रोजेक्ट टाइगर' का नाम दिया गया था। जिम्मेदारी 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' के कंधों पर रखी गई थी। सन 2018 तक कुल भारत में 50 टाइगर रिजर्व क्षेत्र हुआ करते थे जिसे तीन वर्ष पहले बढ़ाकर 53 कर दिये गये हैं। बढ़ाने के पीछे की मंशा बाघों की संख्या में और इजाफा करना था। हालांकि कुछ जगहों पर बाघों की संख्या अपने आप बढ़ी, उसी को देखते हुए जहां बाघों की चहलकदमी दिखी, सरकार ने उसे बाघ रिजर्व घोषित कर दिया। जबकि, ये बाघ ऐसे थे जो अपना रास्ता भटककर जहां-तहां पहुंचे थे। बाघों की गिनती को लेकर भी कई बार विरोध होता है। पर्यावरणविद् कहते हैं कि बाघों की गणना सही तरीके से नहीं होती। उनकी मांगों को ध्यान में रखकर 2018 में केंद्र सरकार ने आधुनिक तरीकों से बाघों की गणना करवाई, जिसका नजीता ये निकला बाघों की संख्या देशी गणना वाले तरीकों के मुकाबले बढ़ी हुई सामने आई। हालांकि हिंसक जानवरों जैसे, बाघ, शेर व तेंदुओं की सटीक गणना को लेकर विरोधाभाष की स्थिति अब भी बनी रहती है। बाघ प्रेमी सरकारी आंकड़ों पर ज्यादा भरोसा नहीं करते हैं। पर, इस वक्त बाघों की संख्या बढ़ी है इस पर विश्वास इसलिए किया जा सकता है क्योंकि कुछ टाइगर रिजर्व क्षेत्र ऐसे हैं जहां बाघों की संख्या उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ी है।

सालाना करीब 10 से 12 करोड़ रुपये देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण के लिए खर्च किया जाता है। एक और दुखद खबर है जो बाघ प्रेमियों को खासी चिंतित कर सकती है।

बाघ परियोजना

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



कनाडा विवाद, नये भारत का नजरिया

प्रो. रजनीश कुमार

भारत के घोषित आतंकवादी और कनाडा के नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका को लेकर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का बयान विश्व राजनीति में अद्भुत है और वैश्विक कूटनीतिक में उस पर सवाल भी उठे हैं। पर यह ध्यान रहे कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रत्येक देश अपने हितों की चिंता करते हुए ही किसी के साथ खड़ा होता है। इसलिए जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वे कूटनीतिक हैं। जो हर देश के द्वारा भारत और कनाडा दोनों से अपने रिश्ते को बचा करके रखने के चिंतन के साथ है तो विश्व राजनीति में अपनी स्वतंत्र आवाज को प्रस्तुत करना भी है। कूटनीति में ऐसा ही होता भी है। पर भारतीय मीडिया विशेष कर अंग्रेजी मीडिया भी इसी प्रकार की कूटनीतिक रिपोर्ट ही प्रस्तुत कर रही है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर की हत्या में किसी भी रूप में कोई भारतीय अधिकारी या भारतीय एजेंट सम्मिलित नहीं है। यह खालिस्तानी आतंकवादियों के गैंगवार का परिणाम है। उसके बाद भी अंग्रेजी मीडिया द्वारा खालिस्तान उग्रवादियों पर की गई भारत सरकार की कार्रवाई का इतिहास निज्जर तक ले आते हुए भारत के अंदर ही भारत को अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का दोषी सिद्ध करने की साजिश जैसा प्रतीत हो रहा है। जब जस्टिन ट्रूडो भारत को किसी प्रकार का सबूत देने में असफल रहे हैं और केवल खुफिया संकेतों के आधार पर अपने दृढ़ विश्वास से भारत को घेरने की कोशिश कर रहे हैं तो ऐसे में भारतीय खुफिया एजेंसियों को मोसाद के मोडस अपरेन्डी पर काम करने वाला बताने की जो मुहिम चल रही है वह निश्चित रूप से भारतीय पक्ष को गलत दिशा में ले जायेगा। भारत सरकार के पक्ष को भारत के मीडिया में जिस प्रकार की जगह मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल रही है शायद भारत का मुख्यधारा मीडिया कहे जाने वाला अंग्रेजी मीडिया पश्चिम के सूचना और जनसंचार माध्यमों के अनुरूप रिपोर्ट परोसने में इतना सिद्धहस्त हो गया है कि उसे भारत में होने वाला विमर्श और भारतीय जन की प्रतिक्रियाएं प्रभावित नहीं करती हैं। निज्जर हत्याकांड में भारत की प्रतिक्रिया को कनाडा और पश्चिम के मीडिया द्वारा महत्वपूर्ण न माना जाना और उसकी अवहेलना किया जाना तो समझ में आता है कि वहां ऐसे किसी डिस्कोर्स को महत्व नहीं मिलेगा जो पश्चिम विशेषतः नाटो समूह के विपरीत हो। चिंताजनक तो यह है कि भारतीय परिप्रेक्ष्य को भारत में भी मुख्यधारा मीडिया ने सही दृष्टि से नहीं प्रस्तुत किया। यह समय तो पश्चिम को विशेषतः नाटो देशों को आतंकवाद पर दोहरे मानदंड अपने के लिए आईना दिखाने का समय था, जिसको भारत के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा में ठीक से कर दिखाया। निज्जर वैसे ही भारत का घोषित आतंकवादी था जैसा ओसामा बिन लादेन, अल जवाहिरी अमेरिका के लिए थे। दुनिया के किसी भी देश ने लादेन और जवाहिरी को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अमेरिका द्वारा मारे जाने को उन देशों की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं बताया था। यही है आतंकवाद को लेकर दोहरा मापदंड और सुविधा के अनुसार आतंक को परिभाषित करने की राजनीति। निज्जर घोषित आतंकवादी था और भाग करके कनाडा गया था। कनाडा ने उसको नागरिकता दी तथा पंजाब में आतंकवाद जारी रखने के लिए सहूलियतें भी मिलीं। क्योंकि खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन पर ही ट्रूडो की सरकार टिकी हुई है। निज्जर के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार द्वारा लगातार की जा रही थी और उसके अपराधों के संबंध में सबूत से भरा डोजियर भी सौंपा गया था। लेकिन अपनी राजनीतिक मजबूरियों के चलते कनाडा ने निज्जर को सौंपने से मना कर दिया था। दूसरा सच यह भी है कि कनाडा के गुरुद्वारों पर नियंत्रण और वर्चस्व को लेकर निज्जर का अपने प्रतिद्वंद्वी खालिस्तानी आतंकवादियों के साथ में संघर्ष चल रहा था। तीसरा और महत्वपूर्ण तथ्य यह है की ऐतिहासिक रूप से कनाडा और भारत संबंध कनाडा के अलगाव पद आतंकवाद को भारत में घोषित करने तथा खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण देने का है। एयर इंडिया के विमान कनिष्क को गिराने की घटना में 268 कनाडाई नागरिक मारे गए थे पर कनाडा ने उसे पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की तथा लोगों की हत्या करने वाला समूह एक दो लोगों को 5 साल की सजा के साथ छूट गया।

भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि निज्जर की हत्या में किसी भी रूप में कोई भारतीय अधिकारी या भारतीय एजेंट सम्मिलित नहीं है। यह खालिस्तानी आतंकवादियों के गैंगवार का परिणाम है।

विवाद

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

गागर में सागर

अधिकारियों ने 4 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

नवादा। पुलिस की सहयोग से आर्थिक अपराध विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को नवादा जिले के शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर मौके से 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े साइबर ठग एसटीईटी परीक्षा के अभ्यर्थियों से उनकी परीक्षा में कम नंबर आने की बात बोलकर एवं लोन दिलाने के नाम पर लोगों को कॉल करके ठगी करने का काम किया करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 11 एंड्रॉयड और कीपैड मोबाइल, नगद 5 लाख 50 हजार रुपये, एसटीईटी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की मोबाईल तथा रौल नम्बर के साथ सूची एवं लोन हेतु झांसा देने से संबंधित मोबाईल नम्बर / डाटा को आर्थिक अपराध की टीम ने बरामद किया है। बताया जाता है की संगठित गिरोह के सदस्यों द्वारा अन्य राज्यों में पूर्व में किये गये साइबर ठगी से संबंधित मामले भी एनसीआरबी साइबर पोर्टल पर पाया गया है, आर्थिक अपराध की टीम द्वारा इस संबंध में संबंधित राज्यों को सूचित किया जा रहा है।आर्थिक अपराध की विशेष टीम के हत्थे चढ़े साइबर ठग शिशुपाल कुमार,कन्हैया प्रसाद,श्याम सुंदर और कृष्ण मुरारी बताए जाते है .सभी नवादा जिले के शाहपुर ओपी थाना क्षेत्र के बताए जाते है। इस मामले में ईओयू ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें 9 लोगों को नामजद किया गया है। इसमें 4 की गिरफ्तारी हो चुकी है,फरार चल रहें अभियुक्तों में सुबोध राउत,चंदन कुमार,गौतम शाह,प्रियांशी कुमार और हिमांशु कुमार शामिल है.जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

ढाई करोड़ की अफीम और स्मैक के साथ सात तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद की स्थानीय पुलिस और एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई में सात मादक पदार्थ तस्करों को जलालाबाद थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान इनके कब्जे से ढाई करोड़ रुपये कीमत की अफीम और स्मैक बरामद हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेयी ने शुक्रवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर गुरुवार एवं शुक्रवार की दरमियानी रात करीब एक बजे एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने जलालाबाद थानाक्षेत्र में कोला मोड तिराहे के पास से सात मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों के रहने वाले अक्षय,अमन कश्यप,रामकुमार,पंकज वर्मा,मुनीश,ब्रजेश और सुमित है। तस्करों के कब्जे से सात सौ ग्राम स्मैक और सात सौ ग्राम अफीम, दो मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं।तस्करों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि अक्षय अफीम से स्मैक बनाने का काम बखूबी जानता हैं। वो लोग सस्ते दामों में अफीम खरीदते। फिर अक्षय उसकी स्मैक बना लेता है। चूंकि पंजाब मे अफीम व स्मैक की अधिक मांग है तो वह लोग पंजाब के होटलों और ढाबों पर स्मैक तथा अफीम को अच्छे दामों में बेंचते हैं।

ज्वेलरी शॉप में हुई करोड़ों की चोरी का आरोपी भिलाई से गिरफ्तार

बिलासपुर/रायपुर। देश की राजधानी दिल्ली में कुछ ही दिनों पहले जंगपुरा से ज्वेलरी शॉप में हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा बिलासपुर पुलिस ने किया है। मुख्य आरोपित लोकेश श्रीवास को भिलाई के स्मृति नगर से दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 18 किलो सोना जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपये बताई गई है। इसकी सूचना मिलते ही देर रात दिल्ली पुलिस भी पहुंची है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू औ? सिविल लाइन थाने की टीम ने गुरुवार को दुर्ग के स्मृति नगर थाना क्षेत्र में लोकेश श्रीवास को पकड़ा था। उसके पास से बिलासपुर में हुए अलग-अलग चोरी के मामलों से जुड़े साढे बारह लाख रुपए की जप्ती की गई थी। बिलासपुर पुलिस ने गुरुवार को ही लोकेश के साथी शिवा चंद्रवंशी को बिलासपुर पुलिस ने कवर्धा से गिरफ्तार किया है,उसके पास से 23 लाख के जेवर जब्त किये गए हैं ।

नदी में डूबने से पंचायत के सहायक सचिव की हुई मौत

दंतेवाड़ा। जिले के बांगापाल थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम तुमनार नदी में डूबने से पंचायत के सहायक सचिव नारायण कुंजाम की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गणेश भगवान की मूर्ति का विसर्जन करने के दौरान हादसा हुआ है। आज शुक्रवार सुबह गोताखोरों की टीम ने शव बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। गीदम थाना प्रभारी सलीम खाखा ने बताया कि मृतक गीदम थाना क्षेत्र का रहने वाला था। लेकिन हादसा नेलसनार में हुआ है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक नारायण कुंजाम दंतेवाड़ा जिले के बड़े तुमनार गांव का पंचायत सहायक सचिव था।

सीएम योगी ने की 'पीएम श्री' विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा बैठक, कहा

जल्द खुलेंगे मॉडल कम्पोजिट स्कूल

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'अटल आवासीय विद्यालयों' की स्थापना के बाद प्रदेश के 57 जिलों में सर्व सुविधा युक्त 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों' की स्थापना तथा सभी 75 जिलों में एक-एक कम्पोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में 'पीएम श्री' विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। अब हमें प्री-प्राईमरी से लेकर 12वीं तक के लिए हर जनपद में एक सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अटल आवासीय विद्यालयों से आच्छादित जनपदों के अतिरिक्त शेष 57 जिलों में एक-एक

'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' की स्थापना की तैयारी करें। 'मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय' का परिसर 5-10 एकड़ का हो। इसके लिए संबंधित जिलों में भूमि का चिन्हांकन यथाशीघ्र पूरा कर लें। प्रारंभिक रूप में यहां हर कक्षा के लिए न्यूनतम 03 सेक्शन की व्यवस्था हो। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य, शिक्षक संवर्ग व अन्य स्टाफ के लिए आवासीय सुविधा हो। विद्यालय में विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। प्रत्येक कक्षा हेतु स्मार्ट क्लास हो। रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर हो। कक्षा-01 से 08 हेतु कम्पोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशाला, कक्षा-09 से 12 हेतु रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं लैंग्वेज लैब, कक्षा-01 से 8 एवं कक्षा-09 से 12 हेतु पृथक-पृथक पुस्तकालय, विशाल खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, वॉटर प्लान्ट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, मल्टीपल हैण्डवाशिंग यूनिट की एकीकृत व्यवस्था, आधुनिक अग्नि शमन यंत्र एवं ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस बनाया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार के उद्देश्य से 'पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना की घोषणा की है। योजना अंतर्गत भारत सरकार के सहयोग से प्रदेश के 1725 शासकीय विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में विकास के लिए चयनित 272 प्राथमिक परिषदीय विद्यालय और 570 कम्पोजिट परिषदीय विद्यालय और 82 माध्यमिक विद्यालय का निर्माण कार्य दिसम्बर तक पूरा करा लिया जाए। पीएम श्री के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सिद्धांतों के अनुरूप चरणबद्ध रूप से इन विद्यालयों में अल्ट्रा मॉडर्न तकनीकी व डिजिटल शिक्षा व्यवस्था का विकास किया जाना है।

वीसी नियुक्ति मामला

राज्यपाल की सिफारिशों के लेकर खींचतान जारी

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजभवन और राज्य सचिवालय के बीच एक ताजा झगड़ा सामने आया है जो एक बार फिर से राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति से संबंधित मुद्दे पर है। राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए बनी खोज समिति के सदस्य के नाम पर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस की सिफारिशों ने राज्य शिक्षा विभाग, विशेषकर राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को परेशान कर दिया है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई है कि राज्यपाल ने राज्य विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होने के नाते जिन पांच नामों की सिफारिश की है, उनमें से केवल एक पश्चिम बंगाल स्थित संस्थान से है। बसु ने कहा, आईआईटी-खड़गपुर के

निदेशक वीरेंद्र कुमार तिवारी को छोड़कर अन्य चार नाम पश्चिम बंगाल के बाहर के संस्थानों के शिक्षाविदों के हैं। क्या यह अजीब नहीं है कि राज्यपाल को खोज समिति के सदस्यों के रूप में पश्चिम बंगाल के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षाविदों के पर्याप्त उपयुक्त नाम नहीं मिले। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि राज्य शिक्षा विभाग द्वारा सुझाए गए नामों में पश्चिम बंगाल में भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई) जैसे राज्य और केंद्रीय दोनों संस्थानों के नाम थे।

अभिषेक को ईडी की नोटिस की टाइमिंग पर भाजपा भी चिंता में

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को एक बार फिर केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। हालांकि इसकी टाइमिंग पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है। अब तृणमूल के साथ-साथ भाजपा भी इसकी टाइमिंग को लेकर चिंता में है। इसकी वजह है कि अभिषेक बनर्जी बहुत लंबे समय से राजनीति में नहीं हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे होने की वजह से ही उन्हें राज्य की राजनीति में सम्मानित हैसियत हासिल है। लेकिन पिछले कुछ समय से जिस तरह से ईडी सीबीआई ने उन्हें ऐसे समय में नोटिस भेजा है जब वह या तो विपक्ष की बैठक में शामिल होने वाले थे या उनकी कोई बड़ी रैली होनी थी। इसी वजह से अभिषेक की चर्चा पश्चिम बंगाल की सीमा से बाहर राष्ट्रीय राजनीति में होने लगी है। भाजपा को लगता है कि इससे उनका राजनीतिक कद बढ रहा है। इसी वजह से पार्टी के नेता भी चिंता में हैं। एक दिन पहले ईडी ने अभिषेक बनर्जी को नोटिस भेज

कर तीन अक्टूबर को सीजीओ कंपलेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के कोलकाता कार्यालय में हाजिर होने को कहा है। उसी दिन दिल्ली में अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में केंद्र के खिलाफ रैली होनी है। इसमें पश्चिम बंगाल के अधिकारों को लेकर जनसभा होगी। इसीलिए तृणमूल कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है।अब भाजपा के एक नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि यह जग जाहिर है कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसियां जांच का ड्रामा कर रही हैं। नियुक्ति भ्रष्टाचार से लेकर चिटफंड अथवा किसी अन्य मामले में कोई कारगर कदम आज तक नहीं उठाया जा सका है। केवल लोगों को दिखाने के लिए जांच का ढोंग हो रहा है।

एक अक्टूबर को एक घंटा स्वच्छता श्रमदान कर दें बापू को स्वच्छांजलि : गिरिराज सिंह

एजेंसी। बेगूसराय

केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने लोगों से एक अक्टूबर को सुबह दस बजे एक घंटा, एक साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं पंचायती राज मंत्रालय भी लोगों को प्रेरित कर रहा है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत के तहत देश के स्वच्छता स्वप्न को आगे बढ़ाने को मद्देनजर रखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाने के लिए बड़े पैमाने पर जनभागीदारी सुनिश्चित की है। इस सिलसिले में स्वच्छता अभियान और पहल के लिए स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान शुरू किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के 105वें एपिसोड में एक अक्टूबर को सुबह

दस बजे एक घंटा तक एक साथ स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। आम जनता ने सरकार के प्रयासों का बड़े पैमाने पर स्वागत किया है तथा बड़ी संख्या में स्वच्छता आंदोलन को गति दी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान से अब तक करोड़ों लोग जुड़ चुके हैं।

देशवासी अपने पड़ोस और अन्य सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने के महत्व को अच्छी तरह से समझते हैं और उस दिशा में प्रयास भी कर रहे हैं। स्वच्छ भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के सफर में राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों और स्थानीय निकायों ने परिवर्तन के इंजन के रूप में काम किया है। प्रभावी ढंग से प्रयास करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की उपलब्धि सुनिश्चित की है।

अधिकारियों ने रणनीतिक निर्णय लेने, क्षमता निर्माण तथा स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ाने के लिए समग्र दृष्टिकोण का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वच्छता की सामान्य धारणा पर देश भर में कई पहल और आईईसी अभियान चलाए गए हैं। सूखे और गीले कचरे को अलग करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि केवल उन्हें किसी भी कचरे के डिब्बे में डंप करने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

उन्होंने कहा है कि सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर बापू को "स्वच्छांजलि" होगी। स्वच्छता अभियान जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर वास्तविक सफाई गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान करता है। इसलिए सभी लोग समय निकालकर स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में शामिल हों। अपनी गली, पड़ोस, पार्क, नदी या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो जाएं।

एससी-एसटी छात्रों को मिलेगी बढ़ी हुई स्कॉलरशिप

एजेंसी। लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्त वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपये प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपये छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात यह है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतः प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन

के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं के लिए आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया जा सकेगा। बीएससी या बीए जैसे नॉन प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बीटेक जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी अब छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी।

सरकार जनता की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान के लिये प्रतिबद्धः सीएम शिवराज

एजेंसी। भोपाल

मध्यप्रदेश का हरदा शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को हरदा के किसान सम्मेलन में 4 हजार 469 करोड़ 62 लाख रुपये लागत के 122 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास, 3 हजार 517 करोड़ की मोरंड एवं गंजाल बांध परियोजना तथा 720 करोड़ की शहीद ईलापसिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना शिलान्यास किया। मोरंड गंजाल सिंचाई परियोजना से हरदा, नर्मदानुरम और खंडवा के 201 गांवों के 73 हजार 920 कृषक लाभांवित होंगे और 64 हजार 111 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। शहीद ईलापसिंह परियोजना से हरदा जिले के 118 ग्राम लाभांवित होंगे तथा 26 हजार 898 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

इस प्रकार 319 गांवों की 91,100 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई होगी।

मुख्यमंत्री ने किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत का प्रस्ताव पारित होने पर हंडिया का नाम नाभिपट्टनम रखकर पर उसे नगर परिषद बनाया जायेगा। हरदा में जुड़े नये पांच वार्डों में लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्य कराये जाएंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कृषि मंत्री कमल पटेल, वन मंत्री कुँवर विजय शाह, सांसद दुगार्दास उइके, स्थानीय विधायक, नगरीय निकायों एवं पंचायतों के प्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने ₹अपना कमल" नामक पुस्तिका का विमोचन किया तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ भी वितरित किये।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी योजनाओं का आदर्श क्रियान्वयन मध्यप्रदेश में सुनिश्चित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश की माटी की पूजा और प्रदेशवासियों की सेवा मेरे जीवन का मिशन है। गरीब की जिंदगी बदलने के लिये प्रदेश में चल रहे अभियान के अंतर्गत रोटी, कपड़ा, मकान, पढ़ाई, दवाई और रोजगार के इंतजाम के लिये हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। रहने की जमीन का टुकड़ा हर गरीब को मिले, इसके लिये अभियान चल रहा है। पीएम आवास और आवास प्लस में छूटे व्यक्तियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराये जाएंगे। गरीब व्यक्ति बिना आवास और रहवासी जमीन के पट्टे के नहीं रहेगा। स्वास्थ्य सुविधा के लिये प्रदेश में 3 करोड़ 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनता की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान के लिये प्रतिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि एलपीजी गैस सिलेण्डर 450 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है।

राजनीति

यूपी कैबिनेट फेरबदल में देरी से राजभर, चौहान के भाग्य पर सवालिया निशान

सीएम योगी नए चेहरे को दे सकते हैं प्राथमिकता

राजभर ने नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधने के लिए बिहार में दो रैलियां भी की हैं।

घोसी में हार के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्री पद मिलने की उम्मीद है।

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कैबिनेट फेरबदल में देरी ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और बीजेपी के ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान के कैबिनेट में शामिल होने पर सवालिया निशान लगा दिया है। हाल ही में घोसी उपचुनाव में हार के बावजूद, दोनों नेता मंत्रिमंडल में अपने शामिल होने को लेकर बेहद आश्वस्त थे। राजभर ने तो यहां तक ऐलान कर दिया था कि उन्हें और दारा सिंह चौहान को जल्द ही कैबिनेट में जगह मिलेगी।

यह सवाल तब उठा जब यूपी के मंत्री अनिल राजभर ने पार्टी की बैठक में एसबीएसपी नेता पर सीधा हमला किया और कहा, मोदी-योगी से जुड़ने के लिए राजभर समुदाय को बिचौलिए की जरूरत नहीं है। संदर्भ स्पष्ट रूप से एसबीएसपी का था और यह भी पहली बार था कि किसी भाजपा नेता ने एसबीएसपी पर हमला किया था। राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाई जा रही हैं कि अनिल राजभर ने भाजपा नेतृत्व की मंजूरी के बिना

यह बयान नहीं दिया होगा। ओम प्रकाश राजभर द्वारा 2019 में पहली बार भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से भाजपा अनिल राजभर को उनके समुदाय के नेता के रूप में प्रचारित कर रही है। हालांकि कुछ भाजपा नेता मानते हैं कि जब कुछ शीर्ष विपक्षी नेताओं का मुकाबला करने की बात आती है, तो ओम प्रकाश राजभर काम आते हैं। हालांकि, भाजपा में एक अन्य वर्ग को लगता है कि राजभर संपत्ति से अधिक देनदार हैं। इस बीच घोसी में हार के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्री पद मिलने की उम्मीद है। वह भाजपा नेतृत्व से मिलने के लिए दो बार दिल्ली जा चुके हैं, जबकि राजभर ने नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधने के लिए बिहार में दो रैलियां भी की हैं। ऐसा कहा जाता है कि दारा भी उम्मीदवार के रूप में नामित होने की पैरवी कर रहे हैं, एक ऐसी संभावना जो उनके मंत्री बनने की संभावनाओं को काफी हद तक बढ़ा देगी। डॉ. दिनेश शर्मा के राज्यसभा के लिए चुने जाने से खाली हुई एमएलसी सीट के लिए कई दावेदार हैं।

हालांकि, मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले एक भाजपा नेता ने कहा, योगी आदित्यनाथ एक नए चेहरे को प्राथमिकता देंगे, जो पार्टी के लिए काम कर सके और जिसकी छवि अच्छी हो। राजभर को राजनीतिक उपद्रवी के रूप में जाना जाता है जबकि चौहान में विश्वसनीयता का अभाव है। योगी इन दोनों को शामिल करने के बजाय कैबिनेट में फेरबदल टालना पसंद करेंगे।

गंडक नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

पटना ।बेतिया जिले के नौतन थाना क्षेत्र अन्तर्गत कोतराहा बैरिया गांव में शुक्रवार को गंडक नदी में डूबकर दो बच्चों की मौत हो गयी।दोनों बच्चे आपस में ममेरा-फुफेरा भाई-बहन थे। पुलिस के मुताबिक रेशमा (6) और गुलट कुमार (5) दोनो गंडक नदी के किनारे खेल रहे थे। नदी के किनारे ही दोनों का घर भी है। जब बच्चे खेल रहे थे उस समय घर के सभी परिवार खेती के लिए दियारा गए थे। दोनों बच्चे खेलते खेलते नदी के पास गये और डूबने से दोनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन ने बच्चों की खोजबीन शुरू कर दी। घटनास्थल से दूर श्रीनगर में मछुआरों ने दोनों बच्चों के शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया है। एक साथ घर के दो चिराग बुझाने के बाद पूरे परिवार में मातम का माहौल है।

गागर में सागर

सीएम ने स्वर्ण पदक विजेता महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कृष्णा में भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम और कर्नाटक की पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आईबीएसए विश्व क्रिकेट टूनार्मेंट (क्रिकेट फॉर ब्लाइंड) में स्वर्ण पदक और पुरुष ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने रजत पदक जीता। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की कप्तान वर्षा.यू और टीम के खिलाड़ियों दीपिका, गंगव्वा और कर्नाटक की पुरुष टीम के प्रकाश जे, सुनील कुमार, बसप्पा वोडगोल को सम्मानित किया। महिला क्रिकेट टीम ने अगस्त में आईबीएसए विश्व खेलों में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। कर्नाटक राज्य ओलंपिक संगठन के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदा राजू के नेतृत्व में पदक विजेता खिलाड़ियों की टीम ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अपनी मांगें रखीं। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और गोविंदराजू के साथ अलग से चर्चा करने और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में गुइलहर्मे अराना शामिल

रियो डी जनेरियो। ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने बताया कि गुइलहर्मे अराना को वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय खिलाड़ी कैओ हेनरिक की जगह लेंगे, जो इंजरी के कारण बाहर हुए हैं। वहीं, गंभीर चोट के कारण सर्जरी से उबरने के बाद अराना करीब एक साल बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं। डिफेंडर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे विश्व कप से चूकने की निराशा से उबरना था लेकिन मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर वापस आया हूं। ब्राजील 12 अक्टूबर को कुइआबा में वेनेजुएला से और पांच दिन बाद मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ मैच खेलेगा। ब्राजील ने विश्व कप 2026 के लिए अपने क्वालीफाइंग अभियान की शुरूआत इस महीने की शुरूआत में बोलीविया पर 5-1 की घरेलू जीत और पेरू पर 1-0 की जीत के साथ की।

आईओसी ने एथलीटों की हेल्थ प्रोटेक्शन के लिए बयान जारी किया

जिनेवा। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने एथलीटों के स्वास्थ्य की रक्षा के उद्देश्य से एक नया बयान जारी किया है। आईओसी ने बताया कि यह बयान ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है और खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी (आरईडी) पर केंद्रित है। इस बयान में बताया गया है कि कैसे एक्सरसाइज के दौरान शरीर में एक सिंड्रोम विकसित होता है जो बर्न की गई कैलरी के कारण बॉडी एफीसिएंसी को प्रभावित करता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, आईओसी ने कहा कि इसमें खेल में सापेक्ष ऊर्जा की कमी (आरईडी) पर अनुसंधान का मार्ग प्रशस्त किया है, जो कई शारीरिक प्रणालियों और कार्यों के साथ-साथ एथलीट के प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है और इसे पहली बार 2014 में आईओसी द्वारा एक विशिष्ट इकाई के रूप में मान्यता दी गई थी। बयान में बताया गया कि यह सिंड्रोम अक्सर एथलीटों और उनके कोचों और टीम चिकित्सकों द्वारा पहचाना नहीं जाता है, और कैलोरी सेवन को सीमित करने से कथित अल्पकालिक प्रदर्शन लाभ के कारण 'खेल संस्कृति' द्वारा अनजाने में इसे बढ़ाया जा सकता है। प्रोफेसर मार्गो माउंटजॉय, आईओसी मेडिकल एंड साइंटिफिक कमीशन गेम्स ग्रुप के सदस्य और बयान के मुख्य लेखक ने कहा, कई खेलों में पुरुष और महिला दोनों एथलीटों में यह आम है और हम इसके कारणों, सिंड्रोम के बारे में जागरूकता और स्वास्थ्य और प्रदर्शन के लिए इसके परिणामों के बारे में बहुत कुछ समझते हैं, फिर भी एथलीटों, उनकी चिकित्सा और प्रदर्शन सहायता टीमों के बीच यह कम है साथ ही आम जनता को इसके प्रति जागरूक करना होगा।

10 मीटर पिस्टल शूटिंग में पलक ईशा ने जीता स्वर्ण और रजत

एजेंसी। हांगझोउ

चीन में यह भारत बनाम पाकिस्तान का युद्ध था, पलक गुलिया और ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में पाकिस्तान की किशमाला तलत के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक ने आठ प्रतिभागियों के बीच सातवें स्थान पर क्वालीफाई किया था, जबकि ईशा को 5वें और किशमाला को तीसरे स्थान पर रखा गया था, क्योंकि चीन की नान झाओ और रैनक्सिन जियांग ने क्वालीफाइंग चरण में 581 अंकों के साथ एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाया था। पलक का स्कोर 577, ईशा का स्कोर 579 जबकि पाकिस्तानी निशानेबाज का स्कोर 580 था। हालाँकि, फाइनल में, भारतीयों ने सभी को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण और रजत जीता-पलक गुलिया ने स्वर्ण और ईशा ने रजत पदक जीता। पाकिस्तान निशानेबाज ने लगातार स्कोर बनाए रखा और कांस्य पदक जीता। फाइनल में पलक का स्कोर 242.1 था, जो एशियाई खेलों का रिकॉर्ड है, जबकि ईशा का स्कोर 239.7 था, जबकि किशमाला का स्कोर 218.2 था।

फाइनल में, दोनों भारतीय निशानेबाज एक अलग क्षेत्र में थे क्योंकि चीनी निशानेबाज फीके पड़ गए और पांच-पांच शॉट के पहले दो राउंड के बाद पदक वर्ग से बाहर हो गए। पांच शॉट के बाद ईशा 50.8 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि हांगकांग की हो चिंग शिंग 50.9 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। दूसरी सीरीज में पलक ने 50.8 का स्कोर किया जबकि ईशा ने 50.2 का स्कोर करके बढ़त बना ली। हांगकांग की शिंग ने 8.1 और 8.2 के साथ कुल 44.8 का स्कोर किया और पीछे रहीं। वहां से भारतीय निशानेबाज शीर्ष दो स्थानों पर रहीं। हांगकांग की शिंग सबसे पहले बाहर हुई और उनके बाद चीन की नान झाओ थी। वियतनाम की थू विन्ह त्रिन्ह, चीन की रैंक्सिन जियांग और चीनी ताइपे की वू चियिंग ने भी इसका अनुसरण किया।

अंततः, ईशा और किशमाला के बीच मुकाबला हुआ और भारतीय खिलाड़ी ने अंतिम श्रृंखला में 9.3 और 9.0 के स्कोर के साथ पाकिस्तानी निशानेबाज को बाहर कर दिया और किशमाला तीसरे स्थान पर रही। फाइनल में रैंकिंग बढ़ाने की क्षमता रखने वाली ईशा ने अंतिम दो श्रृंखलाओं में 9.5 का स्कोर हासिल किया और वह अपनी हमवतन के बाद दूसरे स्थान पर रही।

50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने जीता गोल्ड

एशियाई खेलों की शूटिंग स्पर्धा में शुक्रवार को भी भारत का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में मेंस टीम ने भारत को 7वां गोल्ड दिलाया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह, अखिल शिरोन और स्वप्निल सुरेश ने 1769 स्कोर कर गोल्ड जीता। भारतीय टीम ने 1769 अंकों के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्व रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। चीन ने रजत और कोरिया गणराज्य ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्या और स्वप्निल ने संयुक्त क्वालीफिकेशन एशियाई रिकॉर्ड स्कोर के साथ 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई। हालांकि, 587 स्कोर के साथ अखिल पांचवें स्थान पर रहेने के बावजूद, प्रति राष्ट्र दो खिलाड़ियों के नियम के कारण फाइनल से चूक गए।

एशियन गेम्स में होगी भारत-पाक की टक्कर

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने चल रहे 19वें एशियाई खेलों हांगझोऊ-2022 में अपना शीर्ष प्रदर्शन करते हुए अब तक तीन मैचों में तीन जीत हासिल की हैं, लेकिन अब भारत की टक्कर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। एशिया खेलों में भारत दमदार फॉर्म में है। भारत ने पूल ए मैच में उज्बेकिस्तान पर 16-0 से जीत के साथ प्रतियोगिता की शुरूआत की थी। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने सिंगापुर पर भी 16-1 से जीत दर्ज की। फिर, गुरुवार को भारत ने 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जापान के खिलाफ अपनी जीत कि लय बरकरार रखते हुए 4-2 से जीत दर्ज की। अब, शनिवार को भारत की टक्कर पाकिस्तान से होगी। भारत की तरह पाकिस्तान टीम भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है और उसने अब तक खेले तीनों मैच जीते हैं। पाकिस्तान ने अपने अभियान की शुरूआत सिंगापुर पर 11-0 से जीत के साथ की। फिर, बांग्लादेश पर 5-2 से और उज्बेकिस्तान पर 18-2 से जीत दर्ज की। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले बोलते हुए, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम ने टूर्नामेंट में अब तक अपने मैचों से बहुत कुछ सीखा है, जो पाकिस्तान के खिलाफ काम आएगा। हरमनप्रीत ने आगे कहा, जब भी पाकिस्तान के खिलाफ मैच होता है तो ड्रेसिंग रूम में हमेशा उत्साह होता है। प्रशंसक हमेशा इस मुकाबले का आनंद लेते हैं। पाकिस्तान के पास एक ठोस टीम है जो वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसलिए, हम जानते हैं कि हमें अच्छा खेलना होगा और उनके खिलाफ जीत हासिल करने कि हमारी पूरी कोशिश है। हम अब तक के नतीजों से प्रेरित हैं और हम टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए उत्सुक हैं। दोनों टीमें आखिरी बार अगस्त में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के पूल मैच में भिड़ी थी, जहां भारत ने 4-0 से मैच जीता था। 2013 के बाद से भारत और पाकिस्तान 24 बार आमने-सामने हुए हैं, जिसमें 16 बार भारत को जीत मिली है। जबकि, 5 बार पाकिस्तान को जीत मिली है और तीन मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं।

मीराबाई की नजरें एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक पर

स्नैच में 90 किग्रा भार उठाने का दबाव होगा

एजेंसी। हांगझोउ

भारत की अनुभवी भारोत्तोलक मीराबाई चानू एशियाई खेलों में शनिवार से यहां शुरू हो रही भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जब चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगी तो उन पर स्नैच वर्ग में 90 किग्रा का भार उठाने का दबाव होगा। मणिपुर की इस खिलाड़ी के लिए हालांकि इन खेलों में पोडियम स्थान हासिल करना आसान नहीं होगा। भारोत्तोलन में चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड जैसे देशों का दबदबा रहा है। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू 49 किग्रा भार वर्ग में दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रही है। वह हालांकि स्नैच वर्ग में 90 किग्रा का भार उठाने में संघर्ष कर रही है। क्लीन एवं जर्क में वह 119 किग्रा के साथ अब भी दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में है लेकिन स्नैच में खराब प्रदर्शन से उनका कुल भार प्रभावित हो रहा है। स्नैच में चानू का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88 किग्रा है। उनके भारवर्ग में सात खिलाड़ियों ने 90 किग्रा या उससे ज्यादा का भार उठाया है। इसमें से चीन की दो बार की विश्व चैंपियन जियांग हुइहुआ, उत्तर कोरिया की री सोंग गम और थाईलैंड की थान्याथोन सुकचारोएन एवं सुरोडचाना खंबाओ एशियाई खेलों में चुनौती पेश करेंगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में 90 किग्रा (स्नैच में) का आंकड़ा पार करना है। काफी समय हो गया है जब से हम उस बाधा को पार करने का प्रयास कर रहे हैं।' भारोत्तोलन में बिंदियारानी देवी महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।

राजकोट में रोहित शर्मा का आईफोन हुआ चोरी

नई दिल्ली। राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हाल ही में समाप्त हुई भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे वनडे मैच से पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने अपना आईफोन खो दिया था। विशेष रूप से हिटमैन का फोन तब गायब हो गया जब अनुभवी सलामी बल्लेबाज तीसरे वनडे से पहले नेट्स में अभ्यास कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक रोहित का फोन गायब होने की खबर तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो गई। हालांकि, इस विषय ने कप्तान को ज्यादा परेशान नहीं किया क्योंकि उन्होंने अंतिम वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी क्लास का प्रदर्शन किया। रोहित सीरीज के पहले दो वनडे में नहीं खेल पाए थे लेकिन राजकोट में आखिरी वनडे के लिए लौटे और मुकाबले में सनसनीखेज प्रदर्शन किया। भारत के मैच हारने के बावजूद रोहित ने अपना प्रभाव जाहिर करना सुनिश्चित किया। 353 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत ने केवल 286 रन बनाए रोहित 57 गेंदों में 81 रनों के स्कोर के साथ भारत के लिए सबसे अधिक रन बनाए।

ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप 2023 का फाइनल मैच

हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसा और हॉकी झारखंड के बीच होगा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम महिला/ पुरुष दोनों वर्गों के लीग मैचों में टॉप पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाया तथा हॉकी झारखंड भी दोनों वर्गों के लीग मैचों में दूसरा स्थान लेते हुए फाइनल में प्रवेश किया। 24 सितंबर से 1 अक्तूबर तक रांची में आयोजित पहला हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में आज छठे दिन महिला वर्ग में तीन और पुरुष वर्ग में दो मैच खेले गए। महिला वर्ग में हॉकी मणिपुर ने हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा, हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम 03-03 गोल की बराबरी पर रही वन्ही हॉकी बिहार ने हॉकी असम को 11-00 से तथा हॉकी झारखंड ने हॉकी बंगाल को 12-00 से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में हॉकी बिहार ने हॉकी असम को 3-0से तथा को हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा ने हॉकी झारखंड को 5-1 गोल से पराजित किया।

हॉकी एस्सोसिशन ऑफ ओडिसा की टीम महिला/ पुरुष दोनों वर्गों के लीग मैचों में टॉप पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाया तथा हॉकी झारखंड भी दोनों वर्गों के लीग मैचों में दूसरा स्थान लेते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों के लीग मैचों में हॉकी मणिपुर तीसरा तथा हॉकी बिहार चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ये दोनों टीम कल आपस में तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेलेंगे। जबकि फाइनल मैच हॉकी एसोसिशन ऑफ ओडिसा और हॉकी झारखंड के बीच होगा।

भारतीय बैडमिंटन पुरुष टीम सेमीफाइनल में

37 साल बाद पदक पक्का

महिला टीम क्वार्टर फाइनल में हारी

एजेंसी। हांगझोउ

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर 19वें एशियाई खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और 37 साल के अंतराल के बाद ऐतिहासिक पदक पक्का किया। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। आखिरी बार पुरुष टीम ने 1986 के सोल संस्करण के दौरान इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पदक हासिल किया था। प्रकाश पादुकोण और सैयद मोदी जैसे दिग्गजों ने टीम का नेतृत्व किया, जिसमें विमल कुमार, रवि कुंटे, उदय पवार, सनत मिश्रा और लेरॉय डिसा शामिल थे। विश्व के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने प्रिंस दहल को 21-5, 21-8 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे मुकाबले में सुनील जोशी को 21-4, 21-13 से हराकर भारत को मुकाबले में 2-0 से आगे कर दिया। फिर, मिथुन मंजुनाथ ने मैच 3 में बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-7 से हराकर पुरुष टीम स्पर्धा के सेमीफाइनल में भारत की प्रगति को सील कर दिया। हालांकि, महिला टीम क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड से 0-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय स्टार पीवी सिंधु पहले मैच में पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-14, 15-21, 14-21 से हार गईं, जबकि गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी को किट्टीथाराकुल और प्राजोंगजई से 19-21, 5-21 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मैच में अश्मिता चालिहा बुसानन ओंगबामरुंगफान से 9-21, 16-21 से हार गईं। सिंधु ने शुरूआती बढ़त ले ली, लेकिन चोचुवोंग ने वापसी करते हुए अगले दो गेम जीत लिए, जिससे थाईलैंड को 1-0 की बढ़त मिल गई। भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना आखिरी महिला टीम पदक इंचियोन में 2014 संस्करण में जीता था। सिंधु और अश्विनी पोनप्पा उस सफलता का हिस्सा थीं।

कांके में दो दिवसीय स्व. अर्जुन बैठा मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को गांधीनगर बैंडमिंटन एकेडमी कि ओर से कांके रोड में दो दिवसीय स्व. अर्जुन बैठा मेमोरियल बैंडमिंटन टूर्नामेंट का समापन किया गया। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में पलामू के पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, भारतीय जनता पार्टी अनुसूसुचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी जी एवं समाजसेवी विवेक झा उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अथिति के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी आनंद कुमार साही, नितिन प्रसाद, जी उपस्थित थे। इस अवसर पर 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक गोविंद झा, डी दास, कौशल कुमार, आदि कई लोग उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है

सीनियर वर्ग में : प्रथम तन्मय और द्वितीय जोहेब रहे।

जूनियर वर्ग में : प्रथम तेजस, द्वितीय अनुराग और तृतीय संयुक्त रूप से अविनाश और धनजय रहे।

इंडियन प्रीमियर लीग

मो बोबाट बने आरसीबी के क्रिकेट निदेशक

बोबाट के नेतृत्व में इंग्लैंड ने जीता था विश्व कप

एजेंसी। बेंगलुरु

इंग्लिश क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के परफार्मेंस डायरेक्टर मो बोबाट को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपना क्रिकेट निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। 40 वर्षीय बोबाट 12 वर्षों से ईसीबी के साथ हैं और 2019 से परफार्मेंस डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में इंग्लैंड ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच और वनडे विश्व कप जीता था। बोबाट और आरसीबी के मौजूदा मुख्य कोच एंडी फ्लावर पहले इंग्लैंड के साथ मिलकर काम कर चुके हैं और अब एक बार फिर साथ आकर वे आरसीबी में नए बदलाव लाने और उसे सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने कोशिश करेंगे। बोबाट आरसीबी के साथ प्रतिभाओं की भर्ती और परफार्मेंस से जुड़ी योजनाओं की देखरेख करेंगे, और निरंतर सफलता के लिए एक अलग तरह की टीम सांस्कृतिक और उच्च प्रदर्शन के लिए जरूरी नींव स्थापित करने का लक्ष्य रखेंगे। बोबाट की नियुक्ति के बारे में डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, हमें आईपीएल में आरसीबी के क्रिकेट निदेशक के रूप में मो बोबाट का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। बोबाट ने पहले ही साबित कर दिया है कि वह इंग्लैंड के साथ इसी तरह की भूमिका में क्या-क्या कर सकते हैं, और मेरा मानना है कि विशेषज्ञता और वर्षों के अनुभव के साथ, वह आरसीबी को नई ऊंचाईयों तक जाने में मार्गदर्शन करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश वी मेनन ने कहा, क्रिकेट निदेशक का पद हमारी इलीट परफार्मेंस की दीर्घकालिक रणनीति के विकास में एक महत्वपूर्ण पद है। हमारा मानना है कि मो बोबाट के पास हमें इस क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए पर्याप्त ज्ञान और जरूरी विशेषज्ञता है।" बोबाट ने कहा, मैं आरसीबी में क्रिकेट निदेशक के रूप में शामिल होने पर उत्साहित और गौरवान्वित हूं। आरसीबी एक काफी मशहूर टीम है और इसका जबरदस्त फैन बेस है। इसी कारण यह दुनिया में सबसे अधिक पहचानी जाने वाली फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है। ऐसे क्लब के लिए काम करना बहुत बड़ा सम्मान होगा। माइक हेसन और संजय बांगर दोनों के काम को स्वीकार करना महत्वपूर्ण है, जो उन्होंने हाल के वर्षों में प्रदान की है। उन्होने कहा, मैं वास्तव में एंडी फ्लावर के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, जिन्हें मैं अच्छी तरह से जानता हूं। वह कमान संभालेंगे और आरसीबी को वह सफलता दिलाएंगे जो वह चाहते हैं। जब समय आएगा, मैं भारी मन से ईसीबी छोड़ दूंगा।

गागर में सागर

चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगेगी लगाम सरकार लगा सकती है एक्सपोर्ट पर बैन

नई दिल्ली। चीनी की बढ़ती कीमतों और महंगाई को कंट्रोल करने के लिए सरकार जल्द ही बड़ा फैसला ले सकती है। आने वाले सीजन में सरकार चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन लगा सकती है। 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले चीनी सीजन के दौरान चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन लगाया जा सकता है। देश में चीनी के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और ऐसी उम्मीद है कि नवंबर के पहले हफ्ते में शुगर एक्सपोर्ट पर बैन का नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर के एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी वित्तीय पोर्टल को दी है। चीनी के सीजन की शुरूआत अक्टूबर से होती है और अगले साल सितंबर तक रहती है। ऐसे में सरकार आने वाले सीजन में इसके एक्सपोर्ट पर बैन लगा सकती है। साल 2021-22 में रिकॉर्ड 11 मिलियन टन चीनी बेचने के बाद भारत ने साल 2022-23 में चीनी के एक्सपोर्ट पर पाबंदी लगाई जिससे कि देश में घरेलू बाजार में चीनी की सप्लाई बिना बाधा के रहे और कीमतों पर नियंत्रण लगाया जा सके। साल 2022-23 के चीनी वर्ष की शुरूआत में केंद्र सरकार ने चीनी का एक्सपोर्ट करीब 6 मिलियन टन तक बाधित कर दिया था।

सेंसेक्स 320 अंक बढ़कर 65,828 पर बंद, निफ्टी भी 114 अंक चढ़ा

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (29 सितंबर) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 320 अंक की तेजी के साथ 65,828 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 114 अंक की तेजी रही। यह 19,638 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में बढ़त और 10 में गिरावट रही। आईटी छोड़ ऑटो, बैंक, इंफ्रा, एनर्जी, मेटल, फार्मा और पीएसयू बैंक सहित सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी रही। प्लाजा वायर्स लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ आज ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 29 सितंबर यानी आज से 5 अक्टूबर तक अप्लाय कर सकते हैं। 13 अक्टूबर को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्ट होंगे। कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 51-54 तय किया है। रिटेल निवेशकों मिनिमम एक लॉट यानी 277 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 54 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,958 इन्वेस्ट करने होंगे। प्लाजा वायर्स लिमिटेड के आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक मैक्सिमम 13 लॉट यानी 3601 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 194,454 खर्च करने होंगे। इससे पहले कल यानी गुरुवार (28 सितंबर) को गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 610 अंक गिरकर 65,508 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में 192 अंक की गिरावट रही। ये 19,523 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट और 6 में तेजी देखने को मिली।

एअर इंडिया ने पहले ए350 एयरक्राफ्ट का अधिग्रहण पूरा किया

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली एयरलाइन ने 6 ए 350-900 एयरक्राफ्ट ऑर्डर किया था, इसमें से एक साल इस के आखिर तक और बाकी के 5 मार्च 2024 तक आ जाएंगे। एअर इंडिया ने अपने पहले ए350-900 एयरक्राफ्ट का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। एयरलाइन ने यह डील फाइनेंस लीज ट्रांजेक्शन के तहत HSBC के साथ की है। यह एक्विजिशन गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सीटी (GIFT) में स्थित देश की पहली इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विस के जरिए किया गया है। GIFT सीटी का यह पहला वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट लीज ट्रांजेक्शन है। इस बात की जानकारी एयरलाइन ने शुक्रवार को दी है। कंपनी ने बताया कि यह ट्रांजेक्शन उसकी 100% सब्सिडियरी अकफ्लीट सर्विसेज लिमिटेड ने किया है। इस साल की शुरूआत में किए गए 470 विमानों के ऑर्डर के बाद कंपनी का यह पहला फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन है। टाटा ग्रुप की स्वामित्व वाली एयरलाइन ने 6 A350-900 एयरक्राफ्ट ऑर्डर किए थे, इसमें से एक इस साल के आखिर तक और बाकी के 5 विमान मार्च 2024 तक आ जाएंगे। इसके अलावा एयरलाइन ने 34 ए350-1000S, 10 बोइंग 777S, 140 ए320 नियो, 70 A321 नियो और 190 बोइंग 737 एमएएक्सएस को मिलाकर टोटल 470 एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर इस साल एयरबस और बोइंग को दिया है। इन सभी एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी 2035 तक हो जाएगी।

6 बीमा बड़ी कंपनियों को मिला 3 हजार करोड़ का नोटिस

जीएसटी चोरी की चल रही जांच

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की कई बड़ी बीमा कंपनियां टैक्स चोरी को लेकर चल रही एक जांच के दायरे में आ गई हैं। उनमें आईसीआईसीआई लोम्बार्ड का भी नाम शामिल है। मामले की जांच कर रहे जीएसटी सतर्कता महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने टैक्स चोरी को लेकर चल रही जांच के सिलसिले में 6 बीमा कंपनियों को 3000 करोड़ रुपए के नोटिस भेजे हैं।

एक खबर के अनुसार, इन बीमा कंपनियों के ऊपर आरोप है कि उन्होंने री-इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया है, जबकि उन्हें को-इंश्योरेंस कंपनियों से कमिशन मिले हैं। इसे लेकर डीजीआईआई ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड समेत 6 बीमा कंपनियों को करीब 3000 करोड़ रुपए के नोटिस भेजा है। खबर में जीएसटी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि जिन बीमा कंपनियों को नोटिस भेजे गए हैं, उन्होंने री-इंश्योरेंस प्रीमियम पर को-इंश्योरेंस कंपनियों से कमिशन वसूला लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया। हालांकि अधिकारी ने किसी कंपनी का नाम नहीं बताया लेकिन उन्होंने बताया कि भेजे गए नोटिस करीब 3000 करोड़ रुपए के हैं। ब्याज और जुमार्ना जोड़ने पर नोटिस की रकम बढ़ सकती है। दूसरी ओर प्रमुख बीमा कंपनियों में से एक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने जीएसटी चोरी को लेकर मिले नोटिस के बारे में खुद ही शेयर बाजारों को जानकारी दी है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने बताया है कि उसे 1,729 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस मिला है। कंपनी ने बताया है कि यह नोटिस जुलाई 2017 से मार्च 2022 के दौरान मिले री-इंश्योरेंस प्रीमियम को लेकर है। कंपनी डीजीजीआई से मिले कारण बताओ नोटिस का जवाब देने की तैयारी कर रही है। इससे पहले सरकारी बीमा कंपनी एलआईसी भी जीएसटी जांच के दायरे में आई थी। एलआईसी समेत कई बीमा कंपनियां पहले से इनपुट टैक्स क्रेडिट को लेकर जांच का सामना कर रही हैं। इसे लेकर एलआईसी को पिछले सप्ताह 290 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा गया था, जिसमें ब्याज और जुर्माना शामिल था। एलआईसी के ऊपर प्राप्त प्रीमियम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट को रिवर्स नहीं करने का आरोप है। प्रीमियम पर आईटीसी रिवर्स नहीं करने के चलते कई बीमा कंपनियां टैक्स अधिकारियों के निशाने पर हैं। टैक्स अधिकारियों का ये भी कहना है कि कई बीमा कंपनियों ने इंटरमीडियरिज और एजेंट से मिले फर्जी बिल के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम किया है। इसे लेकर डीजीजीआई के मुंबई, गाजियाबाद, बेंगलुरू ऑफिस में जांच चल रही है।

कृषि क्षेत्र में कर्ज अगस्त महीने में 16.6% बढ़ा : आरबीआई



एजेंसी। मुंबई

कृषि और संबद्ध गतिविधियों में कर्ज वृद्धि पिछले महीने बढ़कर 16.6 प्रतिशत रही। वहीं बकाया कर्ज 18 लाख करोड़ रुपए के करीब पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल अगस्त महीने में कृषि और संबद्ध गतिविधियों में कर्ज वृद्धि 13.4 प्रतिशत रही थी। बैंकों की तरफ से इस क्षेत्र को दिया गया सकल कर्ज 17,96,113 करोड़ रुपए रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, उद्योग क्षेत्र को कर्ज इस साल अगस्त में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसमें 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, अगस्त 2023 में बुनियादी धातु और धातु उत्पादों और वस्त्रों के लिये कर्ज में सालाना आधार पर तेजी आई। हालांकि, रसायन और रासायनिक उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कर्ज वृद्धि घटी है। सेवा क्षेत्र को दिए गए कर्ज में इस साल अगस्त में 20.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी महीने में 17.4 प्रतिशत थी। व्यक्तिगत कर्ज में वृद्धि आलोच्य महीने में कम होकर 18.3 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 19.4 प्रतिशत थी।

1 अक्तूबर से सीमेंट के प्रति बोरी पर 15 रुपये की होगी बढ़ोत्तरी

एजेंसी। नई दिल्ली

अगर आप घर बनाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपको झटकना देने वाली है। दरअसल, सीमेंट कंपनियां मांग कम होने के बावजूद कार्टेल बनाकर एक बार फिर एक अक्टूबर से 15 रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। कंपनियों ने डीलरों को इसकी सूचना दे दी है। सीमेंट कंपनियों का कहना है कि उत्पादन लागत बढ़ जाने के कारण कीमत बढ़ाने जा रहे हैं। अगस्त तक 310 से 320 रुपये बोरी बिकने वाली सीमेंट की कीमत एक सितंबर को एक साथ 50 रुपये बढ़ा देने के बाद रिटेल में प्रति बोरी 360 रुपये पहुंच गई है। अब कंपनियों द्वारा एक बार फिर बढ़ोतरी से यह बाजार में रिटेल में 400 रुपये बोरी तक पहुंच जाएगी। इसका असर निर्माण कार्यों पर पड़ना निश्चित है। बता दें कि सीमेंट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख राज्यों में शामिल है। देश की कुल जरूरत का लगभग 20 प्रतिशत सीमेंट का उत्पादन यहां होता है। यहां सीमेंट कंपनियों के 14 प्लांट संचालित हैं, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 260 लाख टन है। आंध्र प्रदेश देशभर में सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक राज्य है।

राजस्थान दूसरा, कर्नाटक तीसरा, मध्य प्रदेश चौथा सबसे ज्यादा सीमेंट उत्पादक राज्य है। एक अक्टूबर से दाम बढ़ सकते हैं जिस कारण निर्माण कार्यों पर असर पड़ेगा।

घट सकते सरिया के दाम : वर्तमान में खुले बाजार में सरिया 59 हजार रुपये प्रति टन और फैक्ट्रियों में 56 हजार 500 रुपये प्रति टन बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सरिया की कीमतों में और गिरावट आ सकती है। बीते अप्रैल माह में सरिया 64 हजार रुपये प्रति टन पहुंच गया था। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि अगर सीमेंट कंपनियां सीमेंट की बढ़ती कीमत को मैनेज करने में सक्षम होती हैं तो इनकी पोस्ट अनिंग मौजूदा वित्त वर्ष से पहली छमाही में 800-900 रुपये प्रति टन से 1200-1300 रुपये प्रति टन होने की संभावना है।

पेट्रोल पंप संचालकों ने एक अक्टूबर से फिर हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

जयपुर। राजस्थान में पेट्रोल पंप संचालक 1 अक्टूबर से फिर हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सदस्य ने कहा कि सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर बढ़ रहे वैट का दस दिनों में समाधान का वादा किया था। लेकिन 13 दिन बाद भी समाधान नहीं निकला है। इससे परेशान होकर वे 1 अक्टूबर को सुबह 6 से शाम 6 बजे तक सांकेतिक हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो हम दो अक्टूबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे। दरअसल, एसोसिएशन की ओर से वैट कम करने समेत अन्य मांगें की जा रही हैं। इसके लिए 13 और 14 सितंबर को दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर 15 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की गई। सरकार से वार्ता के दौरान मिले आश्वासन के बाद 15 सितंबर को ही हड़ताल स्थगित कर दी गयी थी।

क्यूबेक पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति को मारी गोली

कनाडा। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, लेगॉल्ट के खिलाफ कथित तौर पर धमकी देने के बाद क्यूबेक पुलिस ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। प्रांतीय पुलिस की सामरिक टीम के एक सदस्य द्वारा प्रीमियर फ्रेंकोइस लेगौल्ट और प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो को धमकी देने के संदेह में एक व्यक्ति को गोली मारने के बाद क्यूबेक की पुलिस निगरानी जांच कर रही है। एजेंसी, जिसे ब्यूरो डेस एनक्वेट्स इंडिपेंडेंटेस के नाम से जाना जाता है, उनका कहना है कि मॉन्ट्रियल से लगभग 180 किलोमीटर पूर्व में स्कॉट्सटाउन, क्यू में एक घर में बुधवार की सुबह गिरफ्तारी के प्रयास के दौरान गोलीबारी हुई। बीईआई के अनुसार, वह व्यक्ति घायल हो गया था और उसकी हालत स्थिर है।

पेज एक के शेष

राज्यपाल-सीएम ने ...

उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित टोंटो थाना के सरजामबुरू क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार वीरगति को प्राप्त हुए। जवान राजेश कुमार ग्राम रेवाली, जिला गरियाबंद, छत्तीसगढ़ के निवासी थे।

मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद कांस्टेबल जवान राजेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

ह्यूमन ट्रैफिकिंग...

विभाग कंबाइंड भवन का डीपीआर तैयार कर अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित पुराने एवं लम्बित मामलों का निरंतर समीक्षा करते हुए उन मामलों को निष्पादित करें। मामलों की निगरानी करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ह्यूमन ट्रैफिकिंग में शामिल सिंडिकेट या एजेंसियों पर हर हाल में कार्रवाई सुनिश्चित हो। बच्चों को बाल श्रम की ओर धकेलने वाले दलालों के खिलाफ कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वैसे श्रमिक जो घरेलू कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं उनका डाटा और पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित करें ताकि उन्हें शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण से बचाया जा सके। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित जितने हेल्प डेस्क तथा कॉल सेंटर बनाए गए हैं उन्हें पूर्ण रूप से सक्रिय करें तथा उन सेंटरों का निरंतर समीक्षा की जाए। पंचायत स्तरों में स्थापित कॉमन सर्विस सेंटरों में भी श्रमिकों की डाटा रजिस्टर्ड हो सके इसकी भी व्यवस्था बनाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के वैसे प्रवासी श्रमिक या मजदूर जो रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन करते हैं, उनके हित के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। एक ऐसा मेकेनिज्म तैयार करें, जिसमें राज्य सरकार की ओर से उन श्रमिकों को इंसेंटिव मिले तथा उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रह सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मानव तस्करी से संबंधित सूचना तंत्र को मजबूत करें। बैठक में मुख्यमंत्री ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड महिला विकास समिति के तहत वूमेन ट्रैफिकिंग से संबंधित रोकथाम एवं पुनर्वास के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, स्वाधार गृह योजना/उज्ज्वला योजना (शक्ति सदन) सहित अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव के रवि कुमार, श्रम आयुक्त संजीव बेसरा, एसपी सीआईडी संध्या रानी मेहता, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव, सीईओ जेएसएलपीएस संदीप सिंह, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक महिला विकास समिति शशि प्रकाश झा एवं अन्य उपस्थित थे।

पे फिक्सेशन को ...

हुए कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने अंगीकृत किए गए कॉलेज के कर्मियों को समायोजित कर लिया, तो राज्य सरकार को कोई पावर नहीं है उनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने का। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक को चार सप्ताह में इनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक से कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने कर्मियों को समायोजित कर लिया तो उनका पे फिक्सेशन करना होगा। उनका समायोजन सही है या गलत इसके बारे में निर्णय लेने का पावर सरकार के पास नहीं है। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा उनके पंचम एवं छठा वेतनमान निर्धारित नहीं किए जाने पर वर्ष 2017 में हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को इनके समायोजन होने के आलोक में उनके मामले को कंसीडर करने का आदेश दिया था।

कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वर्ष 2018 में याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। केस लंबित करने के दौरान याचिकाकर्ता सेवानिवृत्ति भी हो गए। वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा निदेशक ने प्रार्थियों के पे फिक्सेशन को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि इनका समायोजन गलत है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता श्रेष्ठ गौतम ने कोर्ट को बताया महासंघ के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एससी अग्रवाल कमीशन बनाया था। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा था कि यूनिवर्सिटी को पावर है कि वह स्वीकृत पद पर कर्मियों को समायोजित करें। एक बार यूनिवर्सिटी ने कर्मियों को समायोजित कर लिया तो राज्य सरकार के पास उनकी नियुक्ति पर निर्णय लेने का पावर नहीं है।

सीखने की ...

उसने खेती करने के लिए 15 हजार का ऋण महिला समूह से प्राप्त किया और ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती शुरू की। खेती में कुल लागत 15,500 रुपये की आई। इतनी लागत से 3,700 किलोग्राम गोभी का उत्पादन हुआ। सुनीता बताती है कि उसने 20 रुपये प्रति की दर से पत्तागोभी बेचकर 74 हजार रुपये अर्जित किये। लागत घटाने के बाद सुनीता को लगभग 60 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। सुनीता बताती है कि कृषि में रुचि और नया कुछ सीखने की ललक से ही वह आज अपनी पहचान उन्नत महिला किसान के रूप में बना पाई है। सुनीता ने बताया कि इस परियोजना से जुड़ने का मुख्य कारण है जेएसएलपीएस के माध्यम से क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में टपक सिंचाई योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना। साथ ही इससे जुड़े किसानों के फसल लगे खेतों को देखने और नया सीखने का अवसर मिला। सुनीता बताती है कि ड्रिप के माध्यम से खेती कर अपनी आजीविका को आगे बढ़ा रही है और उसकी आय में भी वृद्धि हो रही है।

साइबर हमलों को ...

उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल फर्मों के लिए व्यावहारिक साइबर हमले सुरक्षा उपाय भी प्रदान करता है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइबर सुरक्षा प्रभाग द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान, जर्नल ऑफ ऑर्गनाइजेशनल कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स (एबीडीसी ए श्रेणी) में इसे प्रकाशित किया गया है। पेपर का सह-लेखन प्रोफेसर अरुणाभा मुखोपाध्याय ने अपने शोध विद्वानों स्वाति जैन और सलोनी जैन के साथ किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने...

अधिनियम कानून तो बन गया लेकिन अभी इसकी राह में तीन और महत्वपूर्ण पड़ाव हैं, जिन्हें औपचारिक रूप से पूरा करना होगा।

कानून बनने के बाद अब इसे राज्यों से भी मंजूरी मिलनी जरूरी है। अनुच्छेद 368 के अंतर्गत केंद्र के किसी कानून से राज्यों के अधिकार पर अगर कोई असर पड़ता है तो कानून बनने के लिए कम से कम 50 फीसदी राज्यों की विधानसभाओं की मंजूरी लेना आवश्यक होता है। एक तरह से ऐसे कानून को लागू करने से पूर्व कम से कम 14 राज्यों की विधानसभाओं से पारित कराना होगा। वैसे ये बिल कानून बनने के बाद भी नई जनगणना के बाद ही लागू हो सकेगा, क्योंकि 2021 में कोविड महामारी के कारण 2021 की जनगणना नहीं कराई जा सकी थी। इसका उल्लेख केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में भी किया था। माना जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही देश में जनगणना का काम शुरू होगा। जनगणना का काम पूरा होने के बाद लोकसभा और विधानसभा सीटों का नए सिरे से परिसीमन कराना होगा। संवैधानिक नियमों के तहत 2026 तक इस तरह के परिसीमन पर रोक है, इसलिए परिसीमन का काम भी 2026 के बाद ही किया जा सकेगा।

विदेश

व्हाइट हाउस' के 15 फेलो में भारतवंशी कैंसर चिकित्सक मेंघराजानी भी शामिल

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका में भारतवंशी कैंसर चिकित्सक कमल मेंघराजानी समेत 15 लोगों को व्हाइट हाउस फेलो' की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुना गया है। मेंघराजानी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में तैनात किया गया है। वह ल्यूकेमिया के मरीजों का इलाज करती हैं। मेंघराजानी अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय ह्यव्हाइट हाउस' के वरिष्ठ कर्मचारियों, कैबिनेट सचिवों और अन्य शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ काम करते हुए एक साल बिताएंगी। ह्यव्हाइट हाउस' ने 20 सितंबर को एक बयान में कहा कि न्यूयॉर्क में रहने वालीं मेंघराजानी ह्यव्हाइट हाउस फेलो' की 2023-2024 श्रेणी के लिए चुने गए 15 ह्यह्यउल्लेखनीय रूप से प्रतिभाशाली, समर्पित और निपुण" लोगों में से एकमात्र भारतीय अमेरिकी हैं। हाल में व्हाइट हाउस' की घोषणा के बाद मेंघराजानी ने सोशल मीडिया एक्स' (पूर्व

में ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस फेलो के रूप में मेरी नियुक्ति की घोषणा की। अब तक चुने गए पहले कैंसर विशेषज्ञ के रूप में मैं कैंसर उपचार और स्वास्थ्य परिणाम टीम के साथ इस नयी भूमिका में हमारे रोगियों के लिए नेतृत्व, सेवा और नवाचार करने को लेकर उत्साहित हूं।" मेंघराजानी ने अपने लिंक्डइन प्रोफाइल पर एक पोस्ट में कहा कि वह राष्ट्रपति कार्यालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में कैंसर उपचार और स्वास्थ्य परिणाम टीम के साथ काम करेंगी। बयान में कहा गया है कि ह्यमेमोरियल स्लोअन केटरिंग कैंसर सेंटर' में संकाय सदस्य के रूप में मेंघराजानी ने शीघ्र निदान और रोकथाम पर केंद्रित कैंसर अनुसंधान किया और निकारागुआ, बोलीविया तथा युगांडा सहित वैश्विक संदर्भों में संवेदनशील आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के प्रयासों का नेतृत्व किया। बयान के अनुसार, उद्यमी के रूप में मेंघराजानी ने कैंसर के इलाज में जरूरतों को पूरा करने और तेजी से कैंसर निदान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल को लेकर एक स्टार्टअप की सह-स्थापना की है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने गैर-लाभकारी संस्था ह्यनौरिश इंटरनेशनल' को विकसित करने में मदद की, जो छात्र नेताओं को अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यों में सामाजिक उद्यमियों के रूप में शामिल करती है।

संबंध में दरार चीन ने खास दोस्त पाकिस्तान को सीपीईसी पर दिया झटका

ऊर्जा, जल व किसी भी क्षेत्र में सहयोग से किया इनकार

एजेंसी। इस्लामाबाद

चीन ने अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर अपने खास दोस्त पाकिस्तान को करारा झटका दिया है। चीन ने सीपीईसी के तहत ऊर्जा, जल प्रबंधन व जलवायु परिवर्तन के क्षेत्रों में पाकिस्तान को किसी भी सहयोग में विस्तार देने से इन्कार कर दिया है। नकदी और ऋण संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए चीन का यह फैसला काफी अहम और संबंधों में दरार माना जा रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर में आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्र की तैयारी का विरोध छोड़कर चीन की चिंताओं पर उसकी कई मांगों पर सहमति जताई थी। रिपोर्ट में सीपीईसी की 11वीं ज्वाइंट कोऑपरेशन कमेटी (जेसीसी) के हस्ताक्षरित मिनट्स

का हवाला देते हुए यह जानकारी दी गई है। बता दें कि जेसीसी, सीपीईसी का एक रणनीतिक निर्णय लेने वाला निकाय है। शहबाज सरकार की पहल पर इसकी वर्चुअल बैठक पिछले साल 27 अक्टूबर को हुई थी। इसमें कुछ प्रगति हुई थी। हालांकि, बैठक के मिनट्स पर नौ महीने बाद 31 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए, जिसमें चीन के उप प्रधानमंत्री ही लीफेंग शामिल हुए थे। रोचक बात यह है कि पाकिस्तान द्वारा चीन से साझा किया गया फाइनल ड्राफ्ट और दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित फाइनल मिनट्स में कई अंतर थे। 60 अरब डॉलर की सीपीईसी चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की प्रमुख परियोजना है। जो बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को

शहबाज सरकार की पहल पर इसकी वर्चुअल बैठक पिछले साल 27 अक्टूबर को हुई थी। इसमें कुछ प्रगति हुई थी

चीन के शिंजियांग प्रांत से जोड़ता है। इससे पहले भी पाकिस्तान और चीन के बीच परियोजना को लेकर अंतर्विरोध की खबरें आती रही हैं। बलूचिस्तान के लोग सीपीईसी के विरुद्ध लगतार विरोध करते रहे हैं। चीनी हैकर्स ने एक बार फिर अमेरिकी सुरक्षा में सेंध लगाई है. हैकरों ने इस बार अमेरिकी विदेश विभाग को निशाने पर लिया है। विदेश विभाग के आईटी अधिकारियों के मुताबिक, हैकर्स 10 ई-मेल अकाउंट्स से 60 हजार ईमेल डेटा चोरी करने में कामयाब रहे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

गागर में सागर

धर्मेंद्र प्रधान आज भारतीय भाषा उत्सव का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को बाबा साहेब डॉ बीआर अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में भारतीय भाषा उत्सव और ₹प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन₹ नामक दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। यह शिक्षा में भारतीय भाषाओं के तकनीकी रूप से समृद्ध भविष्य की दिशा तय करेगा। मंत्रालय ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एनईपी-2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्तमान शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र से भारतीय भाषाओं में निहित एक सहज संक्रमण की सुविधा प्रदान करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय भाषाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर स्थानीयकरण, खोज इंजन स्थानीयकरण जैसे एजेंडे पर मुख्य चर्चा होगी। आईआईआईटी-डीएम, कांचीपुरम के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और जोहो कॉर्पोरेशन के सीईओ श्रीधर वेम्बू मुख्य भाषण देंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गण्यमान्य व्यक्ति, शिक्षाविद्, प्रौद्योगिकी और भाषा विशेषज्ञ और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

हरित क्रांति के जनक डॉ. स्वामीनाथन का आज होगा अंतिम संस्कार

चेन्नई। भारतीय हरित क्रांति के शिल्पकार डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर अंतरराष्ट्रीय कृषि अनुसंधान संस्था डॉ एस स्वामीनाथन रिसर्च फाऊंडेशन में दर्शनार्थ रखा गया है। शुक्रवार को फाउंडेशन ने एक बयान जारी कर बताया है कि शुक्रवार को डॉ स्वामीनाथन का पार्थिव शरीर उनके अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों की धनराशि से चेन्नई के तारामणि एरिया में स्थापित की गई संस्था के ऑडिटोरियम में सुबह 7 बजे से जनता के दर्शनार्थ रखा जाएगा। फाउंडेशन ने बताया कि शनिवार 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे बेसेंट नगर श्मशान पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

मप्रः बालाघाट के जंगल में 14 लाख का इनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर

बालाघाट/भोपाल। मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सली उन्मूलन में लगे पुलिस बल और हॉकफोर्स को शुक्रवार तड़के एक और बड़ी सफलता हाथ लगी। रूपझर थाना अंतर्गत कुंदल-कोद्दापार और सोंगुदा के जंगल में पुलिस और हॉकफोर्स ने मुठभेड़ में 14 लाख के एक इनामी नक्सली को मार गिराया। उसकी पहचान नक्सली दलम टाडा दडेकसा के सक्रिय सदस्य 25 वर्षीय नक्सली कमलु के रूप में की गई। फिलहाल कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रूपझर थाना अंतर्गत कुंदल-कोद्दापार और सोंगुदा के जंगल में एसडीजी बिरसा हॉकफोर्स की जंगल सर्चिंग के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई।

अभिषेक बनर्जी तीन अक्टूबर को ईडी के समक्ष नहीं होंगे पेश

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार सुबह स्पष्ट कर दिया है कि वह नई दिल्ली में एक पार्टी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण तीन अक्टूबर को पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता कार्यालय में मौजूद नहीं रहेंगे। यह संदेश खुद बनर्जी ने शुक्रवार सुबह अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, डब्ल्यूबी और उसके उचित बकाया से वंचित होने के खिलाफ लड़ाई बाधाओं के बावजूद जारी रहेगी। विश्व की कोई भी ताकत पश्चिम बंगाल के लोगों और उनके मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने के मेरे समर्पण में बाधा नहीं बन सकती। मैं 2 और 3 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली जाऊंगा। यदि रोक सको तो मुझे रोक लो!

स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी हर प्रयास महत्वपूर्ण : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के लोगों से एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अर्बन द्वारा एक्स पर एक साझा पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे, हम एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आ रहे हैं। स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और हर प्रयास मायने रखता है। स्वच्छ भविष्य की शुरूआत के लिए इस नेक प्रयास में शामिल हों।" इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा था, "एक अक्टूबर यानी रविवार को सुबह 10 बजे स्वच्छता पर एक बड़ा कार्यक्रम

आयोजित होने जा रहा है। आप भी समय निकालकर स्वच्छता से जुड़े इस अभियान में मदद करें। आप भी अपनी गली, पड़ोस या किसी पार्क, नदी, झील या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर इस स्वच्छता अभियान में शामिल हो सकते हैं।"

उन्होंने कहा कि एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल स्वच्छता अभियान है। यह पहल 'स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा' 2023 अभियान की एक कड़ी है। यह सभी नागरिकों द्वारा एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक घंटे 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' करने की प्रधानमंत्री की अपील का अनुसरण करता है।

पीएम मोदी कल तेलंगाना में रखेंगे 13,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को तेलंगाना का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री राज्य में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री 1 अक्टूबर को लगभग 2:15 बजे, महबूबनगर जिले में पहुंचेंगे, जहां वे सड़क, रेल, पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर में 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद (काचीगुडा)-रायचूर-हैदराबाद (काचीगुडा) पहली ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन सेवा तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, महबूबनगर, नारायणपेट जिलों को कर्नाटक के रायचूर जिले से जोड़ेगी। यह सेवा महबूबनगर और नारायणपेट के पिछड़े जिलों के कई नए क्षेत्रों में पहली बार रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्र में छात्रों, दैनिक यात्रियों, मजदूरों और स्थानीय हथकरघा उद्योग को लाभ होगा।

सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

इस्कॉन पर लगाए थे गंभीर आरोप

एजेंसी। नई दिल्ली

बीजेपी सांसद मेनका गांधी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल मेनका गांधी के दावे के बाद इस्कॉन कोलकाता ने उन्हें 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। शुक्रवार को इस्कॉन, कोलकाता के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता राधारमण दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट डाला। उन्होने लिखा कि मंगलवार को संगठन को सबसे बड़ा धोखेबाज कहने के लिए भाजपा सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा गया है। वहीं दास ने कहा कि आज हमने इस्कॉन के खिलाफ पूरी तरह से निराधार आरोप लगाने के लिए मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपये का मानहानि नोटिस भेजा है। इस्कॉन के भक्तों, समर्थकों और शुभचिंतकों का विश्वव्यापी समुदाय इन

अपमानजनक, निंदनीय और दुर्भावनापूर्ण आरोपों से बहुत दुखी है। हम इस्कॉन के खिलाफ भ्रामक प्रचार के खिलाफ न्याय की खोज में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मेनका को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आज भारत में सबसे बड़ा धोखा इस्कॉन है। वे गौशालाएं स्थापित करते हैं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार से असीमित लाभ मिलता है। उन्हें बहुत बड़ी जमीन मिलती है। मैंने अभी उनकी अनंतपुत गौशाला का दौरा किया। इस्कॉन अपनी सारी गायें कसाई को बेच रहा है। वहीं मेनका ने ये भी कहा कि वे कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है।

आतंकी गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की दी थी धमकी

एजेंसी। अहमदाबाद

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 5 अक्टूबर को होने वाले वर्ल्ड कप क्रिकेट के पहले मैच में खालिस्तानी आतंकी संगठन की धमकी पर अहमदाबाद की साइबर क्राइम ब्रांच में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच को लेकर धमकी दी है। धमकी का कारण कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लेना बताया गया है। क्रिकेट वर्ल्ड कप की शुरूआत 4 अक्टूबर से होगी। पहले दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच खेला जाएगा। इस पहले मैच को लेकर एक ऑडियो वायरल किया गया है, जिसमें खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खालिस्तानी झंडा फहराने की धमकी दी है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है। पुलिस की दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि हाल में सोशल मीडिया में एक ऑडियो क्लिप वायरल की गई है। इसमें सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच के दौरान हमला करने संबंधी धमकी दी गई है।

राष्ट्रपति ने एनएसएस को पुरस्कार प्रदान किए

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विश्वविद्यालय, एनएसएस इकाइयों और एनएसएस वालंटियर को 2021-22 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार 41 व्यक्तियों को सामाजिक सेवाओं में उनके योगदान के लिए दिया गया। पुरस्कार पाने वालों में डॉ. रामबीर सिंह चौहान (उत्तर प्रदेश), डॉ. मिताली कथकटिया (असम), डॉ. रंजन शर्मा (चंड़ीगढ़), डॉ. मलकियत सिंह (हिमाचल प्रदेश), डॉ. राघवेन्द्र आर (कर्नाटक), डॉ. एस. लक्ष्मी (केरल), डॉ. इंदिरा बर्मन (मध्य प्रदेश), डॉ. पवन रमेश नायक (महाराष्ट्र), जोसेफ वनलालह्रुइया सेलो (मिजोरम), डॉ. रेनू विष्ट (उत्तराखंड), बबीता प्रसाद (पश्चिम बंगाल), कुरुबा जयमारुथि (आंध्र प्रदेश), पेल्लाकुरू सात्विका (आंध्र प्रदेश), साजिश अली (असम), मैक्स कुमार (बिहार), बनश्री काकती (असम), सागर रॉय (चंड़ीगढ़), कुमुधिनी साओ (छत्तीसगढ़),

अलीशा अंसारी (छत्तीसगढ़), अनुज (दिल्ली), पटेल सोनल चमनभाल (गुजरात), शालीन मनीष कुमार पटादिया (गुजरात), दीपक सिंह (हरियाणा), काजल कौशिक (हरियाणा), ऋषभ चौधरी (हिमाचल प्रदेश), किफायतुल्लाह मलिक (जम्मू और कश्मीर), अभिषेक रंजन (झारखंड), अंकित लखेरा (मध्य प्रदेश), अक्षिता शर्मा (मध्य प्रदेश), जाह्नवी विजय पेडीवार (महाराष्ट्र), वेदांत सुदाम डाइक (महाराष्ट्र), श्रिया मैनी (पंजाब), शुभम पारीक (राजस्थान), ममता कुमावत (राजस्थान), गुंडे परशुरामुलु (तेलंगाना), दवेरा मनोज खन्ना (तेलंगाना), अली देबनाथ (त्रिपुरा), सुब्रत साहा (त्रिपुरा), लक्ष्य (उत्तर प्रदेश), संजना सिंह (उत्तर प्रदेश) और अभिजीत भुइन (पश्चिम बंगाल) शामिल हैं। इस मौके पर युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी मौजूद रहे। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एनएसएस पुरस्कार हर साल एनएसएस वालंटियर, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस इकाइयों और विश्वविद्यालयों/ 2 परिषदों को उनकी स्वैच्छिक सेवा को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं। एनएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र को विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ वर्ष 1969 में शुरू किया गया था। एनएसएस का वैचारिक रुझान महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। एनएसएस का आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले आप' है।

देश ने नौ वर्षों में निर्णय लेने वाला व जीवंत लोकतंत्र देखा : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नौ वर्षों में, केंद्र में स्थिर और निर्णायक सरकार के कारण, देश ने संघीय ढांचे में मजबूत नीतियों और महान टीम वर्क को देखा है। उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यूपीए शासन की 2004 से 2014 की 10 साल की अवधि ने देश को हिलाकर रख दिया, जो राजनीतिक अस्थिरता का अंतिम काल भी था। इसके विपरीत, पिछले नौ वर्षों में प्रदर्शन और निर्णायक नीतियां देखी गईं और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के तहत अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिली है। शाह ने कहा, पिछले नौ साल राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति-निर्माण के रहे हैं। इस अवधि के दौरान हमारी जीडीपी 2.03 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो लगभग दोगुनी है। प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 68,000 रुपये से 1.80 लाख रुपये हो गई। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने पिछले नौ वर्षों में भारत को हर क्षेत्र में बदलने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद न केवल व्यापार और उद्योगों में बल्कि देश के हर क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी लोग एक नई गति का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का केंद्र हैं, जहां से उसे ऊर्जा मिलती है। शाह ने कहा कि जब भी कोई कंपनी दुनिया भर में अपना आधार बदलना चाहती है, तो भारत स्थानांतरित करने के लिए एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरता है।

FILMY हलचल

नाना पाटेकर की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' ने दर्शकों को किया निराश

अभिनेता नाना पाटेकर स्टारर 'द वैक्सीन वॉर' शुक्रवार 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है। 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी सुपरहिट फिल्म देने के बाद विवेक अग्निहोत्री की 'द वैक्सीन वॉर'

ने सबका ध्यान खींचा। फिल्म की रिलीज के बाद पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। इस लिहाज से फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' का पहले दिन का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' कोरोना महामारी, उस समय देश के हालात, इस भयानक महामारी के खिलाफ देश की लड़ाई और भारत में वैक्सीन उत्पादन की कहानी बताती है। तीन साल पहले हुई इस भयानक बीमारी की यादों को ताजा करने वाली ये फिल्म कैसी होगी, इसे लेकर खूब चर्चा हुई, लेकिन पहले दिन की कमाई को देखकर लगता है कि दर्शकों ने इससे मुंह मोड़ लिया है। 'सैक्निल्क' की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, 'द वैक्सीन वॉर' ने रिलीज के पहले दिन महज 1.3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है।

संजय दत्त का सेंस ऑफ ह्यूमर 'अनरियल' है : सुनील शेट्टी

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जल्द ही 'स्टार वर्सेज फूड सर्वाइवल' नामक शो के अपकमिंग सीजन में नजर आएंगे। उन्होंने अपने को-स्टार संजय दत्त और सेलिब्रिटी शेफ रणवीर बरार के साथ काम करने का अनुभव साझा किया है। सुनील ने कहा कि संजय में हास्य की अवास्तविक समझ है। एक्टर ने साझा किया कि उन्हें संजय के साथ काम करना हमेशा मजेदार लगता है, क्योंकि दोनों के बीच 'शूटआउट एट लोखंडवाला', 'एलओसी : कारगिल', 'दस', 'कांटे' और अन्य फिल्मों में सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। एक्टर ने बताया, "संजय दत्त के साथ काम करना हमेशा अद्भुत होता है।'

ग्रे शेड वाले किरदार निभाना हितेन तेजवानी के लिए दिलचस्प

लोकप्रिय टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी अपनी नई ड्रामा सीरीज 'पशमीना धागे मोहब्बत के' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेता कश्मीर में एक अंधेरे अतीत के साथ एक अनसुने पर्यटक अविनाश शर्मा की भूमिका निभाएंगे। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा कि ग्रे शेड वाला किरदार निभाना एक अनोखा और दिलचस्प अनुभव है। अपने किरदार के बारे में विस्तार से बताते हुए हितेन तेजवानी ने कहा, अविनाश के किरदार को मूर्त रूप देना

रोमांचकारी और मांगलिक दोनों है क्योंकि किरदार में महत्वाकांक्षा और हेरफेर की परतें हैं। ग्रे शेड्स वाला किरदार निभाना काफी दिलचस्प है। साथ ही यह एक नया अनुभव भी है। मेरे प्रशंसकों ने मुझे पहले कभी टेलीविजन पर ऐसी भूमिका निभाते हुए नहीं देखा है। उन्होंने कहा, दर्शकों के लिए अविनाश के अतीत के बारे में सच्चाई को उजागर करना और कश्मीर उनके जीवन में कितनी प्रासंगिकता रखता है, यह भी दिलचस्प होगा। 'पशमीना धागे मोहब्बत के' एक मनोरंजक कहानी प्रस्तुत करता है जो कश्मीर घाटी के खूबसूरत परिदृश्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है। हितेन के साथ, शो में अभिनेता ईशा शर्मा और निशांत मलकानी भी शामिल हैं जो क्रमशः पशमिन्ना और राघव की भूमिका निभाते हैं।

उपलब्धि एलएसी पर नई रणनीतिक सड़क बना रहा है भारत

चीनी सेना की नहीं पड़ेगी नजर

उत्तरी सैन्य अड्डे डीबीओ तक सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही होगी आसान

ससोमा से डीबीओ तक 130 किमी लंबी सड़क का निर्माण नवंबर के अंत तक पूरा होगा

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ऐसी नई रणनीतिक सड़क के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर आगे बढ़ रहा है, जिस पर चीनी सेना की नजर नहीं पड़ सकती। नवंबर के अंत तक तैयार होने वाली यह सड़क भारतीय सेना को चीनियों से सुरक्षित रखेगी। चीन सीमा पर ससोमा से दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) तक यह नई सड़क न

केवल यात्रा के समय को कम करेगी, बल्कि भारत के उत्तरी सैन्य अड्डे डीबीओ तक इस नई सड़क से अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही आसान होगी। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते लद्दाख के रणनीतिक परिदृश्य को नया आकार देने की होड़ में हिंसक आचरण और सैन्य महत्वाकांक्षाओं के कारण भारत के साथ सीमा विवाद बना हुआ है। भारत और चीन के बीच 19वें दौर की सैन्य वार्ता 13-14 अगस्त को भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में हुई थी। साढ़े तीन साल से चल रहे गतिरोध के बीच यह बैठक सबसे ज्यादा 70 घंटे तक चली, जिसमें दोनों पक्ष लद्दाख सेक्टर में एलएसी के साथ शेष मुद्दों को हल करने पर सहमत हुए। इसके बावजूद चीन लगातार सीमावर्ती इलाकों में अपना बुनियादी ढांचा खड़ा करने से पीछे नहीं हट रहा है। इसी के जवाब में भारत भी एलएसी के सीमावर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाकर अपनी पहुंच को लगातार आसान बना रहा है, क्योंकि चीन के साथ 1962 के युद्ध में भारत को बुनियादी ढांचे की कमी से कई सबक सीखने को मिले थे। इसी क्रम में भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एक दूरस्थ चौकी के पास वैकल्पिक कनेक्टिविटी के लिहाज से एक महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा करने के कगार पर है। नवंबर के अंत तक तैयार होने वाली यह सड़क भारतीय सेना को चीनियों से सुरक्षित रखेगी, क्योंकि इस पर चीनी सेना की नजर नहीं पड़ सकती। साथ ही अग्रिम पंक्ति को मजबूत करने के लिए सैनिकों, हथियारों और रसद पहुंचाने के लिए आवाजाही आसान होगी। इस परियोजना से जुड़े एक अधिकारी का कहना है कि नई सड़क को एलएसी के उस पार से नहीं देखा जा सकता है, जबकि दरबुक से डीबीओ तक जाने वाली एकमात्र मौजूदा 255 किमी. लंबी सड़क तक चीन की पहुंच आसान है। नुब्रा घाटी में ससोमा से काराकोरम दर्रे के पास डीबीओ तक 130 किमी लंबी सड़क का निर्माण अपने अंतिम चरण में है। ससोमा और 17,600 फुट ऊंचे सासेर ला के बीच 52 किमी की दूरी में से 46 किलोमीटर को ब्लैकटॉप कर दिया गया है और केवल 6 किलोमीटर ही बचा है। बचा हुआ कार्य पूरा करने के लिए इस समय लगभग 2,000 लोग काम कर रहे हैं। इसलिए साल के अंत तक पूरी तरह से ब्लैकटॉप होने की भी उम्मीद है।